




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 195

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

सोमवार | 29 अप्रैल, 2024




योगी ने आंवला लोकसभा के मतदाताओं से की अपील, आमजन की आवाज उठाने धर्मेंद्र कश्यप को फिर से भेजें 'दिल्ली'

# कांग्रेस-सपा ऐसे तड़प रही है, जैसे बिन पानी मछली तड़पती है: योगी

**सीएम ने कहा कि माफिया अब गले में तख्ती डालकर ठेला लगा रहे, इन्हें मेहनत करना सिखाओ वरना नौजवानों के हाथों में तमंचा दे देंगे**

- सीएम ने जनता से पूछा-सपा-कांग्रेस के लोग क्या माफिया से निपट पाएंगे, आंवला के लोगों ने कहा-नहीं
- सीएम योगी ने सपा-बसपा और कांग्रेस से पूछे दस सवाल
- बोले, सपा परिवार में महाभारत के सभी पात्र मिल जाएंगे

**जन एक्सप्रेस | आंवला**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सुभाष इंटर कॉलेज ग्राउंड में जनसभा कर आंवला लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से संवाद किया। सीएम ने इस सीट से सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को पुन: दिल्ली में भेजने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंवला के ऐतिहासिक महत्व से अपना संवाद शुरू किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष में बदले भारत की तस्वीर रखी तो विपक्षियों के इंडी गठबंधन पर भी करारा प्रहार किया। सीएम ने कहा कि सत्ता से वंचित होने के बाद सपा-कांग्रेस, बसपा के लोग ऐसे तड़प रहे हैं, जैसे बिन पानी मछली तड़पती है।



### सीएम ने कांग्रेस, सपा-बसपा से पूछे दस सवाल

सीएम ने कहा कि कभी यक्ष ने धर्मराज युधिष्ठिर से 100 प्रश्न पूछे थे। हम सपा, बसपा व कांग्रेस से 10 प्रश्न पूछना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस को 60-65 वर्ष, सपा-बसपा ने प्रदेश में तीन से चार बार शासन किया, फिर भी इन्होंने समस्याएं पैदा कीं। हम पूछना चाहते हैं कि देश के सामने पहचान, सुरक्षा का संकट पैदा करने वाले कौन हैं। देश को विकास से वंचित करने, भूखमरी से हुई मौतों का दोषी कौन, अन्नदाता किसानों की मौत का जिम्मेदार कौन, सपा-बसपा व कांग्रेस सरकार में तुष्टिकरण की घातक नीति के कारण हुए दंगे, निर्दोषों की मौत और व्यापारियों के नुकसान का दोषी कौन, भ्रष्टाचार के कारण भारत के बाधित विकास का दोषी कौन, बेरोजगारी के कारण 2014 के पहले पलायन करने वाले नौजवानों के जीवन से खिलवाड़ करने का दोषी कौन, बिजली-पानी से जनता को वंचित करने का दोषी कौन। इतने दशकों तक शासन करने के बाद भी कांग्रेस, सपा व बसपा ने आस्था से खिलवाड़ किया, इसका दोषी कौन है।

### माफिया से यह लोग नहीं निपट पाएंगे

सीएम ने विपक्षियों को घेरते हुए जनता से पूछा कि क्या यह लोग माफिया से निपटने का काम कर पाएंगे, जवाब मिला-नहीं। सीएम ने कहा कि यह लोग दंगाइयों व माफिया को गले का हार बनाकर घूमते थे। भाजपा सरकार है कि माफिया गले में तख्ती लगाकर घूम रहा है कि साहब, एक बार जान बख्श दो। माफिया को मेहनत करना सिखाओ, वरना कमजोरों को तबाह, नौजवानों को तमंचा देंगे, लेकिन हमें उसके हाथ में टैबलेट देना है। हमें व्यापारी से रंगदारी वसूली करने वाले नहीं, स्वनिधि देने वाली सरकार चाहिए। स्वामित्व योजना में मालिकाना हक देने वाली सरकार चाहिए।

### जाति के सौदागरों को जनता से कोई मतलब नहीं

सीएम ने कहा कि जाति के सौदागर जाति के नाम पर आपके बीच आएंगे। वे परिवार का पेट भरेंगे, उन्हें जनता से कोई मतलब नहीं। बाबा साहेब ने संविधान बनाते समय कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, आरक्षण का लाभ अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति को मिलेगा, लेकिन कांग्रेस की इस पर बुरी दृष्टि है। आप इन्हें हिंदुओं के हक पर डकैती डालने की छूट न दीजिए। इनकी कुदृष्टि आपकी संपत्ति पर है। यह सर्वे कराकर विरासत टैक्स लगाएंगे यानी आपकी आधी संपत्ति पर कांग्रेस व सपा की नजर है। इनकी मंशा स्वीकार नहीं होने देना है।

### अपील: जो देश के साथ, आप उसके साथ रहें

सीएम ने आह्वान किया कि मोदी ने देश को सुरक्षा व विकास का विजन दिया है। सुरक्षा की गारंटी केवल भाजपा ही दे सकती है। किसी के बहकावे में न आएं, जो देश के साथ है-आप उसके साथ रहें। देश, सुरक्षा व वोट आपका है तो सरकार भी आपकी होनी चाहिए। देश से बढ़कर कोई भी नहीं है। देशहित में ही हमारा हित है, इसलिए पहला काम मतदान। देशहित के विकास, सुरक्षा, सनातन आस्था का सम्मान करने वाली सरकार चाहिए, जो केवल भाजपा ही देगी। उन्होंने अपील की कि हमें राष्ट्रवादी मिशन के साथ आगे बढ़ते हुए मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देना है। इस अवसर पर आंवला से विधायक और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक श्याम बिहारी लाल, राघवेंद्र शर्मा, राजीव सिंह, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य आदि मौजूद रहे।

### माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने वालों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं

सीएम ने कहा कि मुलायम सिंह की मृत्यु पर हम लोग लखनऊ व सैफई गए थे, लेकिन उप्र के विकास व रामजन्म भूमि के लिए कल्याण सिंह का जीवन समर्पित रहा। सपा के मुख से उनके लिए संवेदना के एक भी शब्द नहीं फूटे, लेकिन यह लोग माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ने गए थे। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं है। सपा ने एक ही परिवार को टिकट बांट दिए। परिवार के बाहर उनकी सोच नहीं है। सहारा जाति का लेंगे, लेकिन घूम-फिर कर परिवार में ही आएंगे।

### देश-प्रदेश को दंगों की आग में झोकना चाहती है कांग्रेस-सपा

सीएम ने कहा कि कांग्रेस व सपा देश-प्रदेश को दंगों की आग में झोकना चाहती है। यह लोग विकास में बैरियर हैं। देश के विकास में किसी को बैरियर नहीं बनने देना है। कांग्रेस चाहती तो आजादी के तत्काल बाद राम जन्मभूमि के निर्माण का कार्य प्रशस्त हो गया होता, लेकिन यह राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते रहे। हमारे आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण जुटाने पड़े, लेकिन सच कोई झूठला नहीं सकता। आखिरकार मंदिर बना और राम जी अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हुए।

# जंगलों की आग से झुलस गए पहाड़, चारों तरफ धुआं



- प्रदेश में 24 घंटे में 23 जगहों पर जंगलों में आग लगी है इसमें 16 जगहों पर कुमाऊं में वनाग्नि की घटनाएं हुईं हैं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हल्द्वानी**

गर्मी बढ़ने के साथ ही कुमाऊं के जंगलों में आग बेकाबू होने लगी है। नैनीताल के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद लेनी पड़ी। पाइंस की आग हाईकोर्ट के आवासीय परिसर तक पहुंच गई थी, जिस पर काबू पा लिया गया है। पिछले एक हफ्ते के दौरान जंगलों में आग लगने की 225 घटनाएं हुई, जिसमें 288 हेक्टेअर वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। बागेश्वर में तो जंगल की आग ने काफलीगैर मैग्नेसाइट फैक्टरी के माइंस कार्यालय को चष्ट में ले लिया, जिसमें 12 कमरे और मशीनें, कंप्यूटर तक जल गए। वनाधिकारियों के अनुसार कुमाऊं में नैनीताल और चंपावत जिला वनाग्नि की दृष्टि से बेहद संवेदनशील बना हुआ है। प्रदेश में 24 घंटे में 23 जगहों पर जंगलों में आग लगी है। इसमें 16 जगहों पर कुमाऊं में वनाग्नि की घटनाएं हुईं हैं। पूरे प्रदेश में 24 घंटे में करीब 35 हेक्टेयर जंगल वनाग्नि की भेंट चढ़ चुके हैं। स्थिति इस कदर बिगड़ गई है कि नैनीताल जिले में जंगल की आग पर नियंत्रण के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की मदद ली गई है। हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी लेकर नैनीताल और उसके आसपास के वनाग्नि वाले क्षेत्रों में पानी गिराया है।

### टनकपुर में दो घर जले

टनकपुर (चंपावत) क्षेत्र के सैलानीगोठ नई बस्ती के पास जंगल और दोगाड़ी रेंज में दो जगह आग लग गई। बूम वन रेंज में हुए अग्निकांडों में गर्मी से फायर श्रमिक दीपक सिंह महर, वन रक्षक गंगा कुंवर, अक्षय कुमार और होशियार सिंह बेहोश हो गए जिनका प्राथमिक इलाज कराया गया। वनों में आग लगने से वन्यजीव आबादी की ओर आ रहे हैं। बंगापानी बाजार के पास घुरड़ देखे गए।

### ऑक्सीजन प्लांट जला

सल्ट अल्मोड़ा के सीएचसी देवालय में जंगल की आग से ऑक्सीजन प्लांट और कार्यालय में रखे दस्तावेज जल गए। मौके पर न फायर ब्रिगेड पहुंची न वन विभाग की टीम। स्वास्थ्य कर्मियों ने किसी तरह आग को बुझाया। आग बुझाने में पानी के सारे टैंक खाली हो गए। जंगलों की आग सड़क किनारे खड़े वाहनों को भी चपेट में ले रही है। बीते दिनों सल्ट में जंगल की आग से मतदान कर्मचारी की सड़क पर खड़ी बाइक जल गई थी। वहीं, नगर के टाटिक में जंगल की आग से कार जल गई थी।

### यातायात पर भी पड़ रहा असर

जंगलों में लग रही आग का असर यातायात पर पड़ने लगा है। अल्मोड़ा-बागेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलता हुआ चीड़ का पेड़ टूटकर गिरने से यातायात बाधित हो गया। कटर मशीनों की मदद से पेड़ को काटकर यातायात सुचारु करवाया गया।

### वन्यजीवों को भी नुकसान

लोहाघाट (चंपावत) के ग्राम सभा पाटन पाटनी के जमरया खोला के जंगलों में भीषण आग से वन संपदा और वन्यजीवों को भारी नुकसान पहुंचा है। ब्लाक के शंखपाल, चंदा वन के जंगलों में देर रात तक आग लगी रही। आग लगने से बांज, बुरांश, फल्यांठ के पेड़-पौधे जलकर नष्ट हो गए। चंपावत जिले के कोट अमोड़ी के नाप खेतों में आग से क्षेत्र में धुआं ही धुआं फैल गया।

## गैस लीकेज से किचन में लगी आग, तेज धमाके से सिलेंडर फटा, ढहा मकान

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

चौक में शिया पीजी कॉलेज के पास सुबह घर में खाना बनाते समय अचानक गैस लीक होने से आग लग गई। घर वाले जब तक कुछ समझ पाते तभी अचानक एलपीजी सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। हादसे में पूरा घर ढह गया। मकान के नीचे दबने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी को ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां सबकी हालत गंभीर बनी हुई है। रजाबाजार रोड पर यह मकान गुलाब कश्यप का है। मकान में वह अपने परिवार व चाचा और ताऊ के साथ रहते है। रविवार सुबह गुलाब के घर की महिलाएं किचन में खाना बना रही थीं। तभी सिलेंडर से गैस पाइप निकल गया और आग लग गई। घर वाले जबतक बाहर निकल पाते तभी तेज धमाके के सिलेंडर फट गया। हादसे में पूरा मकान ध्वस्त हो गया।

# देशभर में लू का कहर

**बंगाल में रेड तो बिहार समेत कई राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देशभर में बढ़ती गर्मी और लू से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उसके पार तक जा रहा है। लू को लेकर भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने ओडिशा और पश्चिम बंगाल में रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि बिहार और झारखंड के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले कई दिनों तक गर्म हवाओं का प्रकोप रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, गर्म और उमस भरे मौसम के कारण बंगाल और ओडिशा में दिन के अधिकतम तापमान में और वृद्धि की संभावना है। वहीं, लू के चलते लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी। बढ़ती गर्मी और हीटवेव को लेकर भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा, ओडिशा में भी लू से बिगड़ते हालातों का सामना करना पड़ रहा है। यहां कुछ दिनों तक ऐसे ही हालात रहने वाले हैं। इसलिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

### उत्तर प्रदेश के लिए अलर्ट

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तरी हिस्सों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। यहां भी लू से लोग परेशान रह सकते हैं।

### कई जगहों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार

कई ऐसे स्थान हैं, जिनका तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है। पश्चिम बर्धमान जिले के पानागढ़ में शनिवार को पश्चिम बंगाल का अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोलकाता में दिन का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**रिपोर्ट** अब तो स्वयंभू प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे 67 साल के भी हो गए, आखिर कब छोड़ेंगे कुर्सी

# क्या प्रदीप दुबे मायावी हैं, या पूरे सिस्टम को मार गया है लकवा?


**जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा**

***आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना के अनुसार 1 जनवरी 2016 से 16 अगस्त 2023 तक सिर्फ चार वरिष्ठ अधिकारियों को सेवा विस्तार और दोबारा काम करने का मौका दिया गया, इनमें प्रदीप दुबे का नाम नहीं***



**लखनऊ।** अब तो यही लगता है कि स्वयंभू प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे मायावी हैं। साथ ही, प्रदेश के शासन, राज भवन और केंद्र सरकार की कार्यशाली तक को लकवा मार गया है। सवाल उठना इसलिए लाजमी है क्योंकि प्रदीप कुमार दुबे बिना किसी सेवा विस्तार अभी तक प्रमुख सचिव विधानसभा की कुर्सी पर बैठे हुए हैं। वह भी तब जबकि आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना से मिले जवाब के तहत अप्रैल 2022 से यह पद खाली है। यही नहीं, 2016 से 2023 तक जिन अधिकारियों को सेवा विस्तार या पुनर्नियुक्ति मिली है उन में भी प्रदीप दुबे का नाम नहीं है। तो क्या देश और प्रदेश में कोई भी व्यक्ति किसी भी संवैधानिक पद पर मनमाने समय तक बैठा रह सकता है। क्या उत्तर प्रदेश शासन, राजभवन या केंद्र सरकार का कोई नियम, उत्तरदायित्व और हस्तक्षेप नहीं है। या फिर प्रदीप दुबे मायावी है जिनकी करतूत जिम्मेदारों को दिखाई नहीं देती और या पूरे सिस्टम को लकवा मार गया है।

- सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना पर अप्रैल 2022 से रिक्त है प्रमुख सचिव विधानसभा का पद
- प्रदीप दुबे की विधिवत नियुक्ति और सेवा विस्तार हुआ भी होता तब भी वह पद पर रहने की अधिकतम उम्र पूरी कर चुके हैं



Signed by Ajeet Kumar Sharma
Date: 13-10-2022
Reason: Approved



### परिजनों और चहेतों को बांटते रहे नौकरी

प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे और प्रमुख सचिव विधान परिषद राजेश सिंह ने विधानसभा और विधान परिषद में रेवड़ियों की तरह नौकरियां बांटी। राजेश सिंह ने अपने बेटे को विधानसभा में नियुक्ति दिला दी तो प्रदीप दुबे ने अपने दो भांजों को विधान परिषद में नौकरी दिला दी। यह तो बानगी भर है। कितने ही अपात्र लोगों को नियम विरुद्ध नौकरी देकर इन दोनों अधिकारियों ने प्रतिभाशाली और जरूरतमंद युवाओं के साथ अन्याय किया है।


### इन अधिकारियों को मिला था सेवा विस्तार या दोबारा नियुक्ति

उत्तर प्रदेश शासन के नियुक्ति विभाग के अनुभाग अधिकारी और जन सूचना अधिकारी आलोक कुमार पांडेय की ओर से दिए गए जवाब में इस कालखंड में बतौर मुख्य सचिव डॉ.अनूप चंद्र पांडेय और दुर्गा शंकर मिश्र को सेवा विस्तार मिला। वहीं,दो अन्य आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी और अरविंद कुमार को रिटायरमेंट के बाद दोबारा नियुक्ति मिली।

### 2016 से 2023 तक प्रदीप दुबे को कोई सेवा विस्तार नहीं मिला

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. संदीप पहल ने सूचना के अधिकार के तहत उत्तर प्रदेश शासन से पूछा था कि 1 जनवरी 2016 से 16 अगस्त 2023 तक उत्तर प्रदेश में किन-किन मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव को सेवा विस्तार और दोबारा नियुक्ति मिली। उल्लेखनीय है कि प्रदीप दुबे प्रमुख सचिव के पद पर रिटायरमेंट के बाद भी आसीन हैं। जाहिर है कि इन्हें सेवा विस्तार या दोबारा नियुक्ति शासन के किसी आदेश पर ही मिली होगी। लेकिन डॉ. पहल के द्वारा मांगी गई सूचना पर शासन से जो जवाब आया उसने आशंकाओं और सूचनाओं पर मोहर लगा दी। 1 जनवरी 2016 से 16 अगस्त 2023 तक प्रदीप दुबे को ना तो सेवा विस्तार मिला है और ना दोबारा नियुक्ति।

### 15 अप्रैल 2024 को 67 साल के हो गए प्रदीप दुबे



विधानसभा की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे 15 अप्रैल 2024 को 67 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके हैं। विधानसभा की वेबसाइट के अनुसार प्रदीप दुबे का जन्म जिला इटावा में 15 अप्रैल 1957 को हुआ था। अगर उनकी विधिवत नियुक्ति हुई भी होती तब भी नियम अनुसार सभी सेवा विस्तार लेने के बाद भी इस उम्र के बाद कोई भी व्यक्ति इस पद पर नहीं रह सकता। प्रदीप दुबे को तो खैर सेवा विस्तार मिला ही नहीं है।

# पाठा के लिए सांसद ने क्या किया? अगर विकास किया तो हिसाब-किताब का दें ब्यौरा!

**❋ विकास तो दूर की बात जनहित से जुड़े कभी दौरे भी नहीं किए, शिवाय निमंत्रण के**

जन एक्सप्रेस। सचिन वन्दन

चित्रकूट। लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे -जैसे नजदीक आ रही है वैसे ही सियासी पारा भी चढ रहा है। पाठा का मतदाता विकास के मुद्दों पर वोट करने का ऐलान कर दिया है। साथ ही पांच साल मे किए गए विकास कार्यों का व्यौरा भी मांग रहे हैं। पाठावासी कह रहे हैं अगर सांसद जी ने हमारे क्षेत्र में कुछ विकास कार्य किया है तो उसका व्यौरा सार्वजनिक करें। विकास की बात तो दूर क्षेत्र में जनहित कार्यों को लेकर सांसद ने कितने दौरे किये हैं, कृपया बताएं ? यह सच है कि, चुनाव के बाद क्षेत्र मे झांकने तक नहीं आए। कार्यकाल मे पाठा के विकास के लिए कोई निधि नहीं दी है। पाठा के युवा रामकेश, मोहन, चमन आदि कहते हैं,चुनाव जीतने के बाद सांसद जी इस क्षेत्र की ओर मुड़कर भी नहीं देखा है। पाठा में कोई उद्योग-धंधे न होने के कारण 70 फीसदी यहां की आबादी पलायन कर जाती है। क्षेत्र को उद्योग-धंधों की जरुरत है, बेरोजगारी दूर करने की दिशा में जनप्रतिनिधियों ने कुछ भी काम नहीं किया है। विकास तो दूर की बात है जनहित से जुडे दौरे भी नहीं किए, सिवाय निमंत्रण के।



### रेलवे से जुड़ी समस्याओं का नहीं हुआ समाधान

बाँदा-चित्रकूट का सांसद रेलवे बोर्ड का सदस्य होता है। वह रेलवे से जुड़ी समस्याओं को और अधिक मजबूती के साथ उठा सकता है, लेकिन रेलवे की समस्याओं पर भी ध्यान नहीं दिया। मानिकपुर-सतना (झरी) मानिकपुर-झाँसी, टिकरिया, मारकुण्डी आदि रेलवे फाटक में ओवर और अंडर ब्रिज न बनने से लोगों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। उक्त रेलवे फाटकों में समय की बर्बादी होने के साथ आपातकाल में लोगों को जूझना पड़ता है। इसके साथ ही टिकरिया, मारकुंडी, बारामाफी, पनहाई, कटैयाडंडी, बरगढ़ आदि रेलवे स्टेशनों मे यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। मारकुंडी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक दो की ओर बना रेलवे मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है।

### हमें ऐसा नेता चाहिए

- जनता को रोजगार दे।
- क्षेत्र को पिछड़ेपन से उबारे।
- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराए।
- पेयजल संकट से निजात दिलाए।
- किसानों के लिए सिंचाई का साधन उपलब्ध कराए।
- क्षेत्र मे यातायात की सुगम व्यवस्था कराए।
- बिजली, स्वास्थ्य आदि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए।

### आइए जानें भाजपा प्रत्याशी का कमजोर और मजबूत पक्ष

- **कमजोर पक्ष** - ग्रामीणों के आवागमन के लिए रास्ता न बनाकर खुद के खेत जाने के लिए पक्की सड़क बनवाने वाला
- **कमजोर पक्ष**- बहुप्रतीक्षित चमरौहा पुल का निर्माण न होना
- **कमजोर पक्ष** - सरकारी अमृत सरोवर पर कब्ज़ा करना
- **कमजोर पक्ष** - अवैध बालू परिवहन करने वाला
- **कमजोर पक्ष** - ढाबे में गुंडागर्दी करना
- **कमजोर पक्ष** - ट्रैफिक चौराहा कर्वी में खुलेआम गलिगलौज और गुंडई का वायरल वीडियो
- **मजबूत पक्ष** - मोदी और योगी के नाम पर वोट हासिल करेंगे

### सोशल मीडिया में वायरल हो रहे नारे

सोशल मीडिया मे किसी प्रत्याशी के पक्ष मे तो किसी के विपक्ष मे खूब नारे वायरल हो रहे हैं। 'मोदी-योगी से बैर नहीं.. तेरी खैर नहीं' 'जय गणेश तय मयंक' आदि नारे सोशल मीडिया मे खूब वायरल हो रहे हैं।

### जनता ने खूब मौका दिया, नहीं बदली क्षेत्र की तस्वीर

बेरोजगारी और पलायन को लेकर सांसद आर के पटेल द्वारा कभी भी सदन में मुद्दा नहीं उठाया गया। जबकि इस क्षेत्र से दो बार सांसद और दो बार विधायक होने के साथ मंत्री भी रह चुके हैं, फ़िर भी क्षेत्र को पिछड़ेपन से उबारने के कोई प्रयास नहीं किये गए हैं। पाठा में दशकों से पेयजल समस्या बरकरार है, इस समस्या को दूर करने की कोई पहल नहीं गई। कहने का मतलब जनता ने तो खूब मौका दिया, लेकिन क्षेत्र का भला करने के बजाय खुद का खूब विकास किया। जनता को बेवकूफ बनाकर बार-बार जनप्रतिनिधि की कुर्सी हासिल करने की आदत पड़ गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** बीती 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती थी। इसी दौरान महिला चंद्रकली पत्नी राम प्रकाश निवासी जालौन रोड उरई अंबेडकर जयंती के दौरान रैली में जा रही थी। इसी दौरान बदमाश ने उनके गले से चेन खींच ली और भाग गया। जब उसको इसकी जानकारी हुई तो उसने शोर मचाया लेकिन तब तक बदमाश भाग गया। उसके बाद उसने कोतवाली पुलिस को इसकी जानकारी दी। बताया कि वह रैली में जा रही थी, इसी दौरान उसके गले में पड़ी सोने की चैन बदमाश ले गया। इस पर कोतवाली पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं कि इसके बाद उसने आला अधिकारियों को इसकी सूचना दी। तब कहीं एक सप्ताह बीत जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने बदमाश के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस पर शहर वासियों में कोतवाली पुलिस के लिए तरह-तरह के सवालिया निशान उठ रहे है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 38 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। कोतवाली कर्वी उप निरीक्षक राहुल सिंह तथा उनकी टीम द्वारा भइयालाल यादव निवासी गढीवा को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी प्रकार राजापुर थाना के उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार सिंह तथा उनके हमराही द्वारा मुन्ना सिंह उर्फ हेमराज निवासी बरुआ को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### सड़क हादसे में ऑटो सवार किशोर की मौत, घायल

**जन एक्सप्रेस/कौशांबी।** नगर कोतवाली के गौसपुर टिकरी के पास शुक्रवार की आधी रात किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो सवार किशोर की मौत हो गई। हादसे में ऑटो चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती टेवां गांव निवासी महेश रैदास का बेटा पवन (20) ऑटो ड्राइवर है। शुक्रवार की रात तकरीबन 12 बजे वह अपने पड़ोसी दोस्त सत्यम (16) पुत्र लवकुश रैदास को ऑटो में बैठाकर ओसा चौराहे से घर जा रहा था। रास्ते में गौसपुर टिकरी स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास सामने से आए किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसकी ऑटो में टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने से ऑटो सवार सत्यम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में ऑटो चालक पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस व परिजनों को सूचना देने के साथ ही एंबुलेंस की मदद से घायल पवन को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में भर्ती पवन की हालत गंभीर बनी हुई है। इंस्पेक्टर संतोष शर्मा ने बताया कि पवन के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सूचना

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय पारिवारिक न्यायालय, रायबरेली**

**मूलवाद सं0-1631 सन् 2023**

श्रीमती रूपा शुक्ला उम्र 30 वर्ष पत्नी विजय प्रकाश पाण्डेय पुत्री स्व0 विद्याकान्त शुक्ला वर्तमान निवासिनी-रिजर्व पुलिस लाइन, थाना कोतवाली नगर, जिला रायबरेली

**...वादिनी**

**बनाम**

विजय प्रकाश पाण्डेय उम्र 32 वर्ष पुत्र प्रेमनारायण पाण्डेय निवासी नई बस्ती रंगपुरा, साकेत नगर, थाना सोरांव जनपद प्रयागराज वर्तमान निवासी रामपुरा फाफामऊ, थाना व जिला प्रयागराज

**...प्रतिवादी**

चूंकि उपरोक्त वाद में श्रीमती रूपा शुक्ला ने दावा इस न्यायालय में अं0धारा-13 हि0वि0अधि0 के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है। जिसमें आपको सम्मन किया जाता है कि आप दिनांक **08.05.2024** को समय प्रातः 8 बजे न्यायालय में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब को दे सकने में सक्षम हो, न्यायालय में उपस्थित हो।

अतः आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते हैं तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि-03.04.2024

**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय रायबरेली**

# लीलाओं का श्रवण कर जो लीन एवं तल्लीन हो जाए उसी का नाम है श्रीकृष्ण लीला: दीक्षित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



ईश्वर केवल भाव के वश में हैं। वह भक्तों का भाव प्रेम ही देखकर द्रवित हो जाते हैं। परमात्मा निराकार, निर्गुण होकर भी भक्तों के लिए सगुण साकार रूप में अनेकों स्वरूप धारण कर धर्म की रक्षा के लिए प्रकट होते हैं।

धर्मनगरी के खोही स्थित भागवत पीठ में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चैथे दिन आचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि भक्त अगर दो हाथों से बुलाता है तो प्रभु चतुर्भुज रूप में आते हैं। चार वेद, वर्ण, आश्रम, सम्प्रदाय एवं विप्र, धेनु, सुर, संतो के लिए ही भगवान चतुर्भुज रूप में आकर कहते हैं, हे जीव चिंता न करो मै तुम्हारी इन चारो हाथों से रक्षा करूंगा। जो कार्य ईश्वर का अनेक रूपों में संभव नहीं होता वह कार्य एवं अनेक वरदानों को पूर्ण करने के लिए द्वापर के अंत में लीला पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण आकर उन वरदानों को पूर्ण कर वह यशोदा नंदन सब कुछ करने में समर्थ, लेकिन उस कार्य का यश स्वयंमेव श्रीकृष्ण अपने ग्वालो, राधा एवं ब्रजवासियों को प्रदान करते हैं। यही तो उस परमात्मा की विचित्र लीलाएं हैं। श्रीकृष्ण लीलाओं का श्रवण कर जो लीन एवं तल्लीन हो जाए, अपने सहज स्वरूप को प्राप्त हो जाए उसी का नाम श्रीकृष्ण लीला है। ईश्वर की संपूर्ण लीलाएं जो तन्मयता से प्रदान करती है। ब्रह्म सुख आनंद जो स्थापित करे वहीं प्रभु कथा है। उन्होंने श्रीराम जन्मोत्सव का दर्शन कराते हुए बताया कि जब जीवन में मर्यादा आएगी तभी श्रीकृष्ण कथा को श्रवण कर ईश्वर के नाम, रूप, लीला, धाम का सहज आनंद प्राप्त कर सकते हैं।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बधाईयों की धूम में संपूर्ण पांडाल श्रीकृष्णमय हो गया। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की गीत पर श्रोता झूम उठे।

### भाजपा के बूथ अध्यक्षों का हुआ सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** लोकसभा के चल रहे चुनाव को मद्देनजर रखते हुए विधानसभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें कालपी विधानसभा से सैकड़ो की संख्या में बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया। भाजपा के शह प्रभारी संजीव चौरसिया के मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित की अध्यक्षता में कालपी विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें पूरी विधानसभा के सैकड़ों वूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए। सभी बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने वूथो की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा अपने अपने बूथ जीतने के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान कराए जाने की अपील की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से बृजभूषण सिंह, शंभू दयाल अहिरवार, नरेंद्र सिंह जादौन, अरुण मेहरोत्रा, छोटे सिंह चौहान, घनश्याम अनुरागी, संतराम सिंह, रामजी राजावत, भारत सिंह यादव सहित सैकड़ो की संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एण्टी रोमियो टीमों ने भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति किया आश्वस्त

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान-4 के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों शक्ति दीदी द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया। मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी अभियान के तहत शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया। महिलाओं, बालिकाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के सार्वजनिक स्थलों चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया। साथ ही महिला, बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएं यूपी 112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा, सहायता के लिए एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है। साथ ही समय से उनका निस्तारण किया जाता है। साथ ही मौजूद महिलाओं, बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं, बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने क्षेत्र में कार्य करने, शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया। इसी क्रम में महिलाओं, बालिकाओं को जनपद में गठित एंटी रोमियो स्क्वायड के बारे में अवगत कराया गया।

# श्रमदान कर पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन्स में की गयी साफ-सफाई



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारी द्वारा पुलिस कार्यालय में श्रमदान किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्वयं एवं कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अपने शाखा, कार्यालय की साफ-सफाई की। साथ ही कार्यालय परिसर में लगे पौधों की निराई-गुडाई कर पौधों एवं वृक्षों की सिंचाई की गयी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने एवं स्वच्छ रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी क्रम में प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण के नेतृत्व में पुलिस लाइन्स परिसर में अभियोजन कार्यालय, न्यायालय सुरक्षा, सदर मालखाना, लॉक-अप, परिवहन शाखा एवं पुलिस लाइन्स में नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी।

# व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी एवं कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**❋ विज्ञापन और पेड न्यूज की करें निगरानी**

जन एक्सप्रेस। उरई




लोकसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक विवेकानंद ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित एमसीएमसी व कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक द्वारा लोकसभा सामान्य निर्चाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराने के लिए निर्देश दिए गए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सोशल मीडिया प्लेटफार्म के लिए गठित टीम सोशल मीडिया की सतत निगरानी करे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भ्रामक, भड़काऊ एवं कोई असत्य घटना प्राप्त होती है तो तत्काल उसे उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए। उन्होंने सह प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ से दूरभाष एवं सी विजिल पर प्राप्त शिकायतों के किए गए निस्तारण की जानकारी ली। व्यय प्रेक्षक को जानकारी देते हुए बताया कि अब तक सी-विजिल ऐप पर 13 शिकायत प्राप्त हुई है, जिसका समय अंतर्गत निस्तारण किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि समिति की ओर से निरंतर समाचार पत्रों, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक चैनलों पर पेड न्यूज और विज्ञापनों की सतत निगरानी की जा रही है। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तिखार अहमद, ई-डिस्टिक मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह, सहित एमसीएमसी, शिकायत प्रकोष्ठ टीम व कंट्रोल रूम पर तैनात प्रतिनिधि एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है श्रीमद्भागवत: बालकृष्ण भार्गव

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला मुख्यालय के एसडीएम कालोनी में चल रही श्रीमद्भागवत के पाँचवे दिन प्रयागराज से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य बालकृष्ण भार्गव महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं का सुन्दर चित्रण किया।

कथा के माध्यम से कथा वाचक ने भक्तों को बताया कि श्रीमद्भागवत कथा कल्पवृक्ष है। इसमे से जो जिसके योग्य है वह अपने लिए उस स्तर का ज्ञान ले सकता है। जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने कालीया नाग का उद्धार करके यमुना को स्वच्छ किया। कहने का तात्पर्य आज की सबसे बडी समस्या है जल का अभाव। भगवान ने जल संरक्षण का संदेश दिया। आजकल जल स्तर दिनोदिन इतना नीचे जा रहा है कि आगे आने वाली पीढी पानी के लिए तरसेगी। फलो में एक असुर धेनुकासुर का उद्धार करके वन संरक्षण का संदेश दिया। तृणावर्त रूपी असुर का संघार करके भगवान ने वायु को स्वच्छ किया। गोवर्धन पर्वत को उठाकर भगवान ने पर्वतों का संरक्षण किया, जो आजकल अत्यधिक खनन के कारण लुप्त हो रहे हैं। हमारे जीवन के महत्वपूर्ण तत्व भूमि, जल, वायु, आकाश और अग्नि इनके बिना मानव जीवन संभव नही है, परन्तु यह मानव अपने निजी सुख की तलाश में इन पांचों तत्वों को दूषित कर दिया। जिससे आने वाली पीढिया संकट में रहेंगी।

इस मौके पर आयोजक अशोक कुमार पांडेय, प्रदीप शुक्ला नेता, वेदप्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद पर चयनित होकर ऋषभ ने बढ़ाया जिले का गौरव

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला मुख्यालय के तरौहां मोहल्ले के निवासी ऋषभ करवरिया भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद पर चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। तरौंहा निवासी नीरज करवरिया के बड़े पुत्र ऋषभ करवरिया को भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर के पद के लिए हुई परीक्षा में सफलता मिली है। वर्तमान समय में हमीरपुर में पुलिस के मुख्य आरक्षी पद पर कार्यरत नीरज करवरिया एवं सीता देवी के पुत्र ऋषभ ने हाईस्कूल और इण्टर की परीक्षा संत थामस स्कूल बेड़ी पुलिया से पास करने के बाद तैयारी शुरू की शुरू की थी। जिसमें दूसरे प्रयास में उन्हें सफलता हासिल हुई है। परीक्षा परीणाम आने के बाद पूरे परिवार में प्रसन्नता का माहौल बना हुआ है। ऋषभ के पिता नीरज करवरिया ने बताया कि उनके परिवार के कई लोग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। पूरे जिले में सर्वाधिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी करवरिया परिवार से ही हैं। आज भी उनके परिवार का पहला उद्देश्य देश की सेवा करना हैं। उनके लिए यह प्रसन्नता का बात है कि बेटा भारतीय वायु सेना के माध्यम से देश की सेवा करेगा।

### बसपा की रैली में रुपये बांटने वालों में अर्थशास्त्र के प्रवक्ता भी, प्रबंधक ने डीआईओएस से की शिकायत

**जन एक्सप्रेस/कौशांबी।** जनसभा के दौरान रुपये बांटने की जानकारी के बाद फ्लाइंग स्क्वाड के सदस्य सूबेदार यादव ने संदीपन घाट थाने में बसपा जिलाध्यक्ष महेश चौधरी, रत्नेश व विजय प्रकाश समेत चार अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि विजय प्रकाश संदिग्ध गतिविधियों में हमेशा लिप्त रहते हैं। बसपा प्रत्याशी के पक्ष में शुक्रवार को राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने मूरतगंज में जनसभा की थी। इस दौरान रैली में आए लोगों को रुपये देने का वीडियो वायरल हुआ। प्रकरण को लेकर संदीपन घाट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। जिन लोगों पर मुकदमा दर्ज है, उनमें दिलीप सिंह इंटर कॉलेज बाकरगंज में तैनात अर्थशास्त्र के प्रवक्ता विजय प्रकाश भी हैं। कॉलेज के प्रबंधक ने प्रकरण की शिकायत डीआईओएस से की है।

# भूमि विवाद में लाठी-डंडे से पीटकर मूक-बधिर महिला की हत्या, आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

सोरांव थाना क्षेत्र के तवकलपुर खरगापुर गांव के रहने वाले बच्चा लाल के दरवाजे पर स्थित तकरीबन दो धूर जमीन पर पड़ोस के रहने वाले दबंग किस्म के राम अवतार व अंकित आदि ने दबंगई के बल पर जबरन कब्जा करने लगे।

इलाके के तवकलपुर खरगापुर गांव में जमीनी विवाद के चलते पिछले दो-तीन दिनों से दो पक्षों में कहासुनी और विवाद चल रहा था। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने मामले की सूचना सोरांव पुलिस को दिया था। पुलिसिया कार्रवाई न होने के चलते रविवार को दोनों पक्षों में कहासुनी के दौरान लाठी डंडे चलने के साथ ही जमकर खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें गंभीर रूप से घायल 40 वर्षीय प्रेमलता मुकबधिर महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के परिजनों की तहरीर पर सोरांव पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

सोरांव थाना क्षेत्र के तवकलपुर खरगापुर गांव के रहने वाले बच्चा लाल के दरवाजे पर स्थित तकरीबन दो धूर जमीन पर पड़ोस के रहने वाले दबंग किस्म के राम अवतार व अंकित आदि ने दबंगई के बल पर जबरन कब्जा करने लगे। जिसे लेकर पिछले दो-तीन दिनों से दोनों पक्षों में तनाव चल रहा था। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को लोगों ने दिया था। लोगों की मानें तो अत्यधिक तनाव होने के बावजूद भी पुलिस किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं कि थी।

आरोप है कि दबंगों द्वारा रविवार को बच्चा लाल के घर के सामने की जमीन पर जबरन कब्जा किया जाने लगा। यह देख जब भुक्तभोगी बच्चा लाल व उसके परिजन विरोध करने लगे तो उक्त दबंग किस्म के तकरीबन आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडे तमंचा से लैस होकर हमला बोल दिया। जिसके चलते बच्चा लाल यादव की पत्नी प्रेमलता 40 वर्ष (मूक-बधिर) सुनीता देवी, दीपक यादव, राम पुकार, सुभाष चंद्र समेत आधा दर्जन लोगों की बेरहमी से पिटाई कर लहूलुहान कर दिया। जिससे प्रेमलता को गंभीर चोटे आने के कारण डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां ले जाते समय प्रेमलता की रास्ते में मौत हो गई। मामले को लेकर भुक्तभोगी मृतका का पति बच्चा लाल ने सोरांव थाने में राम अवतार, अंकित समेत करीब आधा दर्जन लोगों के खिलाफ तहरीर देते हुए विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर प्रेमलता की मौत की सूचना सुन परिजनों में कोहराम मच गया।

तवकलपुर खरगापुर गांव में जमीनी विवाद का मामला दो दिन पहले जब स्थानीय पुलिस के संज्ञान में आया था। तब बलपूर्वक जमीन कब्जा कर रहे दबंगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई पुलिस अगर की होती तो रविवार सुबह न ही विवाद होता, और न ही प्रेमलता की जान जाती।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | सोमवार | 29 अप्रैल 2024




**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पाँच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा दोपहर के समय धूल भरी आँधी और हवाओं की सामान्य से अधिक तेज चलने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.4 (+1.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 19.4 (-1.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 44 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 18 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# अखिलेश यादव ने दलितों पर भूतों से दर्ज करवाए थे मुकदमे, आज भी कानपुर कोर्ट के काट रहे चक्कर

- 307 के मुकदमे की दहशत से मर गए तीन गरीब, काकादेव थाने में 11 साल पहले लिखा गया था फर्जी मुकदमा
- दलितों की बस्ती थी उजाड़ी बिल्डर को पहुंचाया था लाभ







मेवालाल



जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** पूरे देश में लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं, वर्तमान समय की मोदी सरकार को विपक्षी दल दर्जनों आरोप लगाकर जनता से वोट मांग रहे हैं। अगर सबसे ज़्यादा बयान वीरों में शामिल नाम की बात करें तो उसमें सबसे पहला नाम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का है। अखिलेश खुद को पाक साफ बताते हुए जनता से यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी से संविधान को खतरा है। अखिलेश के साथ कांग्रेस के राहुल गांधी गठबंधन कर कई सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल का भी नारा है कि उनकी सरकार बनी तो वह गरीबी हटाएंगे, लेकिन समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके शायद उनका यह दावा चुनावी जुमला ही साबित होगा क्योंकि जग जाहिर है समाजवादी पार्टी जब-जब सत्ता में आई है उसने गरीबों को ही हटाने का काम किया है और माफियाओं को बसाकर जंगल राज कायम किया है। आज के अंक में जन एक्सप्रेस पाठकों को बताएगा कि कैसे समाजवादी पार्टी की सरकार जब उत्तर प्रदेश में थी तब अखिलेश यादव गरीब मजलूम दलितों को फर्जी मुकदमों में फंसा कर उनकी बस्तियों पर अपने आईपीएस अधिकारियों और सिस्टम से कब्जा करवा देते थे। उनकी सरकार में मुकदमे भूत दर्ज करवाते थे। मुकदमे ऐसे होते थे जिनमें भूत कभी कोर्ट आता नहीं और बुजुर्गों पर 307 जैसे गंभीर आरोप लगाकर उन्हें जेल भिजवाना अखिलेश यादव और उनकी पार्टी का काम था। कानपुर नगर में ऐसे ही फर्जी मुकदमे जो अखिलेश के भूतों ने दर्ज करवाए थे उनमें आज भी गरीब दलित मजलूम लोग न्याय पाने की आस में न्यायालय के चक्कर काट रहे हैं कई बुजुर्ग तो दहशत के मारे स्वर्ग सिधार गए। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला था। 10 मार्च 2012 को अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का नेता नियुक्त किया गया। 15 मार्च 2012 को, 38 वर्ष की आयु में, वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, जो यह पद संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे। लोगों को आशा थी कि वह प्रदेश का कल्याण करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ उन्होंने सबसे पहले प्रदेश में दलितों को निशाना बनाया कारण यह था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने गरीब, पिछड़े, दलित मजलूमों को मजबूत करने के लिए पट्टे, मकानों और जमीनों के आवंटन किए थे। लेकिन जैसे ही अखिलेश यादव की सरकार आई बिल्डरों माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए सबसे ज़्यादा निशाना दलित पिछड़े गरीबों की बस्ती को ही बनाया गया।

## कानपुर में दलित बस्ती पर आईपीएस अधिकारी से करवाया कब्जा

कानपुर नगर में थाना काकादेव क्षेत्र स्थित बिरहाना गीता नगर पड़ता है। यही कि बिराना मलिन बस्ती में रहने वाले कई दर्जन परिवारों को तत्कालीन की सरकार में मुख्यमंत्री रही मायावती की योजना के अंतर्गत पात्र मानते हुए मालिकाना हक के लिए चयनित किया गया था। लेकिन गरीबों को मालिकाना हक ना मिल पाए इसलिए कानपुर विकास प्राधिकरण में तैनात कुछ अधिकारियों ने कुछ ऐसे पेच फांस दिए की गरीबों को मालिकाना हक ना मिल सके। लेकिन मायावती की सरकार में अच्छे अधिकारियों के कारण इन गरीबों के सर से छत नहीं छीनी। लेकिन गरीबों का दुर्भाग्य था कि वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश के अंदर विधानसभा चुनाव हुए और तत्कालीन सरकार धड़ाम से गिर गई। जैसे ही अखिलेश यादव की सरकार बनी उन्होंने अपने चहेते अधिकारियों को महाराष्ट्र से बुला लिया जिनमें एक आईपीएस थे यशस्वी यादव और यशश्वी यादव की आईएएस पत्नी जय श्री भोज, यशस्वी यादव कानपुर के एसएसपी बने तो उनकी पत्नी जय श्री भोज कानपुर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष। अखिलेश यादव ने अपने चहेते आईपीएस यशस्वी यादव और उनकी पत्नी जय श्री भोज को निर्देशित कर मलिन बस्ती बिरहाना गीता नगर को बिल्डर को लाभ पहुंचाने के लिए फोर्स के माध्यम से कानूनी दाव पेच में फंसा कर बस्ती को ध्वस्त कर डाला। जिसने विरोध किया उसे फर्जी मुकदमे में जेल भेज दिया गया जिसने पैसा लिया उसे थोड़ा पैसा देकर संतुष्ट कर दिया गया।

### गरीबों को बलात्कार के मुकदमे में भी फंसाया

अखिलेश यादव की सरकार में इसी मलिन बस्ती विरहाना को खाली करवाने के लिए गरीब मजलूमों पर रेप जैसे गंभीर झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए, गरीबों को जेल भेजा गया, ट्रायल के दौरान मुकदमा लिखाने वाली रेप पीड़िता कभी नहीं आई, जिन आरोपियों को जेल भेजा गया था उन्हें सालों जेल काटनी पड़ी अंततः वह बरी हुई लेकिन फिर भी मुकदमा लिखवाने वाली नहीं आई। यह खबर झूठी नहीं बल्कि सच्चाई है अखिलेश यादव के जुल्म और सितम की।

### फर्जी वादी खड़ा कर दलितों को भिजवाया था जेल

अखिलेश यादव के निर्देश पर एक भूत को मुकदमे में वादी बनाया गया। वर्ष 2013 में थाना काकादेव में मुकदमा अपराध संख्या 83 / 13 दर्ज किया गया। इस मुकदमे में 75 से 70 साल के दलित बुजुर्गों को 307 का आरोपी बनाकर पहले चक्र में लगभग एक दर्जन लोगों को जेल भेज दिया गया।

### दहशत से तीन लोगों की हो चुकी है मौत

अखिलेश यादव की सरकार में उनके निर्देश पर जो दलित गरीबों पर मुकदमे भूत ने दर्ज करवाए थे। इस 307 आईपीसी के मुकदमे की दहशत के कारण लगभग तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

### आज भी कोर्ट में चल रहा है मुकदमा मगर वादी का पता नहीं

अखिलेश यादव द्वारा दर्ज कराए गए फर्जी मुकदमे में जिसमें वादी है ही नहीं जिस कारण वादी को भूत लिखा जा रहा है यह मुकदमा कानपुर नगर की एडीजे आठ में अभी भी चल रहा है। गवाहियां लगभग सारी हो गई लेकिन मुकदमा लिखवाने वाला वादी आज तक पुलिस नहीं ढूंढ पाई है।

# तालाब में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका, पत्नी और भाई फरार




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के बिधनू थाना क्षेत्र में युवक की चाकू से गोद कर हत्या करने के बाद हत्यारों ने हाथ पैर बांधकर युवक के शव को तालाब में फेंक दिया। रविवार सुबह ग्रामीणों ने तालाब में युवक का शव उतराते देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बिधनू पुलिस ने युवक के शव को बाहर निकालने के साथ फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल करने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया टी घटना के बाद से मृतक का भाई और पत्नी फरार हैं।

मिली जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी के कुंडरी रूप सेना रूप निवासी हाल मुकाम विधनू थाना क्षेत्र के खेरसा गांव निवासी 45 वर्षीय दिनेश अवस्थी रेलवे में वेंडर का काम करता था। बीते एक वर्ष पूर्व दिनेश लखीमपुर खीरी निवासी राखी के साथ प्रेम विवाह करके ले आया था। इसके बाद घर पर उसका भाई मनोज भी साथ में रहता था पड़ोसियों के मुताबिक बीते तीन दिन पहले मनोज और दिनेश के बीच पत्नी राखी को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद से दिनेश घर पर दिखाई नहीं दिया पड़ोसियों ने सोचा कि वह कहीं होगा घर पर मनोज और उसकी भाभी राखी रह रहे थे रविवार सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव तालाब में पड़ा देखा तो फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दी।

### हाथ पैर रस्सी से बंधे हुए थे

बिधनू पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तालाब से युवक का शव बाहर निकाला इस दौरान युवक के हाथ और पैर रस्सी से बंधे हुए थे। आशंका जताई जा रही है कि युवक की चाकुओं से गोद कर हत्या कर शव तालाब में फेंका गया है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटना स्थल पर जांच पड़ताल कराई है। थाना प्रभारी प्रेमचंद ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम युवक के शव की जांच करने के बाद तालाब के बगल में स्थित युवक के घर के बाहर पहुंची जहां दरवाजे पर खून से सनी हुई रूई मिली है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर कई सबूत जुटाए हैं। जिसकी रिपोर्ट पुलिस को सौंपेंगे।

# नव उद्यमियों को उद्यमिता के गुणों से कराया रूबरू

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, आई टेक ग्रुप एवं छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित स्टार्टअप नेक्सस उद्यम उत्सव के दूसरे दिवस रविवार को विभिन्न महाविद्यालय से आए हुए विद्यार्थियों द्वारा अपनी पिच डेक एक्सपर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने के साथ पैनल डिस्कशन में विशेषज्ञों द्वारा स्टार्टअप से संबंधित विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में ऐक्सिस कॉलेज, रामा विश्वविद्यालय, आचार्य नरेंद्र देव महिला महाविद्यालय कानपुर एवं स्वयं विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययन रत विभिन्न विभागों से नवाचार स्थापित करने के लिए प्रयासरत विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर चयनित अच्यर्थियों को पुरस्कृत करने के साथ स्मृति चिह्न के साथ प्रमाणपत्र भी वितरित किए गये। कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर सुधांशु राय तथा डॉक्टर संदेश गुप्त ने नव उद्यमियों को उद्यमिता के गुणों से अवगत करवाया और विश्वविद्यालय के माध्यम से तकनीकी सहायता एवं मार्केटिंग में सहयोग उपलब्ध करवाने का भी विश्वास दिलाया।

छत्रपति शाहू जी महाराज नवाचार केंद्र के प्रबंधन में अधिष्ठाता डॉ.शिल्पा देशपांडे कायस्थ ने सभी उपलब्ध योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्यकारी कार्यकारी विवेक मिश्र तथा नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने किया।

# 15 वें ग्लोबल एजुकेशन फेयर 2024 का आयोजन संपन्न







जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में रविवार को द लैंडमार्क टावर में सफलतापूर्वक 15वां ग्लोबल एजुकेशन फेयर 2024 का आयोजन किया गया। आयोजन कर्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि यह फेयर विदेशी शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आयोजन है जिसमें 400 छात्रों ने 50 टॉप-रैंक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के एक्सपर्ट काउन्सलर से परामर्श लिया तथा 8 टॉप विदेशी अध्ययन स्थलों (यूके, कनाडा, यूएसए, आयरलैंड, दुबई, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी) के लिए अप्लाई किया। फेयर में मौजूद अंजली अग्रवाल और पीयूष अग्रवाल ने कहा ग्लोबल एजुकेशन फेयर 2024 ने छात्रों को बड़े लाभ प्रदान किए हैं जैसेय्यूनिवर्सिटी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत, मुफ्त प्रोफ़ाइल मूल्यांकन, एप्लीकेशन फीस माफ़ी, छात्रवृत्ति के अवसर, IELTS/GMAT/GRE माफ़ी, वीजा मार्गदर्शन, ऑन-स्पॉट ऑफर पत्र, ऋण और वित्त सहायता। उन्होंने यह भी कहा कि जो छात्र मेले में शामिल नहीं हो सके, वे चिंतित न हों। ए ई सी ओवरसीज कानपुर उन्हें ज़ूम वीडियो कॉल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल परामर्श प्रदान करेगा। यह भी कहा कि हमें खुशी है कि यह ग्लोबल एजुकेशन फेयर 2024 अब तक का सबसे बड़ा था, जिसमें हजारों छात्र अपने सपने के अध्ययन विदेश गए। फेयर ने ए इ सी ओवरसीज कानपुर की प्रतिबद्धता को उजागर किया कि यह अपने छात्रों को अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक अवसरों का परिचय देने में लगा हुआ है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### लोकसभा चुनाव के लिए चर्च में हुई विशेष आराधना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर में गुरुवार को द गुड शैफर्ड चर्च गोबा गार्डेन कल्याणपुर में विशेष आराधना हुई इस आराधना में लोकसभा चुनाव के लिऐ प्रार्थना की गई तथा जो भी सरकार बने उसके लिए भी प्रार्थना की गई देश में शांति एकता और भाईचारा बना रहे सब एक रहें और हमारा भारत देश बहुत तरक्की करने पाए ऐसी प्रार्थना उपस्थित समूह ने की चर्च के बिशप पंकज राज मलिक ने 13 मई 2024 को कानपुर में वोट डाले जाने हैं इसके लिए चर्च में लोगों को जागरूक किया कि अधिक से अधिक संख्या में पोलिंग बूथ जाकर वोट डालें संबंध मिलकर वोट डालने की शपथ ली कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुपमा मलिक, पादरी सत्येन्द्र श्रीवास्तव, पादरी अनुराज मलिक, पादरी सागर मसीह, पादरी सौरभ मसीह, पादरी राज जीजस, पादरी अभिमन्यू जेम्स, पादरी निशत राय, विशाल मसीह, मन्नू आदि लोग उपस्थित रहे।



### रक्तदान शिविर में मतदान करने के लिए किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। नागरिक सुरक्षा कोर प्रखंड कलेक्टर गंज के पदाधिकारियों की अगुवाई में जिला अस्पताल उर्सला में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार उपस्थित रहे कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कोर प्रखंड कलेक्टर गंज के पदाधिकारियों ने रक्तदान किया वही रक्तदाताओं को अपर जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नागरिक सुरक्षा कोर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं और पदाधिकारियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गईऔर कहा की रक्तदान से शरीर मजबूत होता है और मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है। इस लिए लोगो से और आम जनता से अनुरोध है 13 मई को होने वाले लोकतंत्र के इस महा पर्व पर अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें। जिससे देश में एक मजबूत सरकार का गठन हो। उर्सला में आयोजित रक्तदान शिविर में भारी संख्या में लोगो ने बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया ।वही नागरिक सुरक्षा कोर के सदस्य मयंक का कहना था की रक्त दान से खुद का शरीर निरोगी होता है ।और दूसरे की भी जान बचाई जा सकती है ।इस लिए अधिक से अधिक रक्त दान करे जिससे लोगो की रक्त की कमी से जान बचाई जा सके।




# प्रेमिका के परिजनों से आहत होकर जहर खाने वाले युवक की मौत

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



साढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाले एक प्रेमी ने प्रेमिका की दूसरी जगह शादी तय होने और उसके परिजन द्वारा अपमानित किए जाने से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया था ।लगभग एक हफ्ते भर अस्पताल में भर्ती रहने के बाद देर रात उसकी मौत हो गई। युवक के पास से मिले सुसाइड नोट में युवक ने प्रेमिका के परिजनों को मौत का जिम्मेदार बताया है पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार साढ़ थाना क्षेत्र के गोपालपुर नवल गांव निवासी राजेंद्र सिंह के बेटे शिवदीप ने बीती 20 अप्रैल को जहरीला पदार्थ खा लिया था। लगभग एक हफ्ते बाद शनिवार की देर रात उसने कानपुर स्थित एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया है। पिता राजेंद्र ने बताया कि बेटे के पास से सुसाइड नोट मिला है जिसमें उसने गांव की एक लड़की से प्रेम संबंध होने की बात लिखी है साथ ही लड़की के घर वालों द्वारा अपमानित करने के साथ लड़की की दूसरी जगह पर शादी करने समेत उसके जहरीला पदार्थ खाने का भी जिक्र किया है। पिता राजेंद्र ने पुलिस से मामले की शिकायत की है पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। साढ़ थाना प्रभारी को संबोधित सुसाइड नोट में शिवदीप ने लिखा है कि उसका गांव की एक युवती से प्रेम संबंध था प्रेमिका के घर वालों ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी थी। इस पर प्रेमिका ने उसे फंदा लगाकर जान देने की बात कही जब उसने प्रेमिका के घर पर बताया तो 19 अप्रैल को उसके चाचा सूरज ने उसे बुलाया वह पहुंचा तो प्रेमिका के पिता और चाचाओं ने तमंचा बांका और बंदूक लेकर उसे डराया और कमरे में बंद कर दिया। पूरे परिवार को मारने की धमकी देने के साथ उसे अपमानित किया इसके चलते उसमें जहरीला पदार्थ खा लिया है शिवदीप ने प्रेमिका के पिता दो चाचा मां तीन भाई वह चाचा को मौत का जिम्मेदार बताया है।साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि युवक का शव पोस्टमार्टम कराया जा रहा है मुकदमा दर्ज कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# जमीयत उलेमा ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। जमीयत उलेमा कानपुर के ज़ेरे एहतमाम दिवंगत मौलाना अब्दुल अलीम फारूकी रह. के जीवन से प्रेरणा लेने के उद्देश्य से ताज़ियती नशिसत (श्रद्धांजलि सभा) का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से दिवंगत मौलाना रह0 के छोटे भाई मौलाना अब्दुल अज़ीम फारूक़ी और बेटे मौलाना अब्दुल बारी फारूकी से तशरीफ लाये। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल बारी फारूक़ी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मौलाना मरहूम से आपका यह सम्बन्ध एक-दो दिन का नहीं बल्कि 50 साल से ज़्यादा पुराना है। आपमें बहुत से लोगों ने उनका बचपन, पढ़ाई और उसके बाद दीन का काम करने का दौर देखा है। अपने काम के प्रति शत-प्रतिशत ईमानदार एवं निष्ठावान थे। कभी कोई दिखावा और प्रसिद्धी पाने का प्रयास नहीं किया। छोटे भाई मौलाना अब्दुल अज़ीम फारुकी ने कहा हम और दिवंगत बड़े भाई एक और एक मिलकर ग्यारह की तरह काम करते थे। जिस तरह भाई साहब का कानपुर से गहरा सम्बन्ध था, उनके बाद भी सम्बन्ध बना रहेगा। जब भी जैसा हुक्म आयेगा, हम आपके लिये हाज़िर हैं। सभा के आयोजक जमीयत के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी ने कहा कि बचपन से हमारे घर में जिन लोगों का ज़िक्र होता चला आया है, उनमें एक नाम मौलाना अब्दुल अलीम फारूक़ी रह0 का भी है। उनका निधन मेरे लिये निजी सदमा है। जहां कहीं भी सहाबा रजि0 का तज़्किरा होगा, मौलाना अब्दुल अलीम फारूक़ी रह0 की खिदमात को ज़रूर याद किया जायेगा। सभा में मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर के मोहतमिम मुहीउद्दीन खुसरू ताज की तरफ आये ताजियतनामा पढ़कर सुनाया गया। सभा में मुफ्ती अब्दुर्रशीद क़ासमी, मौलाना नूरूद्दीन अहमद क़ासमी, मौलाना मुहम्मद अनीस खां क़ासमी, जुबैर अहमद फारूक़ी, मौलाना मुहम्मद इनामुल्लाह क़ासमी, मुफ्ती मुहम्मद सईद खां क़ासमी, मौलाना खलील अहमद मज़ाहिरी और मौलाना अंसार अहमद जामई ने सम्बोधन में मौलाना अब्दुल अलीम फारूक़ी रह0 को याद किया। सभा का शुभारम्भ क़ारी मुजीबुल्लाह इरफानी ने तिलावत ए कुरआन पाक से किया। मौलाना मुख़्तार अहसन जामई की दुआ पर सभा सम्पन्न हुई। मुख्य रूप से क़ाज़ी ए शहर हाफिज़ मामूर अहमद जामई, नगर जमीयत के अध्यक्ष डा. हलीमुल्लाह खां के अलावा बड़ी संख्या में उलेमा व अवाम मौजूद रहे।

# शहर के दो थाना क्षेत्रों में हुई अग्निकांड की घटना, पाया काबू



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



गर्मी आते ही जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे आग लगने की घटनाओं में भी वृद्धि होती जा रही है। रविवार को दो अलग-अलग स्थानों पर आग लग गयी। गनीमत यह रही की आग के कारण जानमाल का कोई नुकसान नही हुआ और दमकल विभाग की सजगता के कारण समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

शहर में रविवार पहली घटना सुबह साढ़े नौ बजे चमनगंज थाना क्षेत्र में हुई। मिनी कंट्रोल से आग लगने की सूचना के आधार पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा तत्काल एक्शन लेते हुए थाना चमनगंज के प्रेम नगर चौराहे पर स्थित सलीम के फ्लैट पर दमकल टीम पहुंची। एफएस कर्नलगंज के फायर कर्मियों को भेजा गया, टीम ने तत्काल आग पर काबू पा लिया । वहीं दूसरी घटना रेल बाजार के टीपी लाइन, रेल बाजार में एक चाय की दुकान में आग लगने की सूचना पर मीरपुर छावनी के फायर कर्मियों द्वारा मौके पर पहुंचकर आग पर किसी प्रकार काबू पाया गया। इस दौरान सिलेंडर व फ्रीज के कंप्रेशर में बहुत तेज धमाका हुआ लेकिन दमकल कर्मियों की सजगता के चलते कोई अप्रिय घटना घटित नही हुई और आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया।

# भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने रामलला व हनुमानगढ़ी में किया दर्शन-पूजन

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पहुंची अयोध्या, हनुमानगढ़ी और राम लला किया दर्शन पूजन, राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से किया मुलाकात, लिया आशीर्वाद, नामांकन के पहले और रामनगरी में दर्शन पूजन कर संतों से लिया आशीर्वाद अयोध्या पहुंची वरिष्ठ भाजपा नेत्री व अमेठी लोकसभा से प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने कहा धैर्य और धर्म, निष्ठा और नियम, पुरुषार्थ और पराक्रम की भूमि अयोध्या आकर प्रभु के चरणों व संतों के सानिध्य में सनातन की विजय पताका लहराते हुए देखे, यही हर सनातनी के जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। वे यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंची थीं। अमेठी स्थित अपने आवास से सड़क मार्ग से अयोध्या आईं भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी ने सबसे पहले रामलला सरकार के दरबार में पहुंचीं, जहां



उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर रामलला के समक्ष ध्यान में मुद्रा में व्यतीत किया और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह सीधे ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी पहुंच हनुमंतलला के सामने शीश नवाया। इसके बाद उनका काफिला मणिराम दास छावनी पहुंचा, जहां उन्होंने मंदिर में माथा टेकने के बाद मौजूद वरिष्ठ संत-महंतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी भावनाएं भी साझा कीं। स्मृति ईरानी कहा कि आज मैं अपने आपको सौभाग्यशाली समझती हूं कि मैं ऐसे युग मे जन्मी, जिसने हमारे लाला को टेंट से भव्य मंदिर में, भव्य समारोह के साथ प्रतिष्ठित होते हुए देखा।

वरिष्ठ भाजपा नेत्री ने कहा आज संतों का स्नेह, सानिध्य और आशीर्वाद पाकर मनोबल न सिर्फ बढ़ा है बल्कि पुण्य पथ पर चलने की प्रेरणा मिली है। कहा कि रामलला व हनुमंतलला से राष्ट्र के प्रधान सेवक के स्वास्थ्य और भारत के वैभव की प्रार्थना की है। स्मृति ईरानी ने कहा कि रामलला की करुणा हर मन को छू रही है और रामभक्तों के लिए यह सबसे बड़ा सौभाग्य है कि अपने आराध्य को भव्य रूप में दिव्य मंदिर में देख रहे हैं। इस दौरान उनके साथ अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

### स्मृति ईरानी का नामांकन आज, नामांकन में डॉ मोहन यादव भी होंगे शामिल



**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** अट्ठारहवीं लोकसभा के सामान्य निर्वाचन में अमेठी लोकसभा सीट एक बार फिर चर्चा में बनी हुई है। जहां अभी तक कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं किया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी अमेठी लोकसभा सीट पर प्रचार-प्रसार व ग्राउंड जीरो पर माइक्रो लेवल की रणनीति बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। भाजपा से अमेठी लोकसभा सीट की उम्मीदवार तथा वर्तमान सांसद स्मृति ईरानी ने रविवार को अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए।और वे आज सोमवार को अपना नामांकन करेंगी।भारतीय जनता पार्टी इस क्षण को ऐतिहासिक बनाने के लिए भरपूर तैयारी में लगी है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नामांकन में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक स्मृति ईरानी के नामांकन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का शामिल होना एक बड़ी रणनीति का हिस्सा हो सकता है। दरअसल भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन में अखिलेश यादव की पार्टी समाजवादी पार्टी भी है। और यह उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी है। जो ओबीसी वर्ग को अपना परंपरागत वोट मानती है। जबकि भाजपा के कई दिग्गज नेता इसी वर्ग से आते हैं। ऐसे में राजनीति के जानकार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का स्मृति ईरानी के नामांकन में शामिल होने के कई सियासी मायने निकाल रहे हैं। फिलहाल चुनाव की चर्चाएं तेज हैं। और जनता कांग्रेस के पत्ते खोलने का भी इंतजार कर रही है।

### खाद्य लाइसेंस एवम पंजीकरण का लगेगा कैम्प

**जन एक्सप्रेस/रुदौली- अयोध्या।** अयोध्या जिले में खाद्य सामग्री बेचने वाले हर व्यापारी को खाद्य विभाग में अब पंजीकरण कराना अनिवार्य हो गया है। खाद्य आयुक्त अयोध्या मानिक चन्द्र सिंह ने बताया कि खाद्य सामग्री जो भी दुकान दार बेचते है वो चाहे तेल, मसाला, मिठाई, मीट या अन्य सभी को मामूली शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा। जिसमे आज बाबाबाजार में विभाग की तरफ से पंजीकरण का कैम्प लगाया जाएगा। जिसमे व्यापारी केवल अपना आधार व फ़ोटो लेकर आये और रजिस्ट्रेशन करा सकता है। रजिस्ट्रेशन न कराने वाले दुकानदारों के विरूद्ध अभियान चला कर नोटिस देकर जुर्माना वसूला जाएगा। अभी कुछ दिनों पहले रुदौली तहसील क्षेत्र में 25 दुकानदारों को जांच के दौरान लाइसेंस न पाए जाने पर नोटिस दी गई है।

## मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है: दिलीप द्विवेदी

जन एक्सप्रेस | रायबरेली

भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ रायबरेली के जिला संयोजक दिलीप द्विवेदी के निज आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाना है जनमानस में यह संदेश पहुंचाना है कि भारतीय जनता पार्टी सतत चिन्तनशील विचारधारा, विशेष कार्य शैली, जनकल्याणकारी नीतियों के आधार स्तम्भ वाली पार्टी है। हमारा राष्ट्र विश्व में आध्यात्मिक गुरु रहा है वही स्थान और प्रतिष्ठा पुन स्थापित हो ऐसा चिंतन पार्टी का है। पार्टी जिसे अपना प्रत्याशी घोषित करती है उसका पूर्ण समर्थन एवं सहयोग करना है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में कमल के फूल वाला बटन दबाना है और रायबरेली में कमल खिलाना है। इस अवसर पर जिला सहसंयोजक ऋषि राज त्रिपाठी, नागेंद्र सिंह, जिला संयोजक प्रबंधक महासभा अभिनव अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार अवस्थी, डॉक्टर कमलाकांत, सुनील द्विवेदी, जिला संयोजक वित्तविहीन महसभा चंद्र प्रकाश पांडे, जिला संयोजक शिक्षणेत्तर महासभा मनीष मिश्रा, जिला संयोजक समन्वय समिति मनोज अवस्थी, जिला संयोजक प्रचार प्रचार समिति प्रेम शंकर मिश्र, जिला संयोजक महिला समिति गीता पांडे, जिला संयोजक उच्च शिक्षा महासभा डॉ. जितेंद्र प्रताप सिंह, जिला संयोजक सेवानिवृत्ति महासभा धीरेंद्र मिश्र समेत शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर



जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष मे लोकसभा निर्वाचन-की तैयारियों के सम्बन्ध में तथा समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत कलस्टर मोबाईल पर ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ ड्यूटी के सम्बन्ध मे समीक्षा गोष्ठी की गयी। इस दौरान लोकसभा चुनाव-को शान्तिपूर्ण परिवेश में सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न बिन्दुओं जैसे- असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई, ब्लैक मनी संचरण पर रोकथाम, अवैध मादक पदार्थों एवं शराब की तस्करी पर रोकथाम, अवैध हथियारों की तस्करी पर रोकथाम, नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम हेतु सीमावर्ती क्षेत्रों के पुलिस बल के साथ नियमित रुप से संयुक्त कॉम्बिंग/पेट्रोलिंग एवं चेकिंग अभियान, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई व नियंत्रण आदि पर चर्चा की गयी तथा चुनाव के दृष्टिगत संवेदनशील मतदान केंद्रों का भ्रमण करने, जनपद के बॉर्डर पर नाकाबंदी करके सघन चेकिंग करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करते हुए आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखने तथा भ्रामक व गलत संदेश/सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी व समस्त शाखा प्रभारी एवं प्रतिसार निरीक्षक, जनपद के समस्त थानों के कलस्टर मोबाईल पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव में लगे सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को किया गया प्रशिक्षित



जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर

जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने हेतु समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्रों के समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिलाया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों को अवगत कराया गया साथ ही साथ कंट्रोल यूनिट, वैलिड यूनिट व वीवी पैट को सुचारू रूप से संचालित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही डेमो करके दिखाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों से इसके बारे में विस्तृत रूप से पूछा भी गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट मौके उपस्थित रहे।

## अयोध्या में एयरपोर्ट व कश्मीर में धारा 370 का हटना नहीं आ रहा है विपक्षी दलों को रास: स्वतंत्र देव सिंह

जन एक्सप्रेस | अयोध्या




भारतीय जनता पार्टी द्वारा रूदौली विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन श्री राम सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज आजाद नगर में आयोजित किया गया। सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रभारी व संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बीएलए टू सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि सपा और कांग्रेस किसान हितैषी नही किसान विरोधी है। विपक्षी पार्टियों के नेता कह रहे हैं कि हम सविधान को खत्म कर देंगे और मैं कहता हूं कि जब तक पीएम मोदी हैं तब तक किसी में औकात नहीं है कि सविधान को छू भी ले। भारतीय जनता पार्टी की ही देन हैं कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट का निर्माण, जम्मू कश्मीर में धारा 370 का हटना आदि विपक्षी दलों को रास नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक घर जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं व सरकार के विकास को जन जन तक पहुंचाए। लगातार तीसरी बार फिर से पीएम मोदी के नेतृत्व में 4 जून को भगवामय कर दें।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या के विकास के लिए सरकार के अयोध्या के विकास में कोई कोर कसर नही छोड़ रही है। यहां लगभग 50 हजार करोड़ की लागत की परियोजनाएं चल रही है। यह केवल 10 प्रतिशत है। तीसरी बार सरकार बनने के बाद अयोध्या के विकास को और गति मिलेगी। 2024 का यह चुनाव कोई आम चुनाव नही है। यह राष्ट्र के निर्माण का चुनाव है। भारत की अस्मिता का चुनाव है। चुनाव में अपनी जिम्मेदारी समझ कर चार जून को अयोध्या में भगवा लहराना के संकल्प हम सभी को लेना है।

विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि रुदौली विधान सभा वह धरती है जब 2012 में सपा की लहर थी तब भी यहां की जनता ने भाजपा को जीत दिलाई थी और जो सपा के लोक सभा प्रत्याशी है। यह उस समय किसानों को 60 और 100 रुपए के चेक दिए थे। जिसके विरोध के बाद 1500 रुपए के चेक दुबारा मिले।

इस दौरान जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, ओम प्रकाश सिंह, विधानसभा प्रभारी प्रभारी कमला शंकर पांडे, संयोजक राजीव तिवारी, राघवेंद्र पांडे, गंगा दिन वर्मा, अंजनी साहू, शेखर गुप्ता, रघुनंदन चौरसिया, किशोरी लाल भारती, सुधीर गुप्ता, राजेश गुप्ता, रामदीन वर्मा, शेखर गुप्ता, किशोरी लाल लोधी, मंसाराम रावत, शोभाराम लोधी, चंद्रभानु पासवान, रामनगर लोधी, संतोष जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खोला गया दशमोत्तर छात्रवृत्ति पोर्टल

जन एक्सप्रेस | अमेठी

समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति,शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत विश्वविद्यालय एफिलियेटिंग एजेंसी स्तर पर फीस लॉक किये जाने हेतु पोर्टल खोला गया है।उन्होंने बताया कि जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थान, समस्त प्रबन्धक, प्रधानाचार्य, प्राचार्य एवं संस्थान में छात्रवृत्ति का कार्य देख रहे नोडल अधिकारी वित्तीय वर्ष 2023-24 में छात्रवृत्ति शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्यापन हेतु समय सारिणी के अनुसार तीस अप्रैल से तीन मई तक संपन्न कर लें।और विश्वविद्यालय, एफिलियेटिंग एजेंसी, जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा फीस आदि का सत्यापन नोडल अधिकारी द्वारा फीस को अंकित कर डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन सत्यापित किया जायेगा। तथा चार मई से सात मई तक जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन सम्बन्धित विश्वविद्यालय एफिलियेटिंग एजेंसी के नोडल अधिकारी द्वारा भरी गयी फीस को अथवा स्वयं फीस अंकित कर डिजिटल हस्ताक्षर से ऑनलाइन सत्यापित करके लॉक किया जायेगा।

### सूचना

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय पारिवारिक न्यायालय रायबरेली**

**वैवाहिक वाद सं0-551 सन 2023**

हर्ष त्रिपाठी उम्र 30 वर्ष पुत्र श्री राजनारायण त्रिपाठी निवासी ग्राम मिहीलाल खेड़ा पोस्ट इचैली, परगना बछरावां तहसील महराजगंज जिला रायबरेली

...वादी

बनाम

श्रीमती अनन्या उर्फ रूपम उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्री श्री राजेन्द्र मिश्रा पत्नी हर्ष त्रिपाठी निवासिनी ग्राम मदापुर, मंदिर, मस्तीपुर, पोस्ट मस्तीपुर, थाना निगोंहा जिला लखनऊ

...प्रतिवादिनी

चूंकि उपरोक्त वाद में हर्ष त्रिपाठी ने दावा इस न्यायालय में अं0धारा-9 हि0वि0अधि0 के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है। जिसमें आपको सम्मन किया जाता है कि आप दिनांक **17.05.2024** को समय प्रातः 8 बजे न्यायालय में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब को दे सकने में सक्षम हो, न्यायालय में उपस्थित हो।

अतः आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते हैं तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि-03.04.2024

**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली**

### सूचना

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय पारिवारिक न्यायालय रायबरेली**

**मूलवाद सं0-498 सन 2023**

सुरेन्द्र कुमार मौर्या उम्र 30 वर्ष पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम गौड़ा, परगना इन्हौना, तहसील तिलोई, जिला अमेठी

...वादी

बनाम

मीरा देवी उम्र 28 वर्ष पत्नी सुरेन्द्र कुमार पुत्री शोभाराम निवासिनी ग्राम नियांवा, पोस्ट सुन्दुरवा, परगना जगदीशपुर, तहसील मुसाफिरखाना, जिला अमेठी

...प्रतिवादिनी

चूंकि उपरोक्त वाद में सुरेन्द्र कुमार मौर्या ने दावा इस न्यायालय में अं0धारा-9 हि0वि0अधि0 के अन्तर्गत आपके खिलाफ वाद दायर किया है। जिसमें आपको सम्मन किया जाता है कि आप दिनांक **02.05.2024** को समय प्रातः 8 बजे न्यायालय में आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा जो आपके द्वारा दिये गये जवाब को दे सकने में सक्षम हो, न्यायालय में उपस्थित हो।

अतः आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि यदि आप नियत पेशी पर उपस्थित होने में असफल होते हैं तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

जारी करने की तिथि-03.04.2024

**श्रीमान प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय, रायबरेली**

## भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने अग्नि पीड़ितों से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस | अयोध्या।




गुनधौर ग्राम पंचायत के बनराजा बस्ती में बिगत दिनों लगी भीषण आग के कारण कई घर जलकर राख हो गये, कुलदीप एवं प्रदीप बनराजा के घर में कुछ भी नहीं बचा अग्नि पीड़ित खाना, कपड़ा और मकान के लिए मोहताज हैं भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में ग्राम गुन्धौर के अग्नि पीड़ितों से मुलाकात किया और अग्निकांड में हुई क्षति को भी देखा तथा जिला प्रशासन से मांग किया कि अग्नि पीडितों को अभिलंब राशन, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराये तथा भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी को भी निर्देशित किया कि यथासंभव राशन इत्यादि की व्यवस्था करके मदद करें। प्रतिनिधि मंडल में घनश्याम वर्मा राष्ट्रीय सचिव के अलावा जिला सचिव रामगोपाल मौर्य, तहसील अध्यक्ष संतोष वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर मस्त राम वर्मा बुदि राम मौर्य, राम तिलक गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### प्राण-प्रतिष्ठा के बाद देवी भागवत कथा हुई शुरू

**जन एक्सप्रेस/बीकापुर-अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र बैती कला गांव में आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय श्री मां काली जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को देवी माता के मंदिर में वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधि विधान से मां काली की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस दौरान काली माता की जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा। अयोध्या और क्षेत्र से आए पुरोहितों द्वारा वैदिक कर्मकांड और मंत्र उच्चारण के साथ काली मां की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सुनील राजपूत, कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान अनिल सिंह, हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिंह राम आधार सिंह, आनंद सिंह, अरविंद सिंह, अजय सिंह, सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। मौसम के दौरान आयोजित की जा रही देवी भागवत कथा के दौरान अयोध्या धाम से आए कथा व्यास पंडित कुलदीप शास्त्री द्वारा भागवत कथा के दौरान देवी मां की महिमा का वर्णन किया गया। आयोजक ग्राम प्रधान अनिल सिंह ने बताया कि आखिरी दिन सोमवार को भव्य देवी जागरण पूर्णआहुति एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## रक्तदान करके मनाया अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का जन्मदिन



जन एक्सप्रेस | अयोध्या

अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने जिला चिकित्सालय अयोध्या में रक्तदान कर मरीजों को फल वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बहन अनुप्रिया पटेल ही सही मायने में सामाजिक न्याय और विकास के पथ पर आगे बढ़ रही हैं। आज हम सभी युवा साथियों ने बड़े उत्साह के साथ उनका जन्मदिन मनाया है। प्रमोद सिंह लगातार दस बार रक्त दान कर रिकार्ड बना चुके है। उनके इस रिकॉर्ड बनाने पर जिला चिकित्सालय पर उनको सम्मानित भी किया गया। एक संक्षिप्त मुलाकात में श्रीसिंह ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही है। इसे महादान कहा गया है। किसी ऐसे मरीज जिसे रक्त की आवश्यकता हो और उसे समय पर रक्त नही मिल पाता है,उसकी जान चली जाती है।आपके द्वारा दिये गए रक्त से किसी को जीवन मिल जाय, इससे बड़ा पुण्यकार्य कोई नही है। हर इंसान को रक्तदान करते रहना चाहिए।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष का हर्षोल्लास के साथ मनाया जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** रविवार को अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री भारत सरकार सांसद मिर्जापुर बहन अनुप्रिया पटेल के शुभ जन्मोत्सव अवसर पर अपना दल एस अयोध्या जिला अध्यक्ष कृष्ण देव वर्मा÷ गवास÷ की अध्यक्षता में जनपद के समस्त पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित होकर जनपदीय पार्टी कार्यालय, अयोध्या पर केक काट कर बहुत ही हर्षोल्लास से जन्म दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अनुप्रिया पटेल के जन्मदिवस पर समस्त समाज के उत्थान व उचित भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सामाजिक न्याय की लड़ाई सड़क से सांसद भवन तक पहुँचाने के लिए तत्पर रहने पर स्मरण करते हुए पार्टी को और मजबूती दिलाने हेतु संकल्पित हुए।

## शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नहीं हो सकते वो आजीवन राष्ट्र निर्माण का कार्य करते हैं: डॉ. मनोज पाण्डेय

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



बेसिक शिक्षा विभाग में वर्षो तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए जनपद के 65 शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह व मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल व महामंत्री मुकेश द्विवेदी के नेतृत्व में सिविल लाइन्स स्थित होटल सूर्या में किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने की। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार पांडेय, विधायक ऊँचाहार रहे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता अरुण त्रिपाठी, राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त शिक्षक लक्ष्मीकांत शुक्ल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक ऊँचाहार डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि हमारे शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नही हो सकते वो आजीवन राष्ट्र निर्माण का कार्य करते हैं इसीलिए हम उन्हें राष्ट्रनिर्माता कहते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बच्चों के चौमुखी विकास करने में लगे रहते हैं। विद्यालय में सेवा के दौरान शिक्षक बच्चों तक ही सीमित रहते है, लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद समाज के लोगों को जागरूक और सभी को मार्गदर्शन प्रदान करने की जिम्मेवारी बढ़ जाती है।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे दान बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षक भले ही सेवा से सेवानिवृत्त हो जाएं लेकिन शिक्षक सदैव समाज को मार्गदर्शन देता रहता है।

जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि हमारे जो भी सेवानिवृत्त शिक्षक साथी है हम इन सभी से सदैव मार्गदर्शन प्राप्त करते रहेंगे और ये सभी हमें सदैव प्रेरित करने का कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त होना एक सेवा का अंग है एक राष्ट्र निर्माता के रूप में शिक्षक जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगा रहता है।

जिला महामंत्री मुकेश द्विवेदी ने भी शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके उज्ज्वल कार्यकाल की बधाई दी।

विशिष्ट अतिथि अरुण त्रिपाठी ने भी शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला और लक्ष्मीकांत शुक्ला ने भी सेवानिवृत्त शिक्षको को आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

जिलाध्यक्ष संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों आने वाले जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉऽ चन्द्रमणि बाजपेई जनपदीय संयुक्त मंत्री द्वारा किया गया।

# केविन पीटरसन भी हुए योगी के मुरीद, लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को बताया वर्ल्ड क्लास

## लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की खूबसूरती देखकर प्रभावित नजर आए पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर

- सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट की नए टर्मिनल पर अपनी तस्वीर, सीएम योगी को किया टैग
- पोस्ट में लिखा- उत्तर प्रदेश में हो रहा कमाल का काम, सीएम योगी को होगा गर्व
- यूपी में एयरपोर्ट्स का हो रहा तेजी से विकास, 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट क्रियाशील



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

दक्षिण अफ्रीकी मूल के विस्फोटक इंग्लिश क्रिकेटर रहे केविन पीटरसन भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों के प्रशंसक हो गए हैं। दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट से लेकर दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट तक जा चुके केविन पीटरसन लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को देखकर अचंभित रह गए। आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ पहुंचे केविन पीटरसन ने लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को वर्ल्ड क्लास बताते हुए कहा है की उन्होंने इतना खूबसूरत एयरपोर्ट टर्मिनल आज तक नहीं देखा। उन्होंने इसके लिए सीएम योगी की प्रशंसा भी की। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लखनऊ एयरपोर्ट पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने बाकायदा सीएम योगी आदित्यनाथ को टैग किया है और लखनऊ एयरपोर्ट की तारीफ की।

### प्रदेश के विकास और खूबसूरती से प्रभावित नजर आए पीटरसन

क्रिकेट के मैदान पर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे केविन पीटरसन ने पूरी दुनिया घूमी है, लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट की खूबसूरती ने उनका दिल जीत लिया। पीटरसन लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की खूबसूरती और सुविधाओं से काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, 卐लखनऊ के नए एयरपोर्ट टर्मिनल में स्ट्रीट ऑफ फ्लावर्स वाकई में वर्ल्ड क्लास है। इस खूबसूरत राज्य उत्तर प्रदेश के लिए सभी ने मिलकर क्या कमाल का काम किया है। मुझे यकीन है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पर बहुत गर्व होगा। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### मार्च माह में ही शुरू हुआ है एयरपोर्ट का नया टर्मिनल

बता दें कि लखनऊ एयरपोर्ट के पुराने दोनों टर्मिनल की क्षमता कम थी, जिसकी वजह से योगी सरकार ने लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार कराया है। एयरपोर्ट का नया टर्मिनल खूबसूरत तो है ही, ज्यादा क्षमता वाला भी है। लखनऊ एयरपोर्ट का तीसरा टर्मिनल मार्च महीने से ही शुरु हुआ है, जिसकी सालाना क्षमता 80 लाख यात्रियों की है। उत्तर प्रदेश में 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट मौजूदा समय में वर्किंग हैं और साथ ही 11 घरेलू एयरपोर्ट भी संचालित हो रहे हैं। वहीं 6 एयरपोर्ट का तेजी से निर्माण हो रहा है।

### एलएसजी का होम ग्राउंड है लखनऊ

पीटरसन की पोस्ट से यह साफ ज़ाहिर होता है कि वो उत्तर प्रदेश के विकास और खूबसूरती से काफी खुश और प्रभावित नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि आईपीएल की फेंचाजी लखनऊ सुपर जायंट्स का होम ग्राउंड लखनऊ में ही है। एयरपोर्ट से स्टेडियम की दूरी महज कुछ किलोमीटर की है। ऐसे में सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का लखनऊ नियमित आना जाना होता है। अब आईपीएल के मैचों के दौरान लखनऊ एयरपोर्ट पर काफी चहल-पहल रहती है।

# प्रदेश में इस सप्ताह लू का अलर्ट

## पांच डिग्री तक बढ़ेगा रात का तापमान, लखनऊ से आया हीट वेव का पहला केस



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

देश का अधिकांश हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है। यूपी में लू चल रही है। लखनऊ में हीट वेव की चपेट में आने का पहला मामला सामने आया है। शनिवार को हीटवेव की शिकार बसंतकुंज निवासी वैष्णवी गौतम को बुखार व उल्टी-दस्त की शिकायत ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में दो से पांच दिन लू चलने की चेतावनी जारी की है। पश्चिम बंगाल व ओडिशा में लू चलने का रेड अलर्ट जारी किया है। उधर, पंजाब में शनिवार को तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग ने गर्भवती महिलाओं व बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को मौसम का सबसे गर्म दिन (40 डिग्री सेल्सियस) रहा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में रात के अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की बढोतरी की संभावना है। इसे उष्ण रात्रि या वॉर्म नाइट कहते हैं। देश का अधिकांश हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है और लोग बेहाल हैं। मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा में लू चलने का रेड अलर्ट जारी किया है, वहीं उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में अगले दो से पांच दिन लू चलने का अनुमान व्यक्त किया है। उधर पंजाब-हरियाणा समेत कुछ राज्यों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कहा कि यूपी और बिहार के अलावा, झारखंड, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा, केरल और आंतरिक कर्नाटक में 30 अप्रैल तक लू चलने की संभावना है।

### प्रदेश के इन जिलों में उष्ण रात्रि का अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर और आस पास के क्षेत्रों में उष्ण रात्रि रहने की चेतावनी जारी की है। इन इलाकों में रात के अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस की बढोतरी की संभावना है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### हटाये गये पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,25,88,952 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 76,91,583 तथा निजी स्थानों से 48,97,369 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,45,509, पोस्टर के 35,50,888, बैनर के 21,63,970 एवं अन्य 11,31,216 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में वालराइटिंग के 6,67,093, पोस्टर के 22,55,441 बैनर के 12,13,389 एवं अन्य 7,61,446 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1277 मामलों, लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति सभा व भाषण, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 102 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 108 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कोताही नहीं

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1821 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 27 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4688 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,91,064 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 21,71,786 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7994 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8107 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 435 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3394 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 151 केन्द्रों को सीज किया गया।27 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 5 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 22,107 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 97 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 68 कारतूस व 9 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 52 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 02 केन्द्रों को सीज किया गया।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की भारी मात्रा में अवैध शराब, नकदी



जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 27 अप्रैल तक 32747.03 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3207.95 लाख रुपये नकद, 4532.16 लाख की शराब, 21688.95 लाख की ड्रग, 2161.59 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 27 अप्रैल को कुल 169.95 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 5.86 लाख रुपये नकद धनराशि, 51.17 लाख रुपये कीमत की 19392.95 लीटर शराब, 112.93 लाख रुपये कीमत की 20101.50 ग्राम ड्रग जब्त की गयी।27 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में गाज़ीपुर की जाखानिया अजा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 105 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 525 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

# विश्व पटल पर मजबूत हुई भारत की स्थिति : ब्रजेश

- सपा, बसपा के कई नेताओं ने ज्वाइन की बीजेपी



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में सपा नेता व पूर्व विधायक खलीलाबाद दिग्विजय नारायण 'जय चौबे', सपा के जिला पंचायत अध्यक्ष संतकबीरनगर बलराम यादव, सपा के अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खलीलाबाद जगत जायसवाल, सपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शाहजहांपुर नीतू सिंह व सपा से विधानसभा पुवांया के पूर्व प्रत्याशी उपेन्द्र पाल सिंह सहित समाजवादी पार्टी के नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। संतकबीर नगर के सपा व बसपा के वरिष्ठ नेता भी भाजपा परिवार में शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी संतकबीरनगर से अजय शर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख व वर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रधानसंघ जगदीश चौधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र पासवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह 'मन्नू', पूर्व जिला पंचायत सदस्य ब्रम्हशंकर भारती गोस्वामी व बसपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सिरपत यादव संतकबीरनगर ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनायें जन-जन तक पहुंची है। मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए आप सभी भाजपा से जुड़े है जिसके लिए आप सभी का स्वागत एवं अभिनंदन है। आप सभी के जुड़ने से भाजपा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से आप सभी राजनैतिक और समाजिक क्षेत्र में काम करते रहे हैं। आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में तथा बूथों पर भाजपा को मजबूत करने का काम करेंगे और अबकी बार 400 पार के मोदी के संकल्प को पूर्ण करने में सहभागिता करेंगे। श्री पाठक ने कहा कि देश में गरीब, किसान, महिला व नौजवान की बेहतरी के लिए सरकार की प्रत्येक योजना समर्पित है। विश्व पटल पर भारत की स्थिति बहुत मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि दो चरणों के चुनाव के बाद यह स्पष्ट हो चुका है कि देश में भाजपा की लहर चल रही है। वहीं इंडी गठबंधन पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं से जन-जन का विश्वास भाजपा के प्रति मजबूत हुआ है। भाजपा के संकल्प पत्र में युवा, नारी, गरीब तथा किसान की आर्थिक व सामाजिक समृद्धि के लिए मोदी की गारंटी है। प्रत्येक सेक्टर को मजबूती देने की गारंटी है। भाजपा सरकार में सबका सम्मान, सबको सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के साथ जुड़िए तथा अपने-अपने क्षेत्रों व बूथों पर जाकर भाजपा को मजबूत करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कीजिए।इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शंकर गिरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित व डॉ. अंकुश त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे ने किया।

### लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए लड़ रहा इंडिया गठबंधन : अंशू

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बीजेपी का नारा अबकी बार 400 पार, के पीछे बहुत बड़ा प्लान है जो लोकतंत्र और देश की जनता के लिए घातक है।यह आरोप लगाते हुए कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने कहा कि वास्तव में बीजेपी की नीयत संविधान बदलने,आरक्षण समाप्त करने, लोगों के अधिकार समाप्त करने की है। 2024 का लोकसभा चुनाव अवसर है संविधान और लोकतंत्र को बचाने का, मतदाताओं को सजग रहने की जरूरत है क्योंकि चुके तो देश और समाज की प्रगति बाधित होगी।

# बन्दरो के आतंक से गॉव में भय का माहौल घर से बाहर निकलना हुआ मुश्किल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



गोसाईगंज। राजधानी लखनऊ के विकास खंड गोसाईगंज की पंचायत अहिरन ढकवा में बन्दरों ने भय का माहौल बना रखा है। बिगत कई दिनों से बंदर दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों को काट कर घायल कर चुके है। साठ वर्षीय शान्ती देवी घर के बाहर लगे पौधों को पानी दे रही थी इतने मे ही बंदरो के झुंड ने उनपर हमला बोल दिया और कई जगह काट कर लहूलुहान कर दिया। शांती देवी के चिल्लाने पर घर वाले उठाकर सेंट जोसेफ हॉस्पिटल गोमतीनगर लखनऊ ले गये जहाँ उनका ईलाज चल रहा है। इसी प्रकार चन्द्रपाल यादव राम सिंह दिनेश, कन्धाई, विवेक, अजय, विद्यावती, प्रशान्त, राजेश, सोनम, कविता आदि को भी बंदर काट कर घायल कर चुके है। ग्रामीणों की माने तो बंदरो का आतंक इतना ज्यादा है की लोग घर से निकलने मे डरने लगे है। बच्चों का स्कूल जाना, खेलना बाहर निकलना ही बंद कर दिया है। वही अन्य ग्रामीण जब बाहर निकलते है तो झुंड बनाकर हाथ मे लाठी डंडो के साथ निकलते है जिससे बंदरो के हमले से बचा जा सके। दर्जनों लोगो के घायल होने और शिकायत के बावजूद भी बंदरो को पकड़ने या भगाने के लिये प्रशासन ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है।



# इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा विगत कई वर्षो से वितरण किया जा रहा पौष्टिक आहार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

आशियाना इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई में विगत कई वर्षो से पौष्टिक भोजन वितरण किया जा रहा है। यह भोजन वितरण गरीब, असहाय एवं मजबूर लोगो के लिए है। जो लोग रात को बिना भोजन के खाली पेट सोने को मजबूर हैं। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने बताया कि उनका लक्ष्य भूख मिटाना है,
गरीब को दान करना व भूखे को खाना खिलाना ही भगवान की असली भक्ति है। भगवान की भक्ति करने का यह भी सही तरीका है। क्योंकि भूख से मौत भारत की दुखद वास्तविकता है। इसी सर्वोपरि लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी द्वारा संचालित ब्रज की रसोई परिवार द्वारा लखनऊ के आशियाना क्षेत्र के प्रसिद्ध मन्दिर और चिन्हित झोपड़ पट्टियां, अस्पताल इत्यादि स्थान शामिल है।
संस्था की सक्रिय सदस्य मिट्ठू राय चाहती है कि आप सब भी हमारे इस प्रयास को सही व्यक्ति तक पहुँचाने में मदद करे और आप भी सहयोग अवश्य करे ताकि आप सब के सहयोग से यह पुण्य और नेकी के कार्य को और अधिक लोगो तक तथा बड़े स्तर पर ले जाना संभव हो सके। संस्था के एक और सदस्य आशीष श्रीवास्तव ने बताया ऐसे तो शहर में कई संस्थाएं काम कर रही है लेकिन इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी सेवा के क्षेत्र में एक अलग ही पहचान बनी हुई है। विगत कई बर्ष पहले इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ने अनूठी पहल की शुरुआत करते हुए समाज को प्रेरणा देने का काम किया है। अब यह संस्था अनाथ, निराश्रित, अकिंचन बच्चों व व्यक्तियों को खाना खिलाने के अलावा कई और भी सेवा कार्य व समारोह की शुरुआत करना चाहती है। इस पर संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा कहते है प्राणी सेवा धर्म एक व्यक्ति नहीं कर सकता उसके लिए समूह की आवश्यकता होती है। इसलिए परोपकारी दानवीरों से संस्था का विनम्र आग्रह है कि वह आगे आकर इस पुण्य कार्य में अपना अमूल्य योगदान दें संस्था ऐसे सभी जनमानस दानवीरों को आमंत्रित करती है।

### सायरा बानो और हेमा मालिनी समेत 10 विभूतियों को पं. लच्छू महाराज सम्मान, 31 अगस्त को होगा आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पं. लच्छू महाराज जन्मोत्सव समारोह का आयोजन 31 अगस्त को लखनऊ में होगा। इस मौके पर हिंदी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सायरा बानो व हेमा मालिनी समेत दस विभूतियों को पं. लच्छू महाराज सम्मान दिया जाएगा। इसका फैसला शनिवार रात भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता वीसी प्रो. मांडवी सिंह ने की। पंडित लच्छू महाराज की वरिष्ठ शिष्या कुमकुम आदर्श ने बताया कि इस बार जिन्हें सम्मानित किया जा रहा है।

# छठवां चरण : 14 लोकसभा क्षेत्रों व गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

- अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू होगा नामांकन, अंतिम तिथि 06 मई
- छठवें चरण में 12 सीटें सामान्य और 02 सीटें आरक्षित श्रेणी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छठवें चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए 29 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य किये जा सकेंगे। प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन के छठवें चरण के अंतर्गत 14 लोकसभा सीटों में 38-सुल्तानपुर, 39-प्रतापगढ़, 51-फूलपुर, 52-इलाहाबाद, 55-अम्बेडकरनगर, 58-श्रावस्ती, 60-डुमरियागंज, 61-बस्ती, 62-सन्त कबीर नगर, 68- लालगंज अजा, 69-आज़मगढ़, 73-जौनपुर, 74-मछलीशहर अजा, 78-भदोही हेतु चुनाव सम्पन्न किया जाना है। छठवें चरण की 14 लोकसभा सीटों में 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 02 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, सन्तकबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी तथा भदोही सहित 15 जिलों के अंतर्गत आते हैं। 292-गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र जिला बलरामपुर के अन्तर्गत आता है। प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के छठवें चरण की 14 लोकसभा सीटों तथा 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 06 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 07 मई को की जायेगी। 09 मई को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। इसके उपरान्त इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची अन्तिम हो जायेगी। छठवें चरण का मतदान 25 मई को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निर्वाचन क्षेत्रों की 04 जून को मतगणना की जायेगी। छठवें चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.69 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.42 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में 17113 मतदान केन्द्र तथा 28171 मतदेय स्थल पोलिंग बूथ हैं। 292-गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में 3.62 लाख मतदाता है, जिसमें 1.93 लाख पुरुष मतदाता तथा 1.69 लाख महिला मतदाता है। नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा सुरक्षा हेतु तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25,000 रुपये तथा अनुजाति,अनु जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। विधानसभा उप चुनाव के लिए सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 10,000 रुपये तथा अनुजाति,अनु जनजाति के प्रत्याशी को 5000 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय,राज्यीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में व रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दल एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक प्रत्याशी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये निर्धारित है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# टीएन शेषन ने बदली थी भारत के अराजक चुनावों की तस्वीर

**शेषन इस प्रस्ताव पर राजीव गांधी से मिले। राजीव गांधी ने शेषन को मुख्य चुनाव आयुक्त का पद स्वीकार करने के लिए अपनी सहमति दे दी। लेकिन वो इससे बहुत खुश नहीं थे। उन्होंने उन्हें छेड़ते हुए कहा कि वो दाढ़ी वाला शख्स (चंद्रशेखर) उस दिन को कोसेगा, जिस दिन उसने तुम्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने का फ़ैसला किया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने साठ के दशक में तमिलनाडु में शेख़ को नजरबंद करवा दिया था। शेषन उस समय मदुरै जिले के कलेक्टर थे। उनको जिम्मेदारी दी गई थी कि वो शेख़ द्वारा बाहर भेजे गए हर पत्र को पढ़ें।**

*देश की मौजूदा पीढ़ी को शायद इस बात का अंदाजा भी नहीं होगा कि भारत की आजादी के बाद की ऊबड-खाबड़ यात्रा में देश ने ऐसे-ऐसे हिचकोले खाए कि लगने लगा था कि लोकतंत्र पटरी से उतर कर अराजकता में बदल जाएगा। इसी यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती थी, देश के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराना। आज जिस तरह शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराए जा रहे हैं। करीब साढ़े तीन दशक पहले इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। उस दौर में ऐसा कोई भी चुनाव नहीं रहा जो खून-खराबे से भरा नहीं रहा हो। देश में बैलट पर बुलट भारी था। बंदूक की नोक पर वोटों की पेटियों को लूटना आम बात थी। भारत की चुनावी प्रक्रिया में हर तरह की बुराई थी। ऐसे में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश के दबंग चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले टीएन शेषन नौकरशाही में भी सुधार के जनक थे। ईमानदारी और कानून के प्रति अपनी निष्ठा की वजह से वह बहुतों को खटकते भी थे। इस वजह से उनके विरोधी उनको सनकी और तानाशाह तक भी कहते थे। लेकिन वह व्यवस्था में क्रांति लाने वाले इंसान, मेहनती, सक्षम प्रशासक, योग्य नौकरशाह, बुद्धीजीवियों और मध्य वर्ग के नायक थे। पलक्कड़ (केरल) के निवासी टीएन शेषन ने 1955 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में ट्रेनी के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की। शेषन ने अपनी पहली तैनाती में ही तीखे तेवर दिखाते हुए तमिलनाडु के मदुरई जिले के डिंडीगुल में सब कलेक्टर पद पर रहते हुए हरिजन समुदाय के एक व्यक्ति पर फंड के घपले का आरोप में गिरफ्तार करवा दिया। मंत्री के दवाब के बाद भी आरोपी को नहीं छोड़ा। चेन्नई में यातायात आयुक्त पद के दौरान एक बार एक ड्राइवर ने शेषन से पूछा कि अगर आप बस के इंजन को नहीं समझते और ये नहीं जानते कि बस को ड्राइव कैसे किया जाता है, तो आप ड्राइवरों की समस्याओं को कैसे समझ पाएंगे। शेषन ने इसको एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने न सिर्फ़ बस की ड्राइविंग सीखी बल्कि बस वर्कशॉप में भी काफ़ी समय बिताया। एक बार उन्होंने बीच सड़क पर ड्राइवर को रोक कर स्टेयरिंग संभाल लिया और यात्रियों से भरी बस को 80 किलोमीटर तक चलाया। शेषन का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से काफी झगड़ा हो गया, जिसके बाद वे प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली आ गए और तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के एक सदस्य के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आग्रह पर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के सचिव बन गए। सचिव के तौर पर उन्होंने टिहरी बांध और सरदार सरोवर बांध जैसी परियोजनाओं का विरोध किया। भले ही सरकार ने उनको विरोध को दरकिनार कर दिया और परियोजना पर काम को आगे बढ़ाया लेकिन बांध के पर्यावरण पर पडने वाले प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया गया। इसके साथ ही शेषन ने विभागों में नहीं कहने का रुझान शुरू किया। इस दौरान राजीव गांधी से उनकी नजदीकी बढ़ी। वहां से उनको आंतरिक सुरक्षा का सचिव बनाया गया। करीब 10 महीनों बाद उनको कैबिनेट सचिव बनाया गया। जब राजीव गांधी दिसंबर 1989 में चुनाव हार गए और प्रधानमंत्री नहीं रहे तो टीएन शेषन का ट्रांसफर योजना आयोग में कर दिया गया। शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की दास्तां भी कम दिलचस्प नहीं है।*

---

### एक्सप्रेस आलेख

**राजधानी का यह कन्या विद्लाय 1904 में शुरू हुआ था। यह उत्तर भारत के पहले कन्या विद्लायों में से एक माना जाता है। कमला नेहरू, प्रख्यात सरोद वादिका शरण रानी बाकलीवाल, कपिला वात्सायन वगैरह ने इसी में शिक्षा ग्रहण की थी। इस स्कूल के प्रबंधन ने ही राजधानी में इन्द्रप्रस्थ कॉलेज खोला जिसने हाल ही में अपना 100 साल का सफर पूरा किया है। यह कैसे हो सकता है कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक रामजस कॉलेज के संस्थापक, शिक्षाविद और दानवीर राय केदारनाथ का उल्लेख रह जाए। उन्होंने अपने पिता लाला रामजस मल के नाम पर रामजस कॉलेज और अनेक स्कूल स्थापित किये। राय केदारनाथ दिल्ली के सेशन जज भी रहे।**

# क्यों श्रेष्ठ कॉलेज खोलें गांवों में स्कूल



आर.के. सिन्हा

**कहते हैं कि वे अपने स्कूलों की इमारतों के निर्माण के समय खुद सिर पर ईंटे ढोया करते थे। रामजस कॉलेज और स्कूलों में देशभर के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। यहां दिल्ली विश्व विद्लाय की तरफ से भी एक स्कूल चलाया जाता है। यह विश्व विद्लाय कैंपस में ही है। उसने कुछ समय पहले अपनी 75वी वर्षगांठ मनाई।**

कभी विचार कीजिए कि किसी स्कूल या कॉलेज को किस आधार पर श्रेष्ठ कहा जाना चाहिए? बेशक, इसका एकमात्र पैमाना यही हो सकता है कि उस शिक्षण संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को इस तरह के संस्कार दिए जिसके चलते उन्होंने आगे चलकर बेहतर नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा की। इसका एक पैमाना यह भी हो सकता है कि क्या उसने ( शिक्षण संस्थान) ने अपना विस्तार किया ? विस्तार से मतलब है कि क्या उसने अपनी कोई अन्य शाखा भी खोली और वहां का शिक्षण भी श्रेष्ठ और स्तरीय रहा । बेशक, इस मोर्चे पर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज का नाम लेना होगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज को गांधी जी के परम सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रूज की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। एंड्रूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के समर्थक थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी। अब उनके कॉलेज ने अपना विस्तार कर लिया है। इसने कोई अन्य कॉलेज नहीं खोला है। दरअसल अब दिल्ली ब्रदरहुड़ सोसायटी ने दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत की सीमा के राई नामक ग्रामीण क्षेत्र में सेंट स्टीफंस कैंम्ब्रिज स्कूल खोला है। यानी कि यह स्कूल शहरों और महानगरों की चमक-दमक से दूर ज्ञान की रोशनी को फैलाएगा। निश्चित रूप से प्रत्येक शिक्षण संस्था का यही लक्ष्य होना चाहिए। भारत के गांवों में जितने बेहतर स्कूल खुले, उतना ही बेहतर होगा। हमारे बड़े-बड़े शहरों में तो अब खूब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्लाय खुल रहे हैं, पर जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्कूल खोलने की है, जिनकी स्तरीय फैक्ल्टी हो और वहां बाकी तमाम सुविधाएं भी मौजूद हों।यह प्रयास पिछ्ले लगभग 140 वर्षों में 700 से ज्यादा शिक्षण संस्थान देश के कोने-कोने में खोले और सेवा भाव से चलाया7 सन 1885 में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित डी0ए0वी0( पूरा नाम- दयानंद ऐग्रो वेदिक स्कूल और कॉलेज समूह इस बात का उत्कृष्ठ उदाहरण है कि समाज में सेवा भावना से चलाया जाने वाला कार्य भी सफल हो सकता है। अभी कुछ दिन पहले संघ लोक सेवा परीक्षा ( यूपीएससी) की परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए। सारा मीडिया सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू करता रहा। बीते सालों की तरह से इस बार भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक किया। सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे अंशुल भट्ट ने मेरिट लिस्ट में 14 वां स्थान ग्रहण किया। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से लेकर भारतीय रिजर्व बैंक अध्यक्ष शक्तिकान्त दास सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी सेंट स्टीफंस कॉलेज से ही पढ़ाई की है। इसने देश के न जाने कितने सितारे निकाले हैं। उनकी गिनती करना असंभव है। सेंट स्टीफंस कॉलेज के शुरूआती दौर में पढ़ने के लिए मौजूदा हरियाणा राज्य से चौधरी छोटूराम भी आया करते थे। वे आगे चलकर किसानों के मसीहा कहलाए। अब भी हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता चौधरी छोटूराम को अपना मसीहा मानती है। संयोग देखिए कि अब उनके प्रदेश में उनके शिक्षण संस्थान ने दस्तक दे दी। जाहिर है, इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। अगर आपका कभी दिल्ली के चांदनी चौक में जाना हो तो आपको वहां पर किनारी बाजार को ढूंढने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। वहां से आप कटरा खुशहाल राय में चंद मिनटों में पहुंच सकते हैं। यहां पर पहुंचकर किसी से पूछिए कि सेंट स्टीफंस कॉलेज कहां था? आपको कोई ना कोई बता देगा कि उस सामान्य सी हवेली का रास्ता जहां से 1 फरवरी, 1881 को सेंट स्टीफंस कॉलेज की यात्रा शुरू हुई थी। यह तब कलकत्ता यूनिवर्सिटी का हिस्सा था। सेंट स्टीफंस कॉलेज की दिल्ली के चांदनी चौक में स्थित पहली इमारत को देखकर कोई सोच भी नहीं सकता कि यहां से शुरू हुआ सेंट स्टीफंस कॉलेज बुलंदियों को छूने लगेगा। जो सफर 140 साल से भी पहले शुरू हुआ था था, उसका अब विस्तार हो चुका है। सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज खुल चुका है। महत्वपूर्ण है कि दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट की स्थापना सन 1877 में हुई थी। इसका संबंध कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से है। इसने आगे चलकर अपना नाम दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी रखा। इसने ही राजधानी में सेंट स्टीफंस अस्पताल की भी स्थापना की थी। देश के बंटवारे के बाद सरहद के उस पार से लुटे-पिटे आए लाखों हिन्दू और सिख शरणार्थियों का इस अस्पताल ने श्रेष्ठ इलाज किया था। एक बात बहुत साफ है कि स्तरीय शिक्षा सर्वसुलभ होनी बहुत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सालों, दशकों से स्थापित शिक्षण संस्थाएं अपना तेजी से विस्तार करें। वे देश के ग्रामीण क्षेत्रों का रुख भी करें। वहां पर स्तरीय और सस्ती शिक्षा उपलब्ध करवाएं। स्कूल या कॉलेज खोलने का आधार अपनी जेबें भरना नहीं होना चाहिए। जो शिक्षा के नाम पर मोटी कमाई कर रहे हैं, वे सच में मां सरस्वती का अपमान कर रहे हैं। मैं यहां पर महात्मा गांधी के परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला का उल्लेख करना चाहता हूं। चांदीवाला गांधी जी से पहली बार 1918 में मिले थे। तब गांधी जी दिल्ली आए ही थे। उसके बाद वे गांधी जी के जीवपर्यंत शिष्य बनकर साथ रहे। उन्होंने गांधी जी के पार्थिव शरीर का 31 जनवरी,1948 की रात को अंतिम स्नान भी करवाया था। ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने अपनी मां और समाज सेविका श्रीमती जानकी देवी जी के नाम पर 1959 में राजधानी में जानकी देवी कॉलेज स्थापित किया था। इस क़ॉलेज ने अब तक लाखों बेटियों को साक्षर बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है।



**अब भी हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता चौधरी छोटूराम को अपना मसीहा मानती है। संयोग देखिए कि अब उनके प्रदेश में उनके शिक्षण संस्थान ने दस्तक दे दी। जाहिर है, इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा।**

---

### एक्सप्रेस कविता

*एक मतदान के पावन दिन लगाकर कपड़ों में चमकदार रिन एक पार्टी के उम्मीदवार लगते थे मानो है सूबेदार, बिना लंबा भाषण गाये मुस्कुरा कर मेरे पास आए, बोले, कृपया अपने मताधिकार का लोकतंत्र के हथियार का भरपूर करें प्रयोग दिमाग का करें उपयोग आप एक दिन के हैं राजा लोकतंत्र के हैं*

*महाराजा बाद के पांच वर्षों में प्रतिदिन आपकी इच्छाओं का बजने वाला है बाजा, यही लोकतंत्र का है मजा गलत उम्मीदवार को चुनोगे तो आगे पाओगे बड़ी सजा हमने पूछा यह क्या होता है लोकतंत्र वह जोर-जोर से हंसे बोले यह है अलौकिक तंत्र और है प्रजातंत्र का मंत्र। मिलता है मतदाता को वोट देने का बस एक दिन का अधिकार मतदान करने जाता सपरिवार, आगामी पांच साल कोसता है।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*एक बार जब आप नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों से बदल देंगे, तो आपको सकारात्मक परिणाम मिलने लगेंगे*

---

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 07:57 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढा 28:42 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | सिद्ध, 24:25 |
| सूर्योदयः | 05:43 |
| सूर्यास्तः | 18:53 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 07:22-09:01 |
| विक्रमी संवत्ः | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | 11:54-12:42 |

## जन एक्सप्रेस

**थे घातक मंसूबे !**

*एक एक करके ।*
*खुल रही सब पोल ।।*
*थे घातक मंसूबे ।*
*बहुत घुमाया गोल ।।*
*बढ़ गया संदेह ।*
*अब तो इस प्रकार ।।*
*पल पल का ये घटनाक्रम ।*
*करता खबरदार ।।*
*है मिले हथियार ।*
*मामला गंभीर ।।*
*बच नहीं वो सकते ।*
*लाख चलाएं तीर ।।*
*हो रहा प्रयास पर ।*
*रफा दफा कर जाना ।।*
*पर लगता है तय बजना ।*
*अलग ही तराना ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ज्यादा दवा लेने से भी हो सकता है सिरदर्द



**हम** सभी को जीवन में कभी न कभी सिरदर्द होता ही है। सर्दी-जुकाम की तरह ही सिरदर्द भी एक आम समस्या मानी जाती है। लेकिन, इसके कई प्रकार होते हैं। कुछ सिरदर्द की वजह से लोगों काम करने में परेशानी होती है। ऐसे में जब डॉक्टर दवाएं देते तो लोगों इन दवाओं के सेवन से सिरदर्द बढ़ जाता है। इस तरह के सिरदर्द को रिबाउंड सिरदर्द कहते हैं। दरअसल, ज्यादा दवाओं लेना रिबाउंड सिरदर्द का कारण माना जाता है। इस दौरान व्यक्ति को कई तरह के लक्षण महसूस हो सकते हैं।

**रिबाउंड सिरदर्द के कारण:** रिबाउंड सिरदर्द दवा के आधार पर हर व्यक्ति को अलग-अलग हो सकता है। लेकिन, एक्सपर्ट इसे पेन किलर और सिरदर्द की दवाओं से इस तरह के सिरदर्द होने की संभावना बढ़ जाती है। इन दवाओं में आप आगे बताई दवाओं को शामिल कर सकते हैं।

**पेन कम करने वाली दवाएं :** दर्द कम करने वाली दवाओं के अत्यधिक इस्तेमाल से रिबाउंड सिरदर्द हो सकता है। कई बार व्यक्ति डॉक्टर के द्वारा बताई खुराक से ज्यादा दवा ले लेते हैं, ऐसे में रिबाउंड सिरदर्द का जोखिम बढ़ जाता है।

**माइग्रेन की दवाएं:** माइग्रेन की दवाओं को लंबे समय तक लेने या ज्यादा लेने भी रिबाउंड सिरदर्द का जोखिम बढ़ सकता है। इसमें कुछ तरह की दवाओं से सिरदर्द का जोखिम कम होता है। लेकिन, कुछ से रिबाउंड सिरदर्द होने की संभावना बढ़ जाती है। जबकि, कुछ दवाएं ऐसी होती हैं जिनसे सिरदर्द की समस्या नहीं होती है।

**कॉम्बिनेशन पेन रिलिवर मेडिसिन:** कुछ दवाएं जो आप सीधे मेडिकल स्टोर से ले लेते हैं, उनके कॉम्बिनेशन से आपको रिबाउंड सिरदर्द होने की संभावना अधिक हो जाती है। इन दवाओं को बिना डॉक्टर की सलाह से नहीं लेना चाहिए।

#### रिबाउंड सिरदर्द के लक्षण

रिबाउंड सिरदर्द के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। यह दवाओं के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं। जानते हैं इसमें महसूस होने वाले कुछ मुख्य लक्षण।

- बेचैनी होना
- सुबह उठते समय सिरदर्द में भारीपन महसूस होना
- दवा का असर खत्म होने पर दोबारा सिरदर्द होने लगता है।
- जी मिचलाना
- किसी काम में मन न लगना
- याददाश्त कमजोर होना
- चिड़चिड़ापन, आदि।

---

### एक्सप्रेस विशेष

# लोकतंत्र के प्रहरियों, जग जाओ



रमा निवास तिवारी

**लोकतंत्र में चुनाव अगर प्रत्याशियों की परीक्षा है तो निश्चित तौर पर मतदाता ही वह परीक्षक है जो प्रत्याशियों को फेल या पास करता है। परीक्षक जितने अधिक होंगे पास फेल के परिणाम भी उतने ही परिपक्क होंगे, नतीजों के सटीक होने की संभावना बलवती होगी।**

**चुनाव आयोग की बारंबार अधिक मतदान की अपीलों, जागरुकता कार्यक्रमों के बाद भी हम अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नही कर रहे हैं तो यह चिंताजनक है। आगे के चरणों में लोकतंत्र के इस महापर्व पर हम सभी अपना मतदान करके देश का जिम्मेदार नागरिक होने का प्रमाण दें। साथ ही केवल मताधिकार को पहचाने ही न,बल्कि उसके प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन भी करें।**



**हम** यानि मतदाता लोकतंत्र के प्रहरी हैं। जब प्रहरी ही अपने अधिकारों और कर्तव्यों से च्युत हो जायेगा तो लोकतंत्र कहां से मजबूत और खूबसूरत बन पायेगा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है, दो चरण के चुनाव सम्पन्न भी हो चुके हैं लेकिन मतदाताओं ने इन दोनों ही चरणों में अपने वोट के इस्तेमाल के प्रति उदासीनता दिखाई है, यह बात बहुत ही चिन्ताजनक है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े सूबे के मतदाताओं की भागीदारी का प्रतिशत तो काफी कम दिखा। चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदाताओं की भागीदारी स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण की प्रथम शर्त है और हम यहीं फेल होते दिखाई दे रहे हैं। चुनाव के संपन्न हो चुके दो चरण कोई अच्छे संकेत नही देते हैं। चुनाव एक मौका होता है अपने देश को अच्छे जनप्रतिनिधियों के हवाले करने का,चुनाव कोई महीने दो महीने के मनोरंजन का मसला नही है बल्कि यह देश के भविष्य की मुनादी तय करता है। लोकतंत्र के महायज्ञ में सबकी आहुतियां पड़नी चाहिए। जिन मतदाताओं ने वोट नही दिया,यह मानना चाहिए वे लोकतंत्र के प्रति अपनी बड़ी जिम्मेदारी से चूक गये,साथ ही आगे बनने वाली किसी भी सरकार की गलत नीतियों को कोसने का अधिकार भी गंवा बैठे।यद्यपि भीषण गर्मी में चुनाव हो रहे हैं फिर भी केवल एक दिन की ही तो बात है, सारा काम छोड़कर मतदान के लिए जाना ही चाहिए। हम अपने दूसरे कामों में गर्मी सर्दी कुछ नही देखते हैं, फिर मतदान के लिए इतनी सी चुनौती नही स्वीकार कर सकते हैं? सच तो यह है कि हम मतदान को कोई बड़ा और आवश्यक कार्य समझते ही नही हैं, हम यह मानकर चलते हैं कि हमारे एक वोट से क्या होगा, जिसको जीतना होगा वह जीतेगा ही। कोउ नृप होय हमय का हानी ऐसे ऐसे जुमलों के तर्क देकर वोट न देने के अपने निर्णय को सही सिद्ध करने लगते हैं। मतदाताओं की यही सोंच कम मतदान का कारण है। लोकतंत्र में चुनाव अगर प्रत्याशियों की परीक्षा है तो निश्चित तौर पर मतदाता ही वह परीक्षक है जो प्रत्याशियों को फेल या पास करता है। परीक्षक जितने अधिक होंगे पास फेल के परिणाम भी उतने ही परिपक्क होंगे, नतीजों के सटीक होने की संभावना बलवती होगी। मतदाता देश का भाग्यविधाता भी है,एक मतदाता के रूप में उसे इस बात का भान होना चाहिए। अभी तो शुरुआती दो दौर का मतदान ही हो पाया है, अभी पूरा चुनाव बाकी है, अभी भी हम लोकतंत्र के प्रहरियों को सजग हो जाना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं का सामना करके बनने वाली सरकारों की विश्वसनीयता भी अधिक होती है। वे असली जनादेश का प्रतिबिंब होती हैं। उत्तर प्रदेश में दूसरे दौर के मतदान में लगभग 54 फीसदी वोट पड़ा है, जिसका सीधा अर्थ है कि लगभग आधे मतदाताओं ने चुनाव से दूरी बनाए रखी। सोंचने वाली बात है कि जब आधे मतदाता वोट ही नही दे रहे हैं तो लोकतंत्र की उभरती हुई सूरत कितनी खूबसूरत होगी। दूसरी ओर विजयी प्रत्याशियों को असली जनादेश का प्रतिनिधित्व करते हुए कैसे माना जाये।एक मतदाता के रूप में उंगली पर चुनावी स्याही का अंकन आपको लोकतंत्र में जिम्मेदार नागरिक होने का प्रमाण पत्र देता है। चुनाव आयोग की बारंबार अधिक मतदान की अपीलों, जागरुकता कार्यक्रमों के बाद भी हम अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नही कर रहे हैं तो यह चिंताजनक है। आगे के चरणों में लोकतंत्र के इस महापर्व पर हम सभी अपना मतदान करके देश का जिम्मेदार नागरिक होने का प्रमाण दें। साथ ही केवल मताधिकार को पहचाने ही न,बल्कि उसके प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन भी करें। मेरी यह अपील है आप लोकतंत्र के प्रहरियों से कि उठो और चुनाव के अगले चरणों में अपना मतदान अवश्य करो।

# संभली रहियो ओ मैना शिकारी आएंगे

✱ नेताजी तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं। जीतेंगे भाई जीतेंगे नेताजी जीतेंगे 100 में 80 हमारा है बाकी सब बटवारा है कहां पड़े हो चक्कर में कोई नहीं है टक्कर में नेताजी जिंदाबाद जिंदाबाद जिंदाबाद नेताजी के टेंपो हाई है लगाते रहो नारे कोई नहीं आएगा काम तुम्हारे बहुत सोच समझकर वोट करे और मतदान जरूर करें लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें

**जन एक्सप्रेस | सुनहरा**

लखीमपुर खीरी। संभली रहियो ओ मैना शिकारी आएंगे,लेकर हाथो में तस्बीह मुंह में राम राम और बगल में छुपाकर कर कटारी आएंगे, पहले डालेंगे दाना फिर फेंकेंगे जाल जान पाए न कोई चतुर इनकी चाल, इनके फंदे से छुटे किसकी मजाल मीठी बातों में जादू गजब का कमाल ,झूठे वादों की लेकर पिटारी आएंगे, सारे सर्कस के करतब दिखाएंगे यह डुगडुगी द्वार द्वार बजाएंगे यह हर मोहल्ले में बंदर नचायेंगे यह खुद सपोले बनकर मदारी आएंगे, संभली रहियो ए मैना शिकारी आएंगे,जनपद लखीमपुर खीरी के अवधि भाषा के कवि फारूक सरल की यह पंक्ति चुनाव के समय बिल्कुल सटीक बैठती है जो खुद बा खुद जुबान पर आ जाती है यही सच्चाई है चुनाव की सरगर्मियां दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। सभी प्रत्याशियों ने नामांकन करा लिया है और ऐसी और ऐश आराम की जिंदगी से निकल कर तपती गर्मी में पांच सालों में बाबाजी ताऊजी चाचा जी की याद आई और घर से निकल पड़े लोगो का आशीर्वाद लेने जनता का अपार समर्थन मिल रहा है क्षेत्र वासियों ने मन बना लिया है यह चुनाव मैं नहीं जानता लड रही है वहीं जनता जो चुनाव के बाद ऐसी गाड़ियां में दिखाई नहीं देती शीशा खोलने में गर्म हवा आएगी आज गर्म तपती धूप में नेता जी के सबसे ख़ास बनने की होड़ में लगे लोग नेता जी की टेम्पो हाई है नेता जी ज़िंदाबाद नारो के साथ गली कुचो मोहल्लों में चक्कर लगा रहे यह चुनाव है भाई गरीब के मुंह में सुखी रोटी नहीं लंच पैकेट है सबके आशीर्वाद लेकर नेता जी अपनी जीत पक्की मान कर चल रहे कही किसी सभा में भीड़ भाड़ कम दिखी नेता जी कुछ उदास हुए उनके साथ चल रही मडली उनके उत्साह को कम नहीं होने देते फर्जी दिमाग की उपज नेता जी बहुत बढ़िया माहौल बना कम से कम एक लाख से जीत होगी नेताजी के हौसले बुलंद थकान भूल गए जो आ रहा नेता जी इस क्षेत्र में बहुत जबरदस्त समर्थन मिल रहा उस मोहल्ले में अपनी बढ़त अपने जानने वाले को फोन किया बता रहा था और जगह प्रचार करें नेता जी इस गांव में 90 प्रतिशत ओट नेता जी को जा रहा यहां आने की कोई जरूरत नहीं यह चुनावी मौसम है सबसे अच्छा यही मौसम होता है सबकी इज्जत सबको सम्मान भीड़ जुटाने के लिए झंडा पकड़ने के लिए नारे लगाने के लिए जनता की आवश्कता है चार जुन तक इज्जत फिर जहां थे उसी शाचे में ढल जाना है जब तक चाय की दुकान पान की दुकान मोहल्ले में बैठक के लिए और इधर उधर की चुनावी बातो का आनंद लेने का पर्व है नेता जी हारे या जीते बला से जो जीतेगा उसी की टेम्पो हाई है नेता जी सुबह छः बजे से रात्रि बारह बजे तक सो नहीं पाते मारे थकान से जिससे बात न करना चाहो उससे बात करनी पड़ती है। लेकिन सच्चाई के धरातल पर सच्चाई कुछ और है व चार जून को सबके सामने होगी रही बात जनपद की तो यहां भाजपा सपा बसपा प्रत्याशी की ही चर्चा है रही बात बहुजन समाज पार्टी के खीरी लोकसभा प्रत्याशी को दलित पंजाबी और सर्व समाज का वोट मिल रहा है जीत पक्की है। समाजवादी पार्टी को मुस्लिम यादव वर्मा हर वर्ग का वोट मिल रहा है जीत पक्की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय मिश्रा ऊर्फ टेनी को ब्राह्मण लाला गुप्ता हर वर्ग का समर्थन दो बार सांसद रहे अजय मिश्रा ऊर्फ टेनी की जीत पक्की बस रिजल्ट चार जून को आएगा सभी जोर लगाए हैं सभी उम्मीद लगाए हैं। चार जून के बाद जनपद की तस्वीर बदल जाएगी नेता जी विकास की गंगा बहा देंगे हर तरफ अमन चैन अब तो जन समस्या नेता जी की समस्या हर सुख-दुख में नेता जी रहेगे हाथ तुम्हारे डरने की क्या बात है।




# करिश्मा कपूर ने लखीमपुर खीरी में नए कल्याण ज्वैलर्स और कैंडेरे शोरूम का उद्घाटन किया





✱ इस शोरूम के साथ कल्याण ज्वैलर्स ने लखीमपुर खीरी में किया प्रवेश, उत्तर प्रदेश राज्य में ब्रांड का यह 23वां शोरूम

✱ ग्राहकों को मिलता है विश्व स्तरीय माहौल में खरीदारी का शानदार अनुभव

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

रविवार को भारत की सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण कंपनियों में से एक, कल्याण ज्वैलर्स ने आज नौरंगाबाद, लखीमपुर खीरी में डी.सी. रोड, डी.एम. निवास के पास अपना बिल्कुल नया शोरूम लॉन्च किया। बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर ने इस शोरूम का उद्घाटन किया, जिसमें कल्याण ज्वैलर्स के विभिन्न संग्रहों से डिजाइन की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की गई है। बगल में कल्याण ज्वैलर्स के लाइफस्टाइल ब्रांड कैंडेरे का भी उद्घाटन किया गया। इस शोरूम में ग्राहकों को विश्व स्तरीय माहौल में खरीदारी का शानदार अनुभव मिलता है।

इस मौके पर एकत्र उत्साहित लोगों को संबोधित करते हुए, बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर ने कहा, कल्याण ज्वैलर्स के शोरूम लॉन्च इवेंट का हिस्सा बनना वाकई एक सम्मान की बात है। मैं इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ जुड़कर रोमांचित हूं, एक ऐसा ब्रांड जो विश्वास, पारदर्शिता और ग्राहकों को सबसे आगे रखने के अपने सिद्धांतों पर मजबूती से कायम है। मुझे विश्वास है कि ग्राहक कल्याण ज्वैलर्स का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे और कंपनी के अनूठे आभूषण अनुभव का आनंद अवश्य उठाएंगे।

नए शोरूम पर टिप्पणी करते हुए, कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, लखीमपुर खीरी में हमारे बिल्कुल नए कल्याण ज्वैलर्स शोरूम के लॉन्च के साथ हमारा उद्देश्य एक ऐसा सिस्टम डेवेलप करना है, जो हमारे ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा कर सके और उन्हें खरीदारी का एक शानदार अनुभव प्रदान कर सके। हम कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के विजन के प्रति मजबूती से कायम रहते हुए ग्राहकों को विश्व स्तरीय माहौल प्रदान करना चाहते हैं और इस तरह खुद को फिर से विकसित करना जारी रखना चाहते हैं। कल्याण ज्वैलर्स में, हम क्वालिटी और सर्विस पर ध्यान देने के साथ उत्कृष्ट और अद्वितीय आभूषण डिजाइनों की विशाल श्रृंखला पेश करना जारी रखेंगे।

इस सीजन में, ग्राहक सभी आभूषणों की खरीद पर मेकिंग चार्ज पर 25 फीसदी की छूट हासिल कर सकते हैं। अक्षय तृतीया पर खरीदारी के अनुभव को सरल बनाने के लिए, आभूषण ब्रांड ने अपनी अग्रिम बुकिंग सुविधा शुरू की है। इस प्री-बुकिंग कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, ग्राहक अब सुविधाजनक रूप से अपने आभूषणों का चयन कर सकते हैं और उन्हें पहले से ही ऑर्डर दे सकते हैं, जिससे शुभ दिन के अवसर पर वे बिना किसी परेशानी के खरीदारी पूरी कर सकें। इस पहल का उद्देश्य भीड़ को कम करना है और साथ ही ग्राहकों को अपने आभूषणों की खरीद पर 10 फीसदी अग्रिम भुगतान करके आभूषणों की कीमत लॉक-इन करने में सक्षम बनाना है। इसके अतिरिक्त, नए शोरूम से आभूषणों की खरीद पर कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट लागू होगा, जो बाज़ार में सबसे कम और कंपनी के सभी शोरूमों में मानकीकृत है। इस तरह ग्राहकों को एक सहज और सेवा-समर्थित खरीदारी का अनुभव सुनिश्चित होगा।ग्राहकों को कल्याण ज्वैलर्स का 4-स्तरीय एश्योरेंस सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा, जो शुद्धता, गहनों के मुफ्त आजीवन रखरखाव, विस्तृत उत्पाद जानकारी और पारदर्शी एक्सचेंज और बाय-बैक पॉलिसी की गारंटी देता है। एश्योरेंस सर्टिफिकेट अपने निष्ठावान ग्राहकों को बेहतरीन प्रॉडक्ट पेश करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।कल्याण ज्वैलर्स के बिल्कुल नए शोरूम में पूरे भारत से तैयार की गई ब्राइडल ज्वैलरी लाइन- मुहूर्त भी पेश की गई है। इसमें कल्याण के लोकप्रिय घरेलू ब्रांडों जैसे तेजस्वी (पोल्की आभूषण), मुध्रा(हस्तनिर्मित प्राचीन आभूषण), निमाह(मंदिर आभूषण), ग्लो (डांसिंग डायमंड्स), ज़िया (सॉलिटेयर-जैसे डायमंड आभूषण) (अनकट डायमंड्स), अपूर्व (विशेष अवसरों के लिए हीरे), अंतरा (शादी के हीरे), हेरा (रोजमर्रा में पहनने वाले हीरे), रंग (कीमती पत्थरों के आभूषण), और हाल ही में लॉन्च की गई लीला (रंगीन स्टोन और डायमंड ज्वैलरी) ब्रांड।

# युवक ने नाबालिग को बंधक बनाकर तीन दिनों तक दुष्कर्म किया, गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

नाबालिग को बंधक बनाकर कई दिनों तक दुष्कर्म किया। किसी तरह से पीड़िता चंगुल से बच निकली। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।लखीमपुर खीरी- उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में 21 वर्षीय युवक ने एक नाबालिग लड़की को बंधक बनाकर तीन दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी के चंगुल से किसी तरह मुक्त होने के बाद घर लौटने पर 17 वर्षीय लड़की ने धौरहरा कोतवाली में अपनी मां के साथ जाकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने शुरुआत में भारतीय दंड संहिता की धारा 343 (गलत तरीके से कैद करना), 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना) और 504 (जानबूझकर अपमान) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) पीपी सिंह ने बताया कि जांच और लड़की का बयान दर्ज करने के बाद मामले में धारा 376 (बलात्कार) और पॉक्सो अधिनियम की उचित धाराएं जोड़ी गईं। पीपी सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना 21 अप्रैल को तब सामने आई, जब पीड़िता की मां ने धौरहरा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अमन नाम के एक युवक पर आरोप लगाया कि उसने 19अप्रैल को उनकी बेटी को उस वक्त अपने साथ चलने के लिए मजबूर किया।

# चैती मेले की दुकानों पर मिलावटी और खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थ

✱ फूड इंस्पेक्टर ने किया निरीक्षण, दुकानदारों को दी हिदायत

**जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी**




गर्मी के साथ-साथ संचारी रोग भी पैर पसार रहे हैं जिसके देखते हुए चैती मेले में खुले में बिक रहे हैं और किसी भी प्रकार का मिलावटी खाद्य पदार्थ को लेकर शासन और प्रशासन सतर्क है और खाद्य विभाग को सख्त आदेश है। किसी भी दुकान पर खुले में और मिलावटी खाद्य सामग्री न बिके इसके लिए शासन के आदेश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चैती मेले में पहुंचकर दुकानदारों को हिदायत दी। कहा है कि जिनके लाइसेंस नहीं बने हैं वह जल्द ही अपने लाइसेंस भी बनवा लें। इन दिनों नगर के मेला मैदान में ऐतिहासिक चैती मेला चल रहा है। जिसका समापन 30 अप्रैल को होना है। गर्मी के साथ-साथ संचारी रोग पैर पसार रहे हैं। जिसे देखते हुए शासन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नत्थू कुशवाहा ने चैती मेला परिसर पहुंच खाद्य पदार्थों की दुकानों का सघन निरीक्षण किया। कई दुकानों पर उन्हें खुले में खाद्य पदार्थ बिकते मिले। जिसे देखकर उन्होंने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि कोई भी खाद्य पदार्थ खुले में नहीं बेचा जाएगा। खाद्य पदार्थ को ढक कर रखें जिससे लोगों की सेहत ठीक रहे।

उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों ने खाद्य विभाग से अभी तक लाइसेंस नहीं बनवाया वह तत्काल लाइसेंस बनवा लें। बाद में जांच के दौरान लाइसेंस न मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कब्जा करने की नियत से फसल नष्ट करने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**। शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया में दबंगों पर जमीन पर अवैध कब्जे की नियत से खेत में खड़ी फसल नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया है।पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया निवासी वीरपाल पुत्र दयाराम ने बताया वह संक्रमणीय भूमिधर किसान है। भूमि संख्या 38 उसकी भूमि है। उस पर वह फसल बोता और काटता है। गांव के दबंग बाबूराम ने उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने की नियत से उसकी फसल को नष्ट कर दिया। उसे मालूम हुआ तो वह विपक्षी के घर पूछने गया। विपक्षी ने अपने पुत्रों रामरहीस,अर्जुन और सौरभ के साथ मिलकर उसे गाली गलौज किया गाली देने से मना करने पर विपक्षी गण मारपीट पर आमादा हो गए। गांव वालों ने उसे बचाया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल शुरू की है।

### लकड़ी बीन रही महिला को पीटा

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**। शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में लकड़ी बीनने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी फिरोज पुत्र नासिर ने बताया रविवार को दोपहर दो बजे उसकी मां हसीना गांव के बाहर लकड़ी बीनने गई थी, तभी गांव के रतीराम पुत्र फत्ते ने उसकी मां को गाली गलौज किया। गाली देने से मना करने पर लात घूसों और डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में अधेड़ की मौत, साढ़ू जख्मी

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**। शादी समारोह में शामिल होने जा रहे अधेड़ की सड़क हादसे में मौत हो गई ,जबकि साथ ही में बाइक सवार साढ़ू जख्मी हो गया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार लोगों को कम चोटे आने के कारण मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार कोतवाली शहर के मोहल्ला बहरा सौदागर धर्मशाला रोड निवासी नजिर 55 शनिवार की शाम को अपने साढ़ू के भाई मुजफ्फर 45 के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहे थे रास्ते में बघौली थाना क्षेत्र में समरेहटा के पास सामने से आ रही दुसरी बाइक से टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार नजिर व मुजफ्फर दोनों गिरकर घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां पर डॉक्टर ने नजिर को मृत घोषित कर दिया। जबकि मुजफ्फर का इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी बाइक पर सवार लोगों के कम चोट होने के कारण मौके से भागने में सफल रहे।नजिर डेरी चलाने का काम करता था।साथ ही भैंसों को खरीदने और बेचने का भी काम करता था। शहर कोतवाल संजय पांडेय ने बताया कि जिला अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### सब्जी तोड़ने गए किसान की गर्रा नदी में डूबकर मौत

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**। गर्रा नदी के किनारे सब्ज़ी तोड़ने के बाद किसान वहीं नदी में नहाने लगा,उसी बीच वह गहरे पानी में डूब गया,वहां मौजूद उसके भाई का शोर सुन कर दौड़े लोगों ने उसे पानी से बाहर निकाला,लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रविवार की सुबह हुए हादसे से परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है।



जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र के खारा कुआं बेनीगंज निवासी 28 वर्षीय सूरज कश्यप पुत्र शिवरतन कश्यप सब्ज़ी की खेती करता था।धर्मपुर गांव के पास गर्रा नदी उसका सब्ज़ी का खेत है। रविवार की सुबह सूरज अपने भाई अमित के साथ खेत पर सब्ज़ी तोड़ने गया हुआ था,जैसा कि अमित ने बताया कि सब्ज़ी तोड़ने के बाद सूरज वहीं गर्रा नदी में नहाने लगा,उसी बीच वह गहरे पानी मे चला गया। इधर काफी देर बाद जब सूरज वापस नहीं आया तो अमित ने शोर मचाया,जिस पर आस-पड़ोस मौजूद लोग दौड़ पड़े। उन्होंने बमुश्किल पानी में डूबे सूरज को बाहर निकाल कर उसे सीएचसी पहुंचाया, लेकिन तमाम कोशिश करने के बाद भी उसकी ज़िंदगी नही बचाई जा सकी। बताते है कि सूरज के पिता की पहले मौत हो चुकी थी। सूरज भाई अमित के साथ सब्ज़ी बेंचता था और उसकी मां धनदेवी एक गुमटी में छोटी सी दुकान चलाती है। इसी से उसके घर का खर्च चलता था। घटना को लेकर परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया।

# प्रेक्षक की उपस्थिति में चुनाव अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

✱ डीएम ने किया सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ संवाद

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

रसखान प्रेक्षागृह में लोकसभा हरदोई के प्रेक्षक एम सुन्दरेश बाबू की उपस्थिति में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस सेक्टर के साथ संवाद किया। प्रेक्षक एम सुन्दरेश बाबू ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। मतदान केन्द्रो पर आवश्यक सुविधाओं की जाँच कर ली जाये। वलनरेबल व क्रिटिकल बूथों की विशेष निगरानी की जाये। आचार संहिता के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई की जाये। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन होता है। चुनाव आयोग की ओर से जारी ऐप के बारे में लोगों को बतायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के बारे में अच्छी तरह से जानकारी कर लें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान केन्द्र के बारे में पूरी जानकारी रखें। मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या की पूरी जानकारी रखें। वलनरेबल व क्रिटिकल बूथों के बारे में जानकारी रखें। मतदान दिवस पर कम से कम 3 बार प्रत्येक बूथ पर अवश्य पहुंचें।मतदान पार्टी की रवानगी के दिन समय से उपस्थिति सुनिश्चित करें। अपनी मतदान पार्टियों के संपर्क में रहें। पीठासीन अधिकारियों का एमपीएस ऐप पर रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित कर लें। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी सभी मतदान पार्टियों को निर्धारित वाहन में बैठाकर शीघ्र रवानगी सुनिश्चित करें। पार्टियों की रवानगी के पश्चात अपने एआरओ से रिजर्व सामग्री प्राप्त कर लें तथा एआरओ की अनुमति से अपने सेक्टर को रवाना हो जाएं। आपात स्थिति के लिए महत्वपूर्ण मोबाईल नंबर अपने पास रखें ताकि मतदान पार्टियों को तत्काल सहायता पहुँचायी जा सके। अपने व्यवहार को विनम्र रखें तथा निष्पक्ष रहकर कार्य करें। अपने सेक्टर में आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर रखें। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची व प्रत्येक परिवार को वोटर गाइड दी जा रही है है। सहमति देने वाले दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की वोटिंग 6 से 10 मई तक करायी जाएगी। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा में दो टीमें लगायी गयी हैं। प्रत्येक विधानसभा में महिलाओं, दिव्यांगों व युवाओं को समर्पित बूथ बनाये गए हैं। इसके साथ ही सभी बूथों को मॉडल बूथ बनाया गया है। बूथों पर व्यवस्थाओं में कोई कमी पाए जाने पर तत्काल सम्बंधित बीडीओ से संपर्क करें। मतदान केन्द्र से 200 मीटर के अंदर किसी राजनीतिक दल का कार्यालय नहीं होगा। मतदान के बाद यह जरूर देखें कि पीठासीन की डायरी ठीक से भरी हो। ईवीएम को ठीक से क्लोज किया गया हो। प्रत्येक भ्रमण के दौरान डायरी पर टिप्पणी अवश्य लिखी जाये। सभी सूचनाओं का प्रेषण समय से किया जाये। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक मतदान कर्मी को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर उसके बूथ की सूचना दी जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों को सामग्री प्राप्त करने में पूरी सहायता करें। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि पुलिस अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय कर कार्य करें। सभी अधिकारी रुट की पूरी जानकारी रखें। व्यवहार में निष्पक्ष होने के साथ ही निष्पक्ष दिखाई भी पड़ें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस चुनाव में मानदेय का भुगतान ऑनलाइन किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी राकेश सिंह व विजय सिंह ने सभी उपस्थित अधिकारियो को मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा ने सभी को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मॉक पोल होने, मतदान प्रारम्भ होने तथा उसके पश्चात प्रत्येक दो घंटे पर व मतदान की समाप्ति पर मतदान प्रतिशत की सूचना इस ऐप के माध्यम से दी जाएगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा ने बिना भेदभाव के विकास को गति दी: मंत्री

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

शाहाबाद। स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज लॉन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि कॉग्रेस ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया और सपा, बसपा ने गुण्डों और माफियाओं को बढ़ावा दिया। योगी, मोदी जी ने न केवल भ्रष्टाचार खत्म किया बल्कि गुण्डों और माफियाओं को मिट्टी में मिलाने काम किया है। श्री अग्रवाल, यहाँ हरदोई से भाजपा उम्मीदवार जयप्रकाश रावत के समर्थन में कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबको समान रूप से बिना किसी भेद-भाव के एक सूत्र में पिरोकर देश व समाज के विकास के लिए काम किया है। उन्होने लोकसभा चुनाव को देश की अस्मिता से जोड़ते हुए कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं बल्कि देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का चुनाव है, इसलिए एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करना है। आबकारी मंत्री ने कहा भाजपा के 10 वर्ष के शासन काल में भ्रष्टाचार का एक भी मामला प्रकाश में नहीं आया जबकि कांग्रेस शासन में हर दिन भ्रष्टाचार का कोई न कोई मामला निकलकर सामने आता था। आबकारी मंत्री ने नारा दिया 'अबकी बार, जयप्रकाश 3 लाख पार' उन्होने कहा कि इस नारे को चरितार्थ करना होगा।उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि वह हमेशा की तरह क्षेत्र के लोगों के साथ उनके दुख-सुख में खड़े रहेंगे। श्री अग्रवाल ने सम्मेलन में भारी संख्या में मौजूद लोगों से हाथ उठवाकर भाजपा उम्मीदवार को समर्थन देने का आश्वासन लिया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ एम एल गुप्ता ने भाजपा सरकार की योजनाओं की प्रशंसा करते हुए, घमंडिया गठबंधन के नेता राहुल गाँधी के बयानों से सावधान रहने का निवेदन किया। उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार को भारी मतों से जिताने की अपील की। सम्मेलन का संचालन प्रभारी आज़ाद भदौरिया ने किया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता तथा समर्थक मौजूद रहे।

# समाचार पत्र विक्रेता से मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

हरपालपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक समाचार पत्र विक्रेता रविवार की सुबह जिस समय अखबार बेंच रहा था उसी समय कस्बे के दबंगों द्वारा समाचार पत्र के विक्रेता पर जानलेवा हमला कर दिया गया जिससे उसे चोटें आयीं।आरोप है कि पीड़ित जब शिकायत लेकर थाने पर गया तो उससे वहां मौजूद दरोगा ने बदसलूकी करते हुए बैठा लिया।आखिरकार पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध पीड़ित की तहरीर पर अभियोग दर्ज करते हुए प्रकरण की जांच सीओ को सौंप दी है। बताते चलें कि हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के जोधनपुरवा गांव निवासी सूरज पुत्र शंकर रविवार की सुबह लगभग करीब 6:00 बजे अपनी साइकिल से हरपालपुर कस्बे में अखबार बिक्री कर रहा था। उसी समय हरपालपुर बाजार में तेज रफ्तार पिकअप डाला नम्बर क्र30 ञ्ज 6701 के चालक सौरभ पुत्र वीरे सक्सेना ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे उसकी साइकिल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। समाचार पत्र विक्रेता द्वारा कहा गया तो उपरोक्त सौरभ व गौरव पुत्रगण शंकर अपने हाथो में लाठी डंडे और सरिया लेकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उससे मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित को गर्दन व अन्य शरीर पर काफी चोट आई।मामले की शिकायत लेकर जब पीड़ित थाने पहुंचा तो पुलिस द्वारा कोई सुनवाई न करते हुए आरोप है कि थाने पर तैनात उपनिरीक्षक महावीर सिंह ने पीड़ित को ही थाने में बैठा दिया तथा उससे मारपीट की। पीड़ित समाचार विक्रेता ने घायल अवस्था मे अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरी परीक्षण कराया। हालांकि मामले में पुलिस ने पिकप चालक के विरुद्ध तेजी व लापरवाही से साइकिल में टक्कर मारना व मारपीट की धाराओं में आरोपियो के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गयी है।

### गैस सिलेंडर से लगी आग

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**। तहसील कैसरगंज के क्षेत्र स्थित गोडहिया नंबर दो में रविवार की दोपहर गैस सिलेंडर से आग लग गई। देखते ही आग ने विकराल रूप धारण कर आस-पास के दो दर्जन से अधिक घरों को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पंहुची अग्निशमन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में एक दर्जन से अधिक घर में रखा खाद्यान्न, नगदी व अन्य घरेलू समाना जलकर राख हो गए। करीब दस लाख से अधिक का नुकसान बताया जा रहा है। एसडीएम की अगुवाई में राजस्व टीम ने घटना स्थल पर पंहुचकर नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है।

कैसरगंज के गोडहिया नंबर दो में रविवार दोपहर गांव निवासी बबलू के घर में सिलेंडर के गैस रिसाव के चलते अचानक आग लग गई। तेज हवा चलने के चलते आग ने विकराल रूप धारण करते हुए आस-पास के घरों को भी अपने आगोश में ले लिया। करीब दो दर्जन से अधिक घर जलने लगे। सूचना पाकर मौके पर पंहुची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया।

# बहन की शादी में जा रहे चचेरे-तहेरे भाइयों की मौत

**जन एक्सप्रेस | बरेली**

बरेली के भोजीपुरा क्षेत्र में बहन की शादी में दोस्त के साथ जा रहे चचेरे-तहेरे भाइयों की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाते वक्त दोनों की मौत हो गई। इससे शादी के घर में मातम छा गया। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव जटौआ निवासी साहिल पुत्र अकील अहमद (20) और उसका चचेरा भाई बिलाल पुत्र गुड्डू (14) धौराटांडा से अटामांडा रोड स्थित मिलक इमाम नगर के एक बरातघर में जा रहे थे।

इस बरातघर में बिलाल की तहेरी बहन की बरात आई थी। बाइक साहिल चला रहा था। शनिवार रात 10 बजे समसपुर व मिलक इमाम नगर (गौटिया) के बीच बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस घटना में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची धौराटांडा चौकी पुलिस व परिजन गंभीर हालत दोनों को बरेली के निजी अस्पताल ले गए।

हालांकि, दोनों की रास्ते में ही मौत हो गई। रात 11 बजे परिजन दोनों के शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां शव मोर्चरी में रखवा दिया गया।

**मातम में बदलीं खुशियां**

शादी के माहौल में एक ही कुनबे के दो लड़कों की मौत ने परिवार को झकझोर दिया। रात में बरातघर में हंसी-ठिठोली के बीच बिलाल की तहेरी बहन के निकाह की रस्म पूरी की जा रही थी। जब यह सूचना मिली तो आधे से ज्यादा बराती घटनास्थल और फिर अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। गांव के प्रधान ताज मोहम्मद अंसारी ने बताया कि इस बरात के अलावा रविवार को बिलाल के तहेरे भाई शहरोज की बरात जानी थी।

### लोदीपुर के निवासियों को 24 घंटे होगी जलापूर्ति

**जन एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर**। योजना के तहत वार्ड नंबर पांच लोदीपुर को चुना गया है। यहां अभी तक घर-घर जल पहुंचाने की व्यवस्था नहीं है। नगर निगम की ओर से वार्ड में लगवाए गए इंडिया मार्का हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। कई हैंडपंप से गंदा पानी आता है। ऐसे में अधिकांश लोगों ने अपने घरों में ही हैंडपंप या सबमर्सिबल की बोरिंग करवा रखी है। तमाम लोग ऐसे भी हैं, जो ये दोनों सुविधाएं लेने में असमर्थ हैं और इंडिया मार्का हैंडपंप के भरोसे पानी की जरूरत को पूरा कर रहे हैं। इसी को ध्यान में रखकर नगर निगम ने वर्ष 2023 में ही लोदीपुर के निवासियों के लिए 24 घंटे जलापूर्ति उपलब्ध कराए जाने की योजना पर विचार किया था। इसका प्रस्ताव भी शासन को भेज दिया था। इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। अमृत योजना के दूसरे चरण के तहत इसके लिए दोबारा टेंडर मांगे गए, जिसकी प्रक्रिया लोकसभा चुनाव के बाद पूरी करके योजना को धरातल पर उतारने का काम शुरू होगा।

# सड़क किनारे जलकर नष्ट हो रहे हजारो पौधे

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

वन विभाग लाखों रुपये खर्च करके हर वर्ष सड़कों के किनारे पौधे लगाता है, लेकिन ये बड़े होने से पहले ही आग की भेंट चढ़ रहे हैं। वन विभाग के पास आग को रोकने वाली फायर लाइन जैसी कोई योजना नहीं है। इससे वातावरण तो प्रदूषित हो ही रहा है, साथ में हरित क्रांति को भी नुकसान हो रहा है। अधिकांश मार्गों पर सड़क किनारे आग लगने से वन विभाग के अलावा किसानों के पेड़ भी जल रहें हैं, अगर इस ओर यदि थोड़ा सा ध्यान दिया जाए तो लाखों पौधों को बचाया जा सकता है। गोला, बांसगांव तहसीलों में अधिकांश मार्गों पर सड़क किनारे खड़े पेड़-पौधों को आग की लपटों से झुलसा हुआ देखा जा सकता है। मझगवां से सोनाईचा मार्ग पर सैकड़ो की संख्या में पेड़ जलकर नष्ट हो गए हैं। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आग अधिक नुकसान पहुंचा रही है। आग को रोकने के लिए सड़क किनारे फायर लाइन जगह-जगह चार से पांच फीट खाई खोदकर मिट्टी डाल दी जाती है, इससे आग आगे बढ़ने से रुक जाती है। इस वर्ष यह फायर लाइन नहीं बनाई गई। फायर लाइन नहीं बनने से एक बार आग लग जाती है तो बढ़ती चली जाती है। सरकारी व गैर-सरकारी विभागों द्वारा पर्यावरण का संदेश दिया जाता है, लेकिन यही संदेश देने वाले पेड़ों में लग रही आग को देखते हैं और आगे निकल जाते है। इसकी सूचना भी देना जरूरी नहीं समझते।





### लोगों की लापरवाही से लगती है सड़क किनारे आग

वन विभाग के पास आग लगने का कोई कारण भी सामने नहीं आता है। कहीं किसान, तो कहीं धूम्रपान करने वालों की लापरवाही इन जीवनदायी पेड़ों को भस्म कर रही है। वन विभाग हर बार गर्मी के मौसम में लगने वाली आग को रोकने के लिए गंभीर नजर नहीं आता है। वन विभाग के हर वर्ष सैकड़ो पेड़-पौधे आग की लपटों से खामोश हो जाते हैं। लेकिन वन विभाग को आज तक आग लगाने वाले एक भी सख्त का पता नहीं चल सका है। बस पेड़-पौधों को लगाने की योजना तो वन विभाग के पास हैं, लेकिन सड़क किनारे खड़े पेड़-पौधों को आग से बचाने की कोई योजना विभाग के पास नहीं है। आग से खोखले हुए बड़े पेड़ हादसों को दावत दे रहे हैं। ऐसी ही पेड़ जलते रहे तो सड़कों की हरियाली खत्म हो जाएगी।

### सड़क किनारे आग लगी देखें तो तुरंत दें सूचना: वन क्षेत्राधिकारी

वन क्षेत्र अधिकारी शिवजीत सिंह का कहना है कि सूचना मिलने पर आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग तुरंत कार्रवाई करता है। वन विभाग के साथ जनमानस का सहयोग आवश्यक है। यदि आग लगाने वाले का पता चलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। सर्किल क्षेत्र में अधिकांश मार्गों पर गर्मी के मौसम सड़क किनारे खड़े पेड़-पौधों में आग लग रही है। जिससे पेड़ पौधे वृक्ष बनने से पहले खत्म हो रहे हैं। हम सबका फर्ज है कि इनको बचाया जाए। सड़क किनारे पेड़ों में आग लगी देखें तो वन विभाग, फायर ब्रिगेड आदि को तुरंत सूचना देकर अपना फर्ज अवश्य निभाएं। आपकी एक सूचना हजारों पौधों को बचा सकती है।

# नरहियां में आग लगने से 18 रिहायसी झोपड़ियां जलकर हुई राख




जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जिले के जटहां बाजार थाना क्षेत्र के नरहरियां गांव में रविवार की दोपहर में अज्ञात कारणों से लगी आग ने 18 रिहायसी झोपड़ियों को जलकर राख कर दिया।

आगलगी की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने स्थानीय लोगों के सहयोग से किसी तरह आग को बुझाने में सफल रहे। इस आग की घटना ने घर में रखे अनाज, नगद, कपड़े, बर्तन सहित अन्य सभी जरूरी सामाने जलकर खाक हो गई है।

### आगलगी की घटना से पीड़ित परिवार बेहाल

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर करीब दो बजे नरहरिया गाँव में अचानक आग लग गई आग से मनोज पुत्र रामवतार शर्मा , राम किशुन , राकेश, संजय, जनार्दन, गोबरी, बिर्जेश, रामनरेश, दिनेश, बृजलाल, उमेश, अरविंद, अंगद, चंद्रिका, दिनेश, सरवन, हीरा की रिहायशी झोपड़िया जलकर राख हो गई। आग इतनी भीषण थी कि घर से कोई भी सामान बाहर निकाल पाना संभव था ।स्थानीय लोगों ने चारों तरफ से मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया तथा तत्काल इसकी सूचना जटहां बाजार पुलिस तथा फायर ब्रिगेड को दिया इसके उपरांत जटहा बाजार थानाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, विकास कोल, अजय कुमार तिवारी, घटनास्थल पर पहुंच गए तथा उनके बाद फायर ब्रिगेड सर्विस भी घटनास्थल पर समय से पहुंच गई जिससे आग पर काबू कर बुझाया गया।

# कुशीनगर में रोड शो कर इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी ने लोगों से मांगा समर्थन

## इंडिया गठबंधन की होगी जीत, केन्द्र में बनेगी गंठबंधन की सरकार: अजय प्रताप

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कुशीनगर लोकसभा सीट पर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी है प्रत्याशी जन सम्पर्क व रोड शो के लिए चिलचिलाती धूप में कार्यकर्ताओं के साथ बड़े हुजूम के साथ सड़कों से होकर कस्बे व गांव की गलियों तक पहुंचने लगे हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी से इंडिया गंठबंधन से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह सैंथवार ने रोड शो कर जनता से समर्थन मांगा।

इंडिया गंठबंधन के सभी फ्रंटो के कार्यकर्ताओं व सपा जिला अध्यक्ष मोहम्मद शुकरूल्लाह अंसारी के नेतृत्व में कुशीनगर लोकसभा सीट 65 से चुनाव पिकअप पकड़ कर परवान चढ़ने लगा है। इंडिया गठबंधन व समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार का कुशीनगर लोकसभा की सीमा 15 मील, सुकरौली, हाटा हेतिमपुर, कुशीनगर के बुद्धा गेट, कसया स्थित गांधी चौक, बाडी पुल, साखोपार, जानकी नगर, रविंद्र नगर, छावनी, पडरौना सुभाष चौक, खां खड्डा, सूरज नगर, पिपरा बाजार, नेबुआ नौरंगिया आदि जगहों पर गठबंधन व सपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद खड्डा से कप्तानगंज तक तमाम जगहों पर फूल मालाओं से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी का स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत अजय प्रताप सिंह सैंथवार ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनता ऊब गयी है मंहगाई बेरोजगारी भाजपा सरकार की उपलब्धियों में शुमार है। अपने स्वागत से अभिभूत अजय प्रताप सिंह सैंथवार ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनता ऊब गयी है मंहगाई बेरोजगारी भाजपा सरकार की उपलब्धियों में शुमार है।

सरकार की गलत नितियों से मध्यम वर्ग के लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं जनता इस चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकेगी। रोड़ शो के दौरान पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, विक्रमा यादव, विजय कुशवाहा, पूर्व विधायक पूर्णवासी देहाती, सपा नेता राजेश प्रताप राव बंटी, रणविजय सिंह, जावेद इकबाल, सपा नेता मोहम्मद इलियास अंसारी, राजेंद्र यादव मुन्ना, शाहिद लारी, एके बदल, कैलाश चंद, पूरंदर प्रताप यादव, विजेंदर पाल यादव ऊर्फ बबलू ,राष्ट्रीय अध्यक्ष लोहिया वाहिनी के प्रभारी अभिषेक कुमार यादव सहित विधानसभा अध्यक्ष व हजारों कार्यकर्ता रोड शो में शामिल रहे।

## सैकड़ों महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर खुद काम कर चलाती हैं परिवार

# सिलाई कढ़ाई का नि :शुल्क प्रशिक्षण देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही पुनीता

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

सोच और जज्बा किसी के परिचय का मोहताज नहीं होती है। मनुष्य के अन्दर कुछ कर गुजरने का हौसला हो तो वह खुद सफल होता है। और अन्य लोगों को भी आगे बढ़ाने के लिए काम करता है। जीवन में कुछ करने के लिए अंतर्मन को भी समझना पड़ता है।इसी को चरितार्थ कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पुनीता ने वीणा उठाया है। वह दिन रात मेहनत भी कर रही है और महिलाओं को रोजगार परक बना रही है। ताकि कोई भी महिला समाज में किसी के सामने हाथ न फैलाए। पुनिता का मानना है कि शिक्षा और हुनर जिंदगी में हमेशा काम आते है।

जिले के विकास खंड विशुनपुरा गांव खजुरिया सूरज नगर निवासी पुनीता क्षेत्र की ऐसी महिलाओं को एकत्रित करके उन्हें सिलाई और कढ़ाई का निःशुल्क प्रशिक्षण दे कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। गांव के अलावा आसपास के गांव की महिलाओं को भी इस हुनर को सीखने के लिए प्रेरित कर रही है। बताते चलें कि पुनीता पत्नी मुकेश शर्मा पिछले कई वर्षों से गांव की बहन बेटियों को सिलाई की शिक्षा देकर उनके सपने साकार कर रही है। छह दर्जन से अधिक महिला और युवतियों को



उन्होंने सिलाई की शिक्षा देकर समाज में बेरोजगारी की डगर से हटाकर रोजगारी की राह दिखाई है। इतना ही नही आसपास के गांव से शिक्षा ग्रहण करने के लिये आने वाली महिलाओं के लिये एक मिशाल बन रही है।

पुनीता ने बताया कि फैशन के बदलते दौर व डिजाइन की दुनिया में उन्होने बीए उत्तीर्ण करने के बाद सिलाई की शिक्षा प्राप्त की। गांव में रहते हुए देखा की जो महिलाएं काम करती हैं और वह स्वयं कुछ कमाती हैं, उनका सम्मान समाज में अलग होता है। जो महिलाएं केवल घर का कामकाज करती हैं, उनको इतना सम्मान नहीं मिलता है। इसमें फर्क देखते हुए पुनीता ने महिलाओं को रोजगारपरक बनाने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले गरिमा ने गांव में बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ के लिए अलख जगाई।उसके बाद गांव की ऐसी महिलाओं को जोड़ा गया जो गरीब हैं, अशिक्षित हैं। उन महिलाओं के घर जाकर बुलाना और उन्हें सिलाई कढ़ाई सिखाना।अब गांव व आसपास के तीन दर्जन से अधिक गांवों की महिलाओं को रोजगार परक बना चुकी है। अब वह किसी के ऊपर आश्रित भी नहीं है। सिलाई कढ़ाई करके स्वयं अपना खर्चा चला रही है।

# मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के उत्थान व समस्या समाधान को लेकर हुआ सर्वे

जन एक्सप्रेस । बरहज




भारत सरकार के मत्स्य मंत्रालय द्वारा एफएफपीओ एवं मत्स्यजीवी सहकारी समितियों के कार्यों में आ रही कठिनाई व समस्याओं, व्यवसाय और आमदनी को बढ़ावा देने एवं उनकी उन्नति व विकास को लेकर सर्वे कराया जा रहा है। एसएफएससी की टीम देवरिया में सर्वे करने को आई हुई है, जिसके परिपेक्ष्य में रविवार को बरहज तहसील के पैना व फतेहपुर स्थित मत्स्यजीवी समिति, बरहज स्थित मत्स्यजीवी फ़ीस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का सर्वे किया गया। स्टेट को-आर्डिनेटर अंशुमान धनगर ने समीतियों के पदाधिकारी एवं सदस्यों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को नोट किया। इस अवसर पर लोगों ने समीतियों में धन का अभाव होने, तालाब व पोखरी के पट्टे को लेकर मछुआरों के भागीदारी व अधिकारों का हनन किये जाने, पोखरियों के पट्टे व नीलामी में दबंगों का हस्तक्षेप होने, मत्स्य विभाग से समुचित सहयोग नहीं मिलने, मत्स्यकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार नहीं होने एवं स्थानीय स्तर पर प्रशासन का भी सहयोग नहीं मिलने की बात उठाई। इस अवसर पर मत्स्यजीवी एफएफपीसी के चेयरमैन निषाद जितेन्द्र भारत, डा. रामाश्रय निषाद, महंथ निषाद, रामचन्द्र निषाद, स्वामीनाथ निषाद, विजय कुमार निषाद, बृजानंद निषाद, कोमल प्रसाद, अजय निषाद, विनय कुमार, ऋतुराज आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहें।

### महाप्रसाद व महाभंडारे का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी।** उपनगर भाटपार रानी के मालवीया रोड तरकुल वाली गली में पंचमुखी श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान व वैदिक पूजन के साथ संपन्न होने के उपरांत महाप्रसाद व महा भंडारे का भव्य आयोजन किया गया जिसमे की हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया परमेश्वर पटवा की पूरी टीम मौजूद रही, प्राण प्रतिष्ठा अशोक बरनवाल के सौजन्य से हुआ जो कि पीडब्ल्यूडी के सेवानिवृत अभियंता रह चुके हैं और शुरू से ही धर्म और कर्म के प्रति सजग रहे हैं , इस महाभंडारे के अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य रूप से दुर्गेश्वरी सोनी दीपक वर्मा उर्फ ओशो कन्हैया गुप्ता मुन्ना बरनवाल रमेश वर्मा राजेश वर्मा गुलगुल वर्मा अभिनव जितेंद्र कुमार गुप्ता धुरुदेव प्रसाद गुप्ता पारंपरिक गायक परमेश्वर पटवा रिंकू सिंह सतीश बरनवाल बच्चा बाबू बरनवाल समाजसेवी पप्पू जायसवाल समाजसेवी संतोष पांडे डॉक्टर प्रमोद कुमार बरनवाल सहित हजारों की संख्या में मौजूद रहे।

# 30 साल से लगा रहा था विभाग को चूना, एसटीएफ ने उठाया



जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिले में कूटरचित दस्तावेज के आधार पर पिछले तीस वर्षों से सरकारी स्कूल में शिक्षक की नौकरी कर रहे शख्स को एसटीएफ ने अरेस्ट कर लिया। गोरखपुर का रहने वाला यह शख्स देवरिया के प्राथमिक विद्यालय में तैनात था।30 साल पहले उसने दूसरे के अंक पत्र को फर्जी तरीके से कूटरचना कर अपना नाम चढ़वा लिया था। इस दौरान जब बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ऐसे शिक्षकों की जांच की गई, तो अंक पत्र में गड़बड़ी की जानकारी हुई। एसटीएफ लखनऊ की गोरखपुर यूनिट ने देवरिया में आरोपी फर्जी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। गोरखपुर एसटीएफ यूनिट के निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक धर्मेश कुमार शाही के निर्देशन में फर्जी शिक्षकों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत या गिरफ्तारी की गई है।आरोपी की पहचान गोरखपुर के गगहा थाना क्षेत्र के मामखोर के रहने वाले राजीव शुक्ला के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 220 रुपए नकद, मोबाइल, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है।

एसटीएफ में आरोपी जनपद के भलुअनी विकासखंड में बरामुकुंद गांव के बारामुकुंद प्राथमिक विद्यालय से शुक्रवार को दोपहर अरेस्ट किया है। एसटीएफ की टीम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी देवरिया कार्यालय से सम्बन्धित शिक्षकों के बारे में जानकारी हेतु सम्पर्क कर अभिलेख प्राप्त किए।जांच में पता चला कि देवरिया जनपद के भलुअनी के बारामुकुंद गांव के प्राथमिक विद्यालय बारामुकुन्द में गोरखपुर के गगहा के मामखोर गांव का रहने वाला राजीव शुक्ला कूटरचित दस्तावेज/अंकपत्र के आधार पर अध्यापक की नौकरी कर रहा है। इस जांच के आधार पर एसटीएफ टीम ने प्राथमिक विद्यालय बारामुकुन्द से राजीव शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसका नाम राजीव शुक्ला है।वो गोरखपुर के गगहा के मामखोर का रहने वाला है। वो हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा का अंकपत्र व प्रमाण पत्र गोरखपुर के गोला के पटहुओं के रहने वाले विजयशंकर द्विवेदी के साथ मिलकर बनवाया था. इनकी वर्तमान में मौत हो चुकी है।

# छोटी गंडक नदी में तैरता मिला नागेंद्र का शव पत्नी ने लगाया पांच लोगों पर मारने का आरोप

जन एक्सप्रेस । भटनी

बनकटा तिवारी गांव निवासी नागेंद्र चौहान उर्फ भुटेली (35) मनरेगा मजदूर था। गर्मी से निजात पाने को शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह गांव स्थित छोटी गंडक नदी में स्नान करने गया। देर शाम को गांव में सूचना मिली कि नागेंद्र नदी में स्नान के दौरान डूब गया है।इस खबर से गांव में हड़कंप मच गया। परिजन व ग्रामीण छोटी गंडक नदी के तरफ भाग मजदूर का शव ढूंढने लगे, लेकिन नही मिला। कुछ देर बाद प्रभारी एसओ भी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से मजदूर को ढूंढने का प्रयास किया।रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे मजदूर के शव को नदी से निकाला गया। पत्नी पुष्पा ने गांव के ही पांच युवकों पर पति को जबरन नदी के तरफ ले जाने व डुबाकर कर मार डालने का आरोप लगाया है।

**'छोटी गंडक नदी में स्नान के दौरान मजदूर की मौत हुई है। परिजनों की शिकायत पर गांव के दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।'**

**-सीओ भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह**



### आग लगने से आधा दर्जन झोपड़ी जलकर खाक, दो ग्रामीण झुलसे

**जन एक्सप्रेस/बनकटा।** थाना क्षेत्र के रुस्तम बहियारी में आग लगने से आधा आधा दर्जन रिहायशी झोपड़ी व उसमें रखा सामान जल कर राख हो गया। आग बुझाते समय दो ग्रामीण झुलस गए। घटना रविवार की सुबह करीब दस बजे के आसपास की है।बनकटा थाना क्षेत्र के रुस्तम बहियारी में रविवार की सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में करीब आधा दर्जन से अधिक रिहायशी झोपड़ी व उसमें रखा सामान जल कर राख हो गया। आग बुझाते समय कमलेश (25) व उनके पिता कौशल झुलस गए। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों व अग्निशमन दल के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस भी आग बुझाने में जुट गई।

# इंदौर से गांव आया बेटे का शव, पिता ने अंतिम संस्कार से किया इंकार

जन एक्सप्रेस । महाराजगंज

श्याम देउरवां थाना क्षेत्र के महुआ महुई निवासी संग्राम सिंह ने 20 वर्ष पूर्व अपने ही गांव की रहने वाली एक युवती के साथ प्रेम विवाह किया था। उसके बाद से ही वह बाहर रहने लगा। घर वालों से कोई वास्ता नहीं रह गया था।

श्याम देउरवां थाना क्षेत्र के महुआ महुई निवासी संग्राम सिंह 42 का शनिवार को सुबह हृदय गति रुकने से मौत हो गई। वह मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में पत्नी व बच्चों के साथ रहते थे। रविवार को दोपहर उसका शव गांव आया तो परिजनों ने दाह संस्कार करने से इन्कार कर दिया।

सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी, थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह दल बल के साथ गांव में पहुंचे और घंटों मशक्कत के बाद शव का अंतिम संस्कार कराया गया।



जानकारी के अनुसार श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के महुआ महुई निवासी संग्राम सिंह ने 20 वर्ष पूर्व अपने ही गांव की रहने वाली एक युवती के साथ प्रेम विवाह किया था। उसके बाद से ही वह बाहर रहने लगा। घर वालों से कोई वास्ता नहीं रह गया था।

वर्तमान में वह मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के एक लिमिटेड कंपनी में काम कर रहे थे। शनिवार की सुबह लगभग 7 बजे वह ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले। रास्ते में उसकी तबियत बिगड़ने लगी। स्थानीय लोगों ने उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

रविवार को पत्नी गुड्डी शव लेकर गांव पहुंची। संग्राम के पिता अमरेन्द्र सिंह ने शव का अंतिम संस्कार करने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से हमसे कोई वास्ता नहीं है। इसके बाद गांव में हंगामा होने लगा। जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी, थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह दल बल के साथ गांव में पहुंचे और हंगामा शांत कराया।

### सीएचसी में आरसीटी की भी सुविधा

**जन एक्सप्रेस/लार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लार में डिजिटल एक्सरे के साथ ही दांत के आरसीटी (रुट केनाल ट्रीटमेंट) की सुविधा शुरू हो गई है। इसी के साथ सरकारी क्षेत्र में जिले में यह सुविधा देने वाला लार पहला केंद्र बन गया है। यहां तैनात डेंटल सर्जन डॉ. रजनीश पांडेय ने बताया कि चार रोगियों की आरसीटी की जारी है। इस प्रक्रिया में रोगी का कई सिटिंग में इलाज होता है। इन्हीं के साथ तैनात डॉ. शाल्वी भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### अज्ञात महिला का शव मिला

**जन एक्सप्रेस/भटनी।** साहोपार ब्लाक मुख्यालय के पास रविवार की सुबह एक महिला का शव पुलिस ने बरामद किया। पुलिस के अनुसार शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है ।साहोपार ब्लाक के पूरब सुमित्रा इण्डेन गैस सर्विस गोदाम के पीछे एक महिला का शव ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बुजुर्ग महिला का शव के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला है। पुलिस मामले में आस पास के गांव में बुजुर्ग महिला के शिनाख्त के लिए प्रयास कर रही है। समाचार लिखे जानें तक शिनाख्त नहीं हुईं थी।

# अफजाल हमीद पूर्व पार्षद अखिल भारतीय पंचायत परिषद से जुड़े

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़



अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी ठाकुर गवेंद्र सिंह एडवोकेट के प्रयासों से अलीगढ़ महानगर से लगातार कई बार लगातार पार्षद निर्वाचित होने वाले जनप्रिय नेता पूर्व पार्षद श्री अफजाल हमीद निवासी बेगपुर अलीगढ़ आज गैर राजनीतिक संस्था अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल हो गए उन्होंने इस अवसर पर कहा गैर राजनीतिक संस्था अखिल भारतीय पंचायत परिषद स्थानीय निकाय एवं ग्रामीण पंचायतो के पंचायत प्रतिनिधियों के हित में पूरे देश में सराहनीय कार्य कर रहा है संगठन को मजबूत करने के लिए पूरे जनपद में अपना सक्रिय रूप से योगदान दूंगा राष्ट्रीय कार्यवाह अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान ने पंचायत परिषद में शामिल होने वाले सभी को हार्दिक बधाई देते हुए कहा केंद्र एवं प्रदेश सरकारों को स्थानीय निकाय एवं पंचायतो संविधान संशोधन 73 व 74 के अनुरूप सभी अधिकारों को पंचायत को देना चाहिए जिससे विकास निचले स्तर तक आम जन तक पहुंचे राष्ट्रीय सचिव श्रीमती नयना नंदकुमार पाटिल ने कहा अखिल भारतीय पंचायत परिषद संगठन पंचायत प्रतिनिधियों को सशक्त करने का महत्व पूर्ण संगठन है जो महात्मा गाँधी लोकनायक जय प्रकाश नारयण की विचार धारा को फैला रहा है प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह ने उनका हार्दिक स्वागत कर आभार प्रकट किया और कहा अखिल भारतीय पंचायत परिषद का संगठन पूरे प्रदेश में स्थानीय निकाय एवं पंचायत प्रतिनिधियों के जुड़ने से सशक्त एवं मजबूत हो रहा है प्रदेश सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह ने कहा पंचायत परिषद का संगठन पूरे प्रदेश में मजबूत हो रहा है अफजाल हमीद के शामिल होने पर उत्तर प्रदेश संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह प्रदेश से संयोजक चौधरी महेंद्र सिंह प्रदेश महासचिव नरेंद्र सिंह सोलंकी प्रदेश सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह श्रीमती सारिका सिंह प्रदेश महासचिव महेंद्र तिवारी जिला अध्यक्ष अनुज प्रताप सिंह महानगर अध्यक्ष धर्मवीर सिंह पूर्व पार्षद कार्यवाहक अध्यक्ष तरुण चौहान पूर्व पार्षद प्रदेश उपाध्यक्ष कुं मोहम्मद अहमद प्रधान पुष्पेंद्र सिंह बीडीसी संजय अग्रवाल एडवोकेट ठाकुर नरेंद्र सिंह एडवोकेट आदि ने शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त कर हार्दिक बधाई दी।

# चुनाव खर्च नहीं बताने पर छह प्रत्याशियों को नोटिस, भाजपा प्रत्याशी भी लिस्ट में

जन एक्सप्रेस । आगरा

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 25 अप्रैल को व्यय प्रेक्षक के समक्ष खर्च रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किया गया। इस मामले में फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर सहित छह प्रत्याशियों को रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने शुक्रवार को नोटिस जारी किया है।

आगरा में चुनाव में नामांकन से लेकर अब तक हुए खर्च का ब्योरा नहीं बताने पर फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर सहित 6 प्रत्याशियों को रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने शुक्रवार को नोटिस जारी किया है। नोटिस मिलने के 48 घंटे में प्रत्याशियों को जवाब देना होगा। जवाब नहीं देने पर उनकी वाहन व अन्य अनुमतियां निरस्त हो सकती हैं। केस भी दर्ज कराया जा सकता है।

प्रत्याशियों के खर्च का मीटर शुरू हो चुका है। खर्च रजिस्टर का प्रथम सत्यापन 25 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में हुआ था। व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों को खर्च रजिस्टर प्रस्तुत करने के



भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर

लिए फोन व व्हाट्सएप से सूचना भेजी थी। तय तिथि पर भाजपा सहित अन्य प्रत्याशी हाजिर नहीं हुए, न ही उनके चुनाव अभिकर्ता आए।

रिटर्निंग ऑफिसर ने फतेहपुर सीकरी से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर, आगरा लोकसभा सीट से पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) प्रत्याशी आराम सिंह, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी कुलदीप कुमार, आदर्श समाज पार्टी प्रत्याशी चंद्रपाल और निर्दलीय हस्नूराम आंबेडकरी व महेंद्र सिंह को नोटिस जारी किए हैं। तय अवधि में जवाब नहीं देने पर आईपीसी की धारा 171 (झ) के तहत कार्रवाई करते हुए सक्षम न्यायालय में प्रत्याशियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

29 अप्रैल व 3 मई को फिर जांच अब दूसरी बार खर्च रजिस्टर का सत्यापन 29 अप्रैल को होगा। तीसरे चरण का सत्यापन 3 मई को होगा। 7 मई को आगरा व फतेहपुर सीकरी सीट के लिए वोट डाले जाएंगे।

**95 लाख हो गई खर्च की सीमा**

लोकसभा प्रत्याशियों के खर्च की सीमा पिछले 30 साल में बढ़कर 95 लाख रुपये तक पहुंच गई है। अब एक प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख रुपये खर्च कर सकता है। 1994 में यह सीमा 1.50 लाख रुपये थी। 1996 में 4.50 लाख हो गई। 1998 में 15 लाख, 2004 में 25 लाख और 2014 में 70 लाख रुपये थी।

# रफ्तार का कहर: चालक को झपकी लगने से ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई कार, मौत

जन एक्सप्रेस । आगरा



बरात में शामिल होकर लौट रहे कार सवार युवक हादसे का शिकार हो गए। चालक की झपकी की वजह से कार ट्रैक्टर ट्रॉली में टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। फिरोजाबाद में चालक को झपकी आने से ईको कार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। ईको व ट्रैक्टर ट्रॉली में हुई भिड़ंत में बरात से लौट रहे ईको सवार तीन बराती गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक 22 वर्षीय युवक की अवागढ़ स्थित अस्पताल में मौत हो गई।

आगरा जनपद के श्यामनगर ट्रांसयमुना कॉलोनी निवासी पांच लोग किसी परिचित की शादी में शामिल होने ईको कार से अलीगंज एटा गए थे। शनिवार की सुबह शादी समारोह से लौटते वक्त चालक को झपकी लग गई। इससे ईको गाड़ी पुलिस चौकी सुराया थाना एका के पास सड़क सहारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे के बाद ईको चालक मौके से भाग खड़ा हुआ। जबकि ईको सवार दीपक (24 ), विष्णु (22), और बबलू (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे प्रभारी पुलिस चौकी सुराया गोवर्धन सिंह ने तीनों घायलों को उपचार के लिए अवागढ़ स्थित सामुदायिक चिकित्सालय भिजवाया। जहां उपचार के दौरान बबलू पुत्र रामचरण की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायलों को उपचार के लिए आगरा भिजवाया है। चौकी इंचार्ज सुराया गोवर्धन सिंह के मुताबिक ईको गाड़ी को कब्जा में लिया गया है।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल तेजगति ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाई। विक्रांत अग्रवाल किसी कार्यवश थाना खैरगढ़ क्षेत्रांर्गत बनीपुरा गया था। रास्ते में जैसे ही वह बनीपुरा मोड़ पर पहुंचा वैसे ही तेजगति ट्रक ने विक्रांत की मोटर साइकिल में कट मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाई।

## भीषण गर्मी में भी ताज की दीवानगी, दहकते स्मारक के दीदार के दौरान छह की तबीयत बिगड़ी

जन एक्सप्रेस । आगरा

ताज की दीदार करने आए नागालैंड के एक पर्यटक की तबीयत इस कदर बिगड़ी कि वो गिर गए। इस वजह से उनके सिर में चोट आई है। इसके साथ ही पांच अन्य पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी गई।

ताजमहल में पूर्वी गेट के पास पैर फिसल जाने से पर्यटक के सिर में चोट लग गई, जिससे खून बहने लगा। पर्यटक को एएसआई और सीआईएसएफ की टीम ने एंबुलेंस से शांति मांगलिक अस्पताल पहुंचाया। वहीं भीषण गर्मी के कारण ताजमहल का दीदार करने आए 6 पर्यटकों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी गई। शनिवार दोपहर नागालैंड के दीमापुर निवासी 21 साल के पर्यटक हिपुलो किहो जब ताजमहल के पूर्वी गेट से प्रवेश कर रहे थे, तब गिर गए। इससे उनके सिर में चोट लग गई और खून बहने लगा। एएसआई और सीआईएसएफ कर्मचारियों ने उन्हें पूर्वी गेट पर खड़ी एंबुलेंस से शांति मांगलिक अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

41.4 डिग्री तापमान में ताजमहल में शनिवार को जापानी पर्यटक समेत 6 पर्यटकों की तबीयत खराब हो गई। जापान से आए 30 वर्षीय शूया यामामोटो सेंट्रल टैंक के पास धूप में गश खाकर गिर गए, उन्हें एएसआई कर्मचारियों ने ऑफिस पहुंचाया, जहां उन्हें ठंडा पानी और ओआरएस दिया गया। उनके साथ ही मेघालय से आए 38 वर्षीय हिमंता सरकार की तबीयत बिगड़ गई।

ताजमहल के दीदार के लिए आए केरल के मल्लापुरम निवासी मो. शाह पेरिंगदान, गुजरात के सूरत से आए 14 साल के सुदानी दीप जीतूभाई की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें प्राथमिक चिकित्सा के लिए डिस्पेंसरी ले जाया गया। ताजमहल की डिस्पेंसरी में तैनात किए गए चिकित्सक शाम 4:30 बजे चले जाते हैं। गर्मी के कारण पर्यटकों के बेहोश होने की घटनाओं पर शाम को केबल एंबुलेंस चालक ही रह जाते हैं, ऐसे में एएसआई कर्मचारियों और पर्यटकों ने चिकित्सकों को भी ताजमहल के शाम को गेट बंद होने तक तैनात रखने की मांग की है।

# पुलिस ने लूट की घटना का चंद घण्टों में किया अनावरण

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़




थाना जवां पुलिस ने लूट की घटना का चंद घण्टों का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर लुटेरे गिरफ्तार कर लूटेरों को रुपये व अवैध तमंचा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की है।

थाना प्रभारी जवां के नेतृत्व में वांछित अभियुक्त उम्रदराज पुत्र अहमद साईद मूल निवासी खेड़िया कलियानपुर थाना अमहदगढ़ जिला बुलन्दशहर हाल पता गली नं0 14 मौलाना आजाद नगर तिकोना मार्केट जमालपुर थाना क्वार्सी अलीगढ़, गुफरान पुत्र जलालुद्दीन निवासी गली नं0 10 मौलाना आजाद नगर लाइन पार मदीना मस्जिद के पास थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़ और फरमान पुत्र जफर खान निवासी अल्लयपुर थाना चन्दपा जनपद हाथरस को मय लूट के 3700 रुपये व अवैध तमंचा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल यामाहा सहित रठगवां की ओर जाने वाली सड़क के किनारे वाले कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया है।

## क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर प्रवेश का रास्ता खुला

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** लंबे समय से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) पर वाहनों के प्रवेश और बाहर निकलने के लिए कट बनाने की मांग उठाई जा रही थी। जनवरी में केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने इस कार्य का शिलान्यास किया था। गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक के पास दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर निर्माणाधीन कट को खोल दिया गया है। इस कट के खुलने से क्रॉसिंग रिपब्लिक से दिल्ली जाने वालों को काफी राहत मिलेगी। सुबह-शाम यहां लंबा जाम लोगों की परेशानी का सबब बना रहता था। लंबे समय से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (डीएमई) पर वाहनों के प्रवेश और बाहर निकलने के लिए कट बनाने की मांग उठाई जा रही थी। जनवरी में केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने इस कार्य का शिलान्यास किया था। करीब 9.5 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए रास्ते से लाखों लोगों की राह आसान हो गई है। रास्ता बनने से एबीईएस और क्रॉसिंग रिपब्लिक के सामने सड़क हादसों का खतरा भी टलेगा। गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ और दिल्ली के बीच आवाजाही करने वालों को इससे सुविधा मिलेगी। साथ ही, स्थानीय लोगों को एक्सप्रेसवे पर चढ़ने और उतरने में भी आसानी होगी।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान, होटल में शेफ का करती थी काम

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि महिला एक होटल में सैफ का काम करती थी। उसकी नौकरी चली गई थी, जिससे वह तनाव में थी। लोहियानगर में किराये के मकान में रहने वाली महिला ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, महिला होटल में शेफ का काम करती थी, उसकी नौकरी छूट गई थी, जिसके बाद तनाव में आ गई थी।

# कपड़ा कारोबारी को बंधकर बनाकर मांगी छह करोड़ की रंगदारी

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद में कपड़ा कारोबारी को बंधक बनाकर उनसे छह करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फरार आरोपी पर इनाम भी घोषित किया था।

जनकपुरी दिल्ली के कपड़ा कारोबारी शशांक शर्मा को बंधक बनाकर उनसे छह करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में फरार चल रहे बिजेंद्र त्यागी निवासी सदर बाजार सहारनपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बिजेंद्र त्यागी पर पिछले दिनों 50 हजार का इनाम घोषित किया था।

एसीपी नंदग्राम रवि कुमार ने बताया कि 14 अक्तूबर 2023 को दिल्ली के जनकपुरी के कपड़ा कारोबारी शशांक शर्मा को वासु त्यागी व उसके पिता बिजेंद्र त्यागी ने राजनगर एक्सटेंशन की सोसायटी के एक फ्लैट में बंधक बना लिया था। आरोपियों ने उनसे छह करोड़ की रंगदारी मांगी। पौने तीन करोड़ रुपये कारोबारी ने किसी तरह प्रबंध कर आरोपियों को दे दिए, जब शशाक शर्मा ने और पैसे का इंतजाम न होने की बात कही तो उन्होंने किस्तों में देने की शर्त लगा दी। न देने पर परिवार सहित कारोबारी को जान से मारने की धमकी दी।

मामले में कारोबारी ने नंदग्राम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने वासु समेत अन्य लोगों को पहले ही गिरफतार कर लिया था, लेकिन बिजेंद्र त्यागी तभी से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बिजेंद्र त्यागी पर 50 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया था। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मेरठ मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। शशांक ने सहारनपुर में कपड़े का काम किया था, वहां से ही उनका बिजेंद्र व उसके बेटे वासु से परिचय हो गया था।

# दिनभर बुलेट से घूमती है और गुटखा भी खाती है घरवाली, जिंदगी कर दी है नरक

जन एक्सप्रेस । आगरा

पति और पत्नी का विवाद परिवार परामर्श केन्द्र पहुंचा। पति ने बताया कि पत्नी ने जिंदगी नरक कर दी है। वो दिन भर बुलेट से घूमती है और गुटखा भी खाती है। उसके साथ रहना मुश्किल हो गया है।

शौक बड़ी चीज है, इसके आगे बाकी सब बेकार हैं। ऐसा ही एक मामला शनिवार को आगरा के परिवार परामर्श केंद्र में आया। पत्नी को बुलेट बाइक चलाने और गुटखा खाने का शौक है। पत्नी के ये शौक और ज्यादा खर्च करना पति को पसंद नहीं। विरोध पर विवाद हुआ तो पत्नी मायके में रहने लगी। काउंसलर ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बन सकी।

जगदीशपुरा थाना क्षेत्र की युवती की शादी सदर के सेवला क्षेत्र में वर्ष 2020 में हुई थी। पति जूता कारीगर है। परिवार परामर्श केंद्र में मामला पहुंचने पर काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने दोनों की काउंसिलिंग की। पति का आरोप है कि मना करने के बावजूद पत्नी ने अपने पिता से रुपये लेकर मायके में ही मकान बनवा लिया है। दिनभर गुटखा खाकर बुलेट पर घूमती रहती है। रिश्तेदारों के यहां भी बुलेट से जाती है। पत्नी के इन दोनों शौक ने उसे कर्जदार बना दिया है। अब मायके में रहने के लिए दवाब बना रही है। मगर वह माता पिता को अकेले छोड़कर पत्नी के साथ नहीं रह सकता। अगर पत्नी अपने ये शौक छोड़ दे तो वह साथ रखने के लिए तैयार है।

वहीं पत्नी ने आरोप लगाया कि शादी से पहले पति को उसके बुलेट चलाने और गुटखा खाने के बारे में पता था। अब विरोध क्यों है। उसने अपना मकान बनाकर कोई गलती नहीं की है। वह अपने शौक नहीं छोड़ेगी, पति साथ रहे या फिर नहीं। काउंसलर ने बात नहीं बनने पर अगली तारीख दे दी। परिवार परामर्श केंद्र की प्रभारी अपूर्वा चौधरी ने बताया कि शनिवार को 130 जोड़े बुलाए गए थे। 11 जोड़ों में सुलह हो गई। 5 में मुकदमे की संस्तुति की गई है। बाकी को अगली तारीख पर बुलाया गया है।

सदर थाना क्षेत्र की युवती की शादी 2022 में ट्रांस यमुना क्षेत्र में हुई थी। पति एक कंपनी में नौकरी करता है। पति का कहना है कि कुछ दिन पहले पत्नी मायके गई थी। जब वह उसे वहां से साथ लाया तो उसके पर्स में सिंदूर की पुड़िया और लौंग रखी मिली।

# लवली ने त्यागपत्र देने के 10 कारण गिनाए

जन एक्सप्रेस । नोएडा



अरविंदर सिंह लवली ने कांग्रेस आलाकमान को भेजे त्यागपत्र में 10 कारण गिनाए हैं। इनमें उन्होंने सबसे अधिक प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया पर निशाना साधा है। उनके व्यवहार को ही उन्होंने त्यागपत्र देने का मुख्य कारण बताया।

**ये हैं कारण**

1. प्रदेश प्रभारी बाबरिया ने प्रदेश स्तर के साथ-साथ ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की अनुमति नहीं दी। दिल्ली में 150 से ज्यादा ब्लॉकों में कोई अध्यक्ष नहीं है।
2. प्रदेश इकाई आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी। इसके बावजूद पार्टी ने आप के साथ गठबंधन किया।
3. गठबंधन के तहत सात सीटों में कांग्रेस को सिर्फ तीन सीटों चुनाव लड़ने के लिए आवंटित की गईं।
4. तीनों सीटों पर प्रदेश के नेताओं को टिकट नहीं दिए गए।
5. उत्तर-पश्चिम दिल्ली और उत्तर-पूर्व दिल्ली सीट पर पार्टी की नीतियों के लिए पूरी तरह से अजनबी नेताओं को टिकट दिए गए।
6. उदित राज और कन्हैया कुमार को उम्मीदवार बनाने के संबंध में औपचारिक रूप से पहले प्रदेश इकाई को सूचित भी नहीं किया गया।
7. उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्व दिल्ली के उम्मीदवारों के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है और उनके खिलाफ उन्होंने प्रदेश कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।
8. प्रदेश प्रभारी ने पूर्व मंत्री राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार और अन्य को निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रभारी ने स्थिति को शांत करने की जगह सार्वजनिक बैठकों में भी पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक भीष्म शर्मा व सुरेंद्र कुमार के साथ कई बार तीखी नोकझोंक की।

विज्ञापन

9. उत्तर-पश्चिम दिल्ली के उम्मीदवार ने अपमानजनक और पार्टी विरोधी बयान देकर स्थिति को खराब किया। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं का अपमान किया और उन्हें कई लिखित संदेश भेजे हैं, जिसमें विभिन्न स्थानीय नेताओं को निलंबित करने के लिए कहा गया है।
10. उत्तर-पूर्वी दिल्ली के उम्मीदवार पार्टी लाइन और स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं की मान्यताओं का उल्लंघन कर रहे हैं।

## हर्ष फायरिंग में राहगीर को लगी गोली

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** मौलाना आजाद नगर में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग में एक राहगीर युवक गोली लगने से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात को थाना क्वार्सी क्षेत्र



अन्तर्गत मौलाना आजाद नगर में शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। तभी एक युवक ने हर्ष फायरिंग कर दी। बताते हैं कि युवक द्वारा चलाई गई गोली राहगीर युवक लग गयी। जिससे खुशी के माहौल में हडकंप मच गया। घायल युवक को एक निजी हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले जांच जुट गयी है।

# पानी के तेज बहाव में बह गया सन्नी, दोस्तों के साथ गया था पिकनिक मनाने, फिसलने से हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद के मुरादनगर नहर में नहाने गए युवक व किशोरी पानी के तेज बहाव में बह गए। किशोरी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, युवक की तलाश जा रही है।

दोस्तों के साथ मुरादनगर नहर में नहाने गए युवक व किशोरी पानी के तेज बहाव में बह गए। मंदिर के गोताखोरों ने समय रहते किशोरी को किसी तरह बचा लिया, लेकिन युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की नहर में तलाश कर रही है।

दिल्ली मयूर विहार फेस तीन निवासी ई-रिक्शा चालक सन्नी (21)अपने दोस्त दीपू, काली, आशीष, सखी व निशा (16) के साथ मुरादनगर में नहर में नहाने गया था। सभी लोग सन्नी की ई-रिक्शा में बैठकर आये थे। रविवार शाम करीब पांच बजे गंगनहा प्राचीन शनि मंदिर गंगा घाट के पास नहाते समय सन्नी व निशा का पैर फिसल गया, दोनों गहरे पानी में डूबने लगे। खुद को डूबता देख दोनों ने शोर मचा दिया।

# 25 हजार का इनामी अमुवि का पूर्व छात्र पुलिस मुठभेड़ में घायल

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपी हत्या के प्रयास के मामले में नामजद है और पिछले एक साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था।

थाना सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली थी कि अमुवि का पूर्व छात्र राशिद अलवी जिस पर 25 हजार का इनाम है। कैंपस में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गयी और एएमयू के वाइल्ड लाइफ साइंस डिपार्टमेंट के पास नाकाबंदी करके खड़ी हो गयी। पुलिस को देखते ही आरोपी ने उनके ऊपर तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई और आरोपी घायल हो गया। जिसके बाद आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताते हैं कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कैंपस में 18 मार्च 2023 को जमकर फायरिंग हुई थी। मुठभेड़ में घायल हुए आरोपी राशिद अली उर्फ राशिद पुत्र अशरफ अली ने 15-20 आरोपियों के साथ मिलकर एएमयू के छात्रों से मारपीट की थी और गोली मारकर



उन्हें घायल कर दिया था। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही थी, लेकिन आरोपी राशिद फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के ऊपर 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था और लगातार उसकी तलाश कर रही थी। शनिवार देर रात को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए नाकाबंदी की थी। पूरे इलाके में कर दी थी नाकाबंदी आरोपी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पूरे इलाके में नाकाबंदी कर दी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार आरोपी देर रात में अपनी बाइक से आ रहा था। आरोपी की बाइक पर कोई नंबर प्लेट भी नहीं लगी हुई थी। पुलिस ने जब आरोपी राशिद को रोकने की कोशिश की तो उसने बिना कुछ सोचे समझे पुलिस पार्टी पर गोली चला दी। जिसके बाद टीम ने खुद को बचाते हुए आसपास पेड़ों की आड़ ली और जवाबी कार्रवाई में फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें आरोपी के दाहिने पैर पर गोली लग गई है। गोली लगने के बाद आरोपी ने सरेंडर कर दिया।

सीओ थर्ड एएसपी अमृत जैन ने बताया कि आरोपी राशिद अली एएमयू का पूर्व छात्र है। वर्तमान में उसका पता एएमयू का हॉस्टल है। लेकिन वह मूल रूप से बिहार कर रहने वाला है। 27 वर्षीय आरोपी बिहार के पूर्वी चंपारण केवार्ड नंबर 9 का निवासी है।

# दियोरिया बीसलपुर हाइवे पर वीरसिंहपुर के पास हुआ भीषण सड़क हादसा

* कार और ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत में तेज रफ़्तार कार के उड़े परखच्चे, ट्रैक्टर चालक की मौत





जन एक्सप्रेस । बीसलपुर

जनपद के दियोरिया बीसलपुर हाइवे पर गांव वीरसिंहपुर के समीप दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बीसलपुर की तरफ से दियोरिया जा रही ट्रैक्टर ट्राली को दियोरिया की तरफ से आ रही तेज रफ़्तार वैगनआर कार से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अपनी साइड सड़क के किनारे खाई में पलटकर चकनाचूर हो गई। वहीं ट्रैक्टर ट्राली अपनी साइड में सड़क के किनारे खाई में गिरकर पलट गया। ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से एक पेड़ भी टूटकर उसके ऊपर गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही दियोरिया कोतवाली से प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सलमान अली, उपनिरीक्षक अरुणेश भदौरिया, उपनिरीक्षक उदयवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक विशाल पुत्र रामचंद्र निवासी बिहारीपुर नौगवां थाना गजरौला ने अस्पताल पहुंचने पर दम तोड़ दिया। बताया गया है कि ट्रैक्टर ट्राली पर चार लोग सवार थे। वहीं दूसरी तरफ कार में पांच लोग सवार बताए गए हैं। बताया गया है कि कार चालक अनवर बुकिंग लेकर घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर से बारात लेकर जनपद बरेली के गांव अंधरपुरा जा रहे थे और जैसे ही वीरसिंहपुर से आगे निकले तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्राली से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दूल्हा सुशील कुमार पुत्र जगदीश, सुरेश कुमार, अनीस, चालक अनवर सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर सीएचसी के डाक्टरों ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटनास्थल पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सलमान अली, उपनिरीक्षक अरुणेश भदौरिया, उपनिरीक्षक उदयवीर सिंह ने जहां घायलों को एंबुलेंस से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहीं दूसरी तरफ जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर ट्राली और चकनाचूर कार को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है। पुलिस ने शव को सील का पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। वहीं मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि कार ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत में घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए भेजा गया है। पता चला कि ट्रैक्टर चालक विशाल की मौत हो गई है।

ट्रैक्टर ट्राली और कार को कब्जे में लेकर जेसीबी की मदद से थाना परिसर में लाया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय डांस दिवस के अवसर पर कार्यक्रम हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



आज ग्लोबल साइंस क्लब के तत्वाधान में नटराज डांस थेरेपी डासं एंड फिटनेस स्टूडियो में आज, डांस और विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही डांस के लाभ बताए गए, मुख्य अतिथि सतीश शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय डांस दिवस का मकसद लोगों को डांस का महत्व और उसके फायदे बताना हैं।

आज का दिन डांस की जादूगर कहे जाने वाले जॉर्जेस नारवे को समर्पित हैं। डांस के फायदे बताते हुए डांस शिक्षक साक्षी ने बताया कि डांस से आपका हृदय और फेफड़ों की स्थिति में सुधार होता हैं। मांसपेशियों की शक्ति सहनशक्ति और मोटर फिटनेस में वृद्धि होती है। एरोबिक फिटनेस में वृद्धि होती हैं। मांसपेशियों की टोन और ताकत में सुधार होता हैं। डिप्रेशन से परेशान लोगों के लिए जीवन मुश्किल भरा होता है, लेकिन डांस करने से उनकी स्थिति में सुधार आता हैं। डांस करने से शरीर में कैलोरी कम करने में मदद मिलती है जिससे वज़न कम होता हैं। वजन कम करने के लिए फ्री स्टाइल डांस ऑप्शन चुन सकते हैं।कोरियोग्राफर शिवम शर्मा ने बताया कि डांस करने के लिए डांस आना जरूरी नहीं है केवल डांस फ्लोर पर आ जाए, डांस करने लगेंगे। क्लब के राज्य समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि जीवन में तनाव कई कारणों से हो सकता हैं। डांस करने से तनाव को दूर किया जा सकता। कुछ देर डांस करने से तनाव कम होता है और पहले से ज़्यादा खुशी महसूस होती हैं। डांस करने से हार्मोन सेरोटोनिन के स्तर में वृद्धि होती है। आर्न, तेजस, गौरव ओजस्वी, उत्कर्ष, शुभ, अपूर्वा आदि में उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुतियां दी। इन्हें नृत्य प्रवीण प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। समाज में नृत्य को प्रोत्साहित करने के लिए शिवम शर्मा को क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### भूसा लेकर आ रहे युवक पर दबंगों ने की मारपीट थाने में दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा। जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव अधकटा में दबंगों द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए जिसमें पीड़ितों को गंभीर चोटे भी आई। हालांकि पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर करवाई कि मांग की हैं। बताते चले कि गांव अधकटा निवासी कन्हैयालाल पुत्र अर्जुन लाल ने आरोप लगाया है कि विगत दिवस शाम उसका भाई संतराम भूसा लेकर आ रहा था कि रास्ते में गांव के ही राकेश कुमार, राजेंद्र कुमार पुत्र छोटेलाल तथा उसके चाचा प्यारेलाल पुत्र नन्हेंलाल ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# राजनीति का अपराधीकरण लोकतंत्र के लिए खतरनाक : हाई कोर्ट





* बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह के सजा पर रोक लगाने की मांग पर कोर्ट ने कई गंभीर टिप्पणी की

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपहरण और जबरन वसूली में शनिवार को जौनपुर के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह व सह अभियुक्त संतोष विक्रम की जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट ने इसी प्रकरण में धनंजय और संतोष की सजा निलंबित करने से इन्कार कर दिया है। अब यदि सुप्रीम कोर्ट सजा स्थगित नहीं करता है तो वह लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। जौनपुर की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने उन्हें सात वर्ष की कैद की सजा सुनाई है।न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने पूर्व सांसद की अपील पर यह आदेश सुनाया। कोर्ट ने अपने फैसले में कुछ महत्वपूर्ण टिप्पणियां भी की हैं। कोर्ट ने कहा कि राजनीति का अपराधीकरण लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। राजनीतिक शुचिता जरूरी है। लंबे आपराधिक इतिहास वाला व्यक्ति सांसद बनकर कानून बनाने वाला बने तो यह जनतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा होगा। राजनीति का अपराधीकरण सही नहीं है। कोर्ट ने कहा कि गवाहों के मुखर नहीं होने व सुबूतों के अभाव में याची 28 केसों में बरी हो चुका है, लेकिन अब भी दस केस चल रहे हैं। सांसद या विधायक सजा पर रोक लगाने की कोशिश करते हैं, क्योंकि सजा रहने पर चुनाव नहीं लड़ पाते। ऐसा कोई स्ट्रेट जैकेट फार्मूला है, जिसके अनुसार सजा पर रोक लगाई ही जाए। यह अपराध की गंभीरता तथा आपराधिक इतिहास पर निर्भर करता है। पूर्व सांसद के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता सगीर अहमद, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सुधीर, वालिया, अधिवक्ता कार्तिकेय सरन व एसपी सिंह ने बहस की थी। राज्य सरकार का पक्ष अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव एवं अपर शासकीय अधिवक्ता जेके उपाध्याय, विकास सहाय और दीपक मिश्र ने रखा था।

# जेसीआई पीलीभीत पल्स द्वारा लीफलेट का हुआ विमोचन

* गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अलबेली–द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 का 5 में को होगा आयोजन : गरिमा बंसल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत







आज जे.सी.आई. पीलीभीत पर्ल्स द्वारा अलबेली- द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 के लीफलेट का विमोचन शहर में स्थित एक होटल में किया गया। जिसमें अध्यक्षा जेसी गरिमा बंसल, प्रदर्शनी निदेशक जेसी रीना अग्रवाल व जेसी निधि अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्षा जेसी भावना कौशिक, पूर्व अध्यक्षा जेसी करिश्मा सैहमी, जेसी नेहा अरोड़ा व जेसी रोशनी बग्गा, सचिव जेसी आदिति सक्सेना ने संयुक्त रुप से अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 के लीफलेट का विमोचन किया।

अध्यक्षा जेसी गरिमा बंसल ने बताया कि जे.सी.आई. पीलीभीत पर्ल्स गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 का आयोजन दिनांक 5 मई, 2024 (रविवार) को ऑकेजन बैंकेट हॉल, पीलीभीत में दोपहर 12:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक किया जायेगा। इस वर्ष प्रदर्शनी में ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। ड्रॉइंग प्रतियोगिता दो वर्गो में सम्पन्न कराई जायेगी।

जिसके प्रथम वर्ग सबजूनियर कक्षा 1 व कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए होगा और द्वितीय वर्ग जूनियर में कक्षा 3 से लेकर कक्षा 5 तक के बच्चे प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा। मेंहदी प्रतियोगिता तीन वर्गो में सम्पन्न कराई जायेगी, जिसके प्रथम सबजूनियर में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बच्चे प्रतिभाग करेंगे, द्वितीय वर्ग जूनियर में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के बच्चे प्रतिभाग कर सकते है व तृतीय वर्ग सीनियर में कक्षा 12 से अधिक के प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकते हैं। अध्यक्षा जेसी गरिमा बंसल ने यह भी बताया कि अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 में एक किड्स जोन भी बनाया जा रहा है जिसमें बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाये जायेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि एक छत के नीचे डिजाइनर्स व आकर्षक कपड़े, विभिन्न प्रकार की एंटीक ज्वैलरी, बच्चों के कपड़े, मनोरंजन की सामग्री, हैण्डमेड चॉकलेट व बिस्कुट, कढ़ाई और कशीदाकारी के हैण्डमेड कालीन, मेज पोश व विभिन्न वस्तुऐं, हैण्डलूम स्टॉल और खाने-पीने के विभिन्न वस्तुओं के आकर्षक स्टॉल्स आदि लगाये जायेंगे। जिसमें जनपद पीलीभीत की हर आयु वर्ग की महिलाऐं व बच्चें अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर प्रदर्शनी का लुत्फ उठा सकते है।अध्यक्षा जेसी गरिमा बंसल ने कहा कि अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 लगाये जाने के पीछे मुख्य उद्देश्य लघु स्तर पर व्यापार कर रहे उद्यमियों को मेक इन इंडिया पहल के अर्न्तगत एक मंच प्रदान करना है जिससे की वह अपनी कला को अधिक से अधिक लोगो तक पहुँचा सके।

कार्यक्रम के अन्त में संस्था की सचिव जेसी आदिति सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया व 5 मई को होने वाली अलबेली - द यूनिक फैशन एण्ड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 को सफल बनाने की अपील की।

कार्यक्रम में जेसी कनिका अग्रवाल, जेसी मोनिषा बग्गा, जेसी रितिका अग्रवाल, जेसी अनुश्री भारद्वाज, जेसी चारु गुप्ता, जेसी कनक शंखधार, जेसी सुरभि गुप्ता, जेसी बारबी अग्रवाल, जेसी चारु कंचन आदि सदस्य मौजूद रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अज्ञात चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज




जन एक्सप्रेस । जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के गोसाईंपुर नहर पुलिया के पास शुक्रवार को कार की टक्कर से हुई बुलेट सवार दो चचेरे भाइयों की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दिया है। सरपतहा थाना क्षेत्र के भटौली गांव निवासी 22 वर्षीय शिवम सिंह अपने चचेरे छोटे भाई आयूष सिंह के साथ अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से शाहगंज गये थे। जहां से वापस लौटते समय उक्त नहर पुलिया पर सामने से तेज गति से आ रही कार ने टक्कर मार दिया। दोनों भाई सड़क पर गिर पड़े। सिर में गंभीर चोटें आने से उनकी मौत हो गई। घटना के दूसरे दिन मृत आयूष सिंह के पिता सुरेश सिंह ने के द्वारा थाने में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि दुर्घटना करने वाली कार का रजिस्ट्रेशन नंबर मिल गया है। जिसके आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

### जयमाल के बाद दुल्हन प्रेमी संग हुई फरार, दूल्हा रात भर इंतजार के बाद बारातियों संग मायूस हो लौटा घर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। मीरगंज थाना क्षेत्र स्थित सेमरी बिरगहीपुर दलित बस्ती में जयमाल होने के बाद दुल्हन के भाग जाने से दूल्हे और बारातियों का रंग जहां फीका पड़ गया वहीं घराती भी मुंह छिपा कर दुबक गए। मामले की सूचना पाकर 112 पुलिस मौके पर जांच पड़ताल कर वापस हो गई। उक्त गांव निवासी मेवालाल गौतम ने अपनी पुत्री नीलम का विवाह पवारा थाना क्षेत्र के रामपुर सवाई गांव निवासी राजबली के बेटे राजेश कुमार के साथ 27 अप्रैल को तय किया था। बड़ी ही धूम धाम से लगभग 3 दर्जन वाहनों के काफिले, डीजे, रथ,नौटंकी( नाच) के साथ करीब 200 लोगों के साथ बारात निर्धारित समय पर मेवालाल के दरवाजे पर पहुंच गई। घरातियों ने बड़े उत्साह से बारातियों का स्वागत सत्कार कर उन्हे जल जलपान कराया। द्वारचार की रस्म पूरी की गई। रात 11 बजे दुल्हन सज धज कर जयमाल के लिए आई। लगभग 1घंटे तक जयमाल की रस्म पूरी की गई। बारातियों को भोजन कराने के बाद मंडप में विवाह की तैयारी की जाने लगी तो पता चला कि घर में दुल्हन ही नहीं है। परिजन बिना किसी को कुछ बताए उसे खोजने लगे। धीरे धीरे बारातियों को भी इस बात की भनक लग गई। रात भर दूल्हा विवाह के लिए दुल्हन का इंतजार करता रहा। मनोरंजन के लिए आए नाच, डीजे सब बंद हो गए। सुबह होने पर दूल्हे पक्ष के लोगों ने डायल 112 पुलिस को मामले से अवगत कराते हुए बिन दुल्हन के मायूस हो कर बारात लेकर वापस चले गए।

### खेत पर जाते समय दबंगों ने लाठी डंडों व धारदार हथियारों से की मारपीट दी नामजद तहरीर

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गांव गाजीपुर मुगल निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र जमुना प्रसाद ने बरखेड़ा थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि प्रार्थी के चाचा लक्ष्मण प्रसाद पुत्र दीपचंद को गांव के ही जयकरन पुत्र फकीरे चांद, राकेश पुत्र फकीरचंद, कुबरसेन पुत्र फकीरे चंद अमन पुत्र राजेश ने मेरे चाचा को खेत पर जाते समय लाठी डंडों व तेज धारदार हथियारों से मारने पीटने लगे जिससे प्रार्थी को गंभीर चोटें आई है।

# अखाड़ा सजने से पहले ही हार मान चुकी है सपा : योगी आदित्यनाथ

जन एक्सप्रेस । बदायूं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश के खिलाफ हिडेन एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि पहले के पीएम अयोध्या जाने से संकोच करते थे। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम जन्मभूमि दर्शन को गये और रामलला को 500 साल बाद उनके भव्य मंदिर में विराजमान भी कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरुआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी।

सीएम ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने के बाद यह क्षेत्र औद्योगिक विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं हमेशा सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है। कहा 2014 से पहले भारत में आतंकी विस्फोट हुआ करते थे तब पाकिस्तान में जश्न मनता था और भारत की सरकार मौन रहती थी। आज पाकिस्तान पटाखे छूटने पर भी सफाई देने लगता है, क्योंकि उसे पता है कि कब कहां सर्जिकल स्ट्राइक हो जाए। आज देश सुरक्षा, समृद्धि और सम्मान के साथ हाईवे-एक्सप्रेस वे तथा विकास के नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं की लंबी श्रृंखला जनता के लिए उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में आस्था के साथ खिलवाड़ किया जाता था। कांग्रेस के लोग कहते थे कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं। आज 500 साल का इंतजार खत्म हो चुका है और रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। उन्होंने कहा कि बहकाने वाले बहुत आएंगे, हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है। योगी ने कहा कि हम हर जनपद महापुरुषों और आस्था को सम्मान देंगे। हमने काशी और अयोध्या से शुरुआत कर दी है, बृज भूमि और उसके बाद बदायूं का नंबर भी आने वाला है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा से सावधान रहना है। इनका भारत के खिलाफ छिपा हुआ हिडेन एजेंडा है। ये अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में सेंधमारी करने जा रहे हैं। ये संपत्ति का सर्वे करके आपकी संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने की तैयारी में है। दुर्भाग्य से अगर कांग्रेस आ गई तो आपकी संपत्ति पर कांग्रेस और सपाई कब्जा कर लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने माफिया और गुंडो को ठीक कर दिया है, हालत खराब कर दी गई है। उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर समाजवादी पार्टी की ओर से शोक संवेदना के लिए एक शब्द भी नहीं निकले थे, मगर एक माफिया की मौत पर सपा सुप्रीमो उसके घर फातिहा पढ़ने चले गये थे। योगी ने कहा कि हमें अपने वोट को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए देना है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री बीएन वर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष और बदायूं सीट से प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सांसद संघमित्रा मौर्य, विधायक बिल्सी हरीश शाक्य, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक, विधायक महेश गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, विमल कृष्ण अग्रवाल, अजीत यादव, कुशाग्र सागर, डीके भारद्वाज, जितेन्द्र यादव, राजेश यादव सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* सोमवार को चचेरी बहन की है शादी मातम में बदल गई शादी की खुशी

बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के उसरा बाजार स्थित फोरलेन पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आस पास के लोगों की माने तो सड़क दुर्घटना स्थल पर पड़ी एक पिस्टल को भी पुलिस ने बरामद किया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है।जानकारी के मुताबिक तेजीबाजार थाना क्षेत्र के सरौली गांव निवासी करीब 18 वर्षीय सोनू गुप्ता उर्फ सनी पुत्र राधेश्याम गुप्ता बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के भलुआही कस्बे में किराए के मकान में रहता था। रविवार की दोपहर वह किसी कार्य से मिरशादपुर की तरफ जा रहा था। वह जैसे ही उसरा बाजार के पास पहुंचा तभी एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह बाइक लेकर फोरलेन पर गिर पड़ा जब तक आस पास के लोग कुछ समझ पाते तब तक सोनू गुप्ता की मौत हो चुकी थी। वही सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस की मानें तो दुर्घटना स्थल से कोई पिस्टल नहीं बरामद हुई है। उधर मौत की खबर लगते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार को मृतक के चचेरी बहन की शादी है जो शादी की खुशी मातम में बदल गई।

# महिला से लूट के मामले में तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

कटरा कोतवाली क्षेत्र के छोटी बसही लोहिया तालाब निवासी मुन्नी देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार बीते 25 अप्रैल को बाजार सामान लेने गई थीं। सामान लेकर ई-रिक्शा से घर जा रही थीं। रास्ते में मुसफ्फरगंज स्थित एक सिनेमा हाल के पास पहुंची थीं, उसी बीच बाइक सवार युवक उनका बैग लूटकर फरार हो गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। कटरा कोतवाल अजय सेठ ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रोडवेज के पास से शिवम कन्नौजिया निवासी लंका पहाड़ी कांशीराम आवास कोतवाली देहात, विकास निवासी भैसहिया टोला कोतवाली कटरा और रोहित कुमार गुप्ता निवासी भैसहिया टोला कोतवाली कटरा को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से लूट के 7000 रुपये, घटना में प्रयुक्त दो बाइक, एक तमंचा और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। कोतवाल के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शिवम ने रेकी की कि बाजार में किस महिला को टारगेट किया जा सकता है। इसकी सूचना दूसरे बाइक सवार अपने साथी रोहित और विकास को दी। रोहित बाइक चला रहा था विकास ने बैग छीना।

# जैन समाज बनवाएगा पक्षियों का अस्पताल



जन एक्सप्रेस । वाराणसी

जैन समाज की ओर से सारनाथ में पक्षियों का अस्पताल बनवाया जाएगा। रविवार को इसकी घोषणा नरिया स्थित दिगंबर जैन मंदिर में जैन समाज के अध्यक्ष आरसी जैन ने की। भगवान महावीर जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित आज का युग और भगवान महावीर का संदेश विषयक संगोष्ठी के दौरान 501 पक्षियों को मुक्त कराया गया।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो अत्यंत सार्थक है। जीने का हक सभी जीवों को है। श्री दिगंबर जैन समाज काशी के उपाध्यक्ष राकेश जैन ने प्रदेश शासन से काशी को मांस और मदिरा से मुक्त करने की मांग की। काशी विश्वनाथ धाम से 10 किलोमीटर की परिधि में मांस मदिरा को निषेध करने की मांग की। राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने जैन समाज की मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि जैन समाज के अध्यक्ष आरसी जैन ने सारनाथ में पक्षियों का अस्पताल बनाने का वचन दिया। इस दौरान डॉ. फूलचंद जैन प्रेमी, प्रो. अशोक कुमार जैन, प्रो. कमलेश कुमार जैन ने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि का स्वागत राकेश जैन व पवन कुमार जैन ने किया। अतिथियों का स्वागत विवेकानंद जैन और धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद बागड़ा ने किया। इस अवसर पर प्रतीक जैन ,अजीत जैन, अशोक कुमार जैन, अभिषेक कुमार जैन उपस्थित रहे।

# उन्नाव में भीषण सड़क हादसा: तेज रफ्तार ट्रक ने बस में मारी टक्कर, सात की मौत, 20 लोग घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक हरदोई की ओर जा रही मिनी बस में दाहिनी तरफ से टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में चालक की तरफ का बस का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में चालक सहित सात लोगों की मौत हो गई है। इनमें दो महिलाएं और पांच पुरुष हैं। कई की हालत नाजुक है। हादसे में 20 लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। गंभीर रूप से घायल छह लोगों को कानपुर हैलट और 13 घायलों को उन्नाव जिला अस्पताल रेफर किया गया है। एक घायल का सफीपुर सीएचसी में इलाज चल रहा है। ट्रक हरदोई से उन्नाव की तरफ जा रहा था और मिनी बस उन्नाव से हरदोई जा रही थी। बस के बगल से निकलते समय हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन चालकों ने पहले निकले की होड़ और एक दूसरे को साइड न देने की वजह से हादसा हुआ है। सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि ट्रक को माखी थाना पुलिस ने चालक सहित पकड़ लिया है। हाइवे पर ट्रक और बस में आमने-सामने टक्कर हुई है। जिसके चलते यह सड़क और भी भयानक हो गया। दुघर्टना के दौरान मौके पर चीख पुकार मच गई। जिसके बाद यूपी पुलिस को घटना की जानकारी मिली। तेजी से रेस्क्यू किया गया। घायलों को बस से निकाला गया। घटना में 12 लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।



### सड़क पर उछल कर गिरा यात्री, सिर फटा

हादसा इतना भयानक था कि एक यात्री सड़क पर उछल कर जा गिरा, जिससे उसका सिर फट गया। यही नहीं, बस की खिड़की वाली साइड बैठे 2 यात्रियों के सिर कटकर अलग हो गए। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने डायल-112 और जिला कंट्रोल रूम को फोन कर जानकारी दी। शुरुआत में पुलिस को हादसे में 12 से अधिक लोगों के मरने की खबर मिली। पुलिस महकमा तुरंत अलर्ट हो गया। सफीपुर कोतवाली प्रभारी की वीआईपी कार्यक्रम में ड्यूटी लगी थी। उन्हें वहां से हटाकर मौके पर भेजा गया। थोड़ी देर में वह फोर्स और एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे। राहगीरों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। हरदोई-उन्नाव मार्ग पर दोनों तरफ के वाहनों को रोक दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर जाम लग गया। वाहन सवार घंटों तक जाम में फंसे रहे।

### घायल यात्री बोला, ट्रक की रफ्तार तेज थी

हादसे में घायल हुए हरदोई के रहने वाले एक यात्री ने बताया कि हमारी बस की रफ्तार भी तेज थी। अचानक झटका लगा और बस में चीख-पुकार मच गई। देखा तो 4 से 5 लोगों की मौत हो चुकी थी। ट्रक टक्कर मारकर भाग गया था। मेरे साथ ही कई यात्री घायल हो गए। हादसे में गलती किसकी है, ये नहीं कह सकता। लेकिन बस की हालत देखकर लग रहा है कि ट्रक की रफ्तार भी तेज रही होगी, तभी तो वो बस को चीरते हुए निकल गया।

### सीओ ने कहा- ड्राइवर को ट्रक समेत पकड़ा गया

सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया- बस (यूपी35 टी 5700) को ट्रक ने टक्कर मारी है। हादसे के बाद ट्रक लेकर भागे ड्राइवर को पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ लिया है। मृतकों में आसाराम निवासी सिखरावा थाना टांडियावां हरदोई, सुशीला निवासी मंगल बाजार, इरतजा उर्फ लाडले निवासी सैयद बड़ा थाना सफीपुर उन्नाव, रुकैया बेगम निवासी मछारिया कानपुर, हरिनारायण निवासी आदर्शनगर उन्नाव, लालजी निवासी दारापुर, उन्नाव के रूप में हुई है। जबकि एक मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

### जिला अस्पताल की इमरजेंसी में खाली कराए गए बेड

सीओ ने बताया- हादसे के बाद जिला अस्पताल की इमरजेंसी में कुछ बेड खाली कराकर रिजर्व कर दिए गए हैं। जिससे घायलों का तत्काल बेहतर उपचार मिल सके। हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अफसरों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए हैं।

### चीखते चिल्लाते रहे घायल, बोले, घरवालों को बता दो

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- मेरी पास में ही दुकान है। हादसे के बाद मैं दौड़कर मौके पर पहुंचा। घायलों को बचाने में जुट गया। लोग चीखते हुए कह रहे थे कि घटना के बारे हमारे घरवालों को बता दो। हादसे का मंजर देखकर हर कोई सहम गया।

# ककवन विकास खंड कार्यालय परिसर में बने भवनों से गिर रहा है प्लास्टर, गंदगी का अंबार

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील के अति पिछड़ा विकासखंड कहे जाने वाले ककवन में प्रत्येक ग्राम सभा से लेकर गौशालाओं की दशा दयनीय है यहां तक की विकासखंड परिसर में बनी बिल्डिंग में शौचालय बदबूदार गंदगी से फटे हुए हैं वहीं पर बिल्डिंग की दीवारों से प्लास्टर टूट टूट कर गिर रहे हैं जो कि ब्लॉक के अंदर घुसते ही देखने को मिल जाता है वहीं पर जिम्मेदार अधिकारी अगर प्रतिदिन कार्यालय आते जाते होते तो जरूर इनमें सुधार करवाते हैं वहीं पर शौचालय में देखने पर मिला कि गंदगी का अंबार लगा है कभी वहां सफाई हुई नहीं है ना ही वहां पर पानी नलों में आ रहा है आखिरकार जिम्मेदार अधिकारी अपना कार्यालय देख-रेख ही नहीं है अधिकारी के न होने के चलते ग्राम विकास अधिकारी सिर्फ फोन पर ही हाल-चाल प्रधानों से लेकर अपनी ड्यूटी पूरी कर रहे हैं इस समय चुनाव की प्रक्रिया के दौरान अगर कोई फोन से पूछता है तो चुनाव में लगे हुए हैं आखिरकार इसका विवरण ब्लॉक के कर्मचारी देने को तैयार नहीं है ककवन ब्लॉक क्षेत्र का कब सुधार होगा। अकाउंट विकासखंड अधिकारी शिवनरेश से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका है की बिल्डिंग की रिपेयरिंग आदि का काम कब और कौन करवाएगा।








# इटावा में गरजे अमित शाह, पूछा, राहुल को प्रधानमंत्री बनाओगे या मोदी जी को?



जन एक्सप्रेस । इटावा

सपा के गढ़ पहुंचे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह जमकर गरजे। उन्होंने शहर के नुमाइश पंडाल में जनसभा को संबोधित किया। सबसे पहले शिव मंदिर, नीलकंठ मंदिर समेत सभी मंदिरों को नमन किया। इसके बाद खांटी समाजवादी नेता अर्जुन सिंह भदौरिया को नमन किया। उन्होंने कहा कि दो चरणों के चुनाव में भाजपा सेंचुरी मार रही है। एक ओर राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले हैं, तो दूसरी ओर राम मंदिर बनाने वाले। उन्होंने कहा कि मैं अखिलेश यादव से पूछने आया हूं कि भैया आपको और डिंपल भाभी को प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था या नहीं? राहुल जी और उनकी मां से भी पूछता हूं कि निमंत्रण मिला था कि नहीं? आगे कहा कि सबको निमंत्रण गया था, लेकिन कोई आया नहीं। जनता से पूछते हुए कहा कि रामसेवकों पर गोली चलाने वालो को चुनेंगे या राम मंदिर वालों को। राहुल को प्रधानमंत्री बनाओगे या मोदी जी को? कश्मीर हमारा घर है या नहीं 370 हटना चाहिए था? इटावा का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान दे देगा। गृहमंत्री ने आगे कहा कि पहले पाकिस्तान हावी रहता था। मोदी प्रधानमंत्री बने, तो पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की। विश्व में भारत का डंका बज रहा है। कहा कि इटावा वालों कोरोना का टीका लगा? मुफ्त लगा है। इसके आगे परिवारवाद की परंपरा पर भी जमकर हमला बोला।

### सपा के गुंडे गरीबों की झोपड़ी कब्जाते थे

उन्होंने कहा कि जो अपने भतीजे, भतीजी मुख्यमंत्री बनते हैं, वो क्या इटावा वालों का भला करेंगे। सपा के गुंडे गरीबों की झोपड़ी कब्जाते थे। योगी जी की सरकार बनने के बाद अब कोई कब्जा नहीं करता। 550 किमी सड़क बनी, रेलवे स्टेशन बनाना, पासपोर्ट कार्यालय, गैस-पानी सभी लाभ इटावा वालों को मिले हैं।

### जसवंतनगर और करहल सीट पर भाजपा की नजर

मैनपुरी लोकसभा सीट पर 1996 से सपा का वर्चस्व है। यहां सबसे अधिक लगभग पौने पांच लाख यादव मतदाता होने की वजह से सपा को आसानी से बड़ी जीत मिल जाती है। सपा की जीत में सबसे बड़ी भूमिका जसवंतनगर और करहल विधानसभा क्षेत्र की रहती है।

### डिंपल यादव को मिले थे 6,17,625 वोट

कई सालों से सपा प्रत्याशी को सबसे ज्यादा वोट देने वाली विधानसभा जसवंतनगर है। यहां से विधायक शिवपाल सिंह यादव का बड़ा प्रभाव माना जाता है। यही वजह है कि मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को 6,17,625 वोट मिले थे। जसवंतनगर को साधने का प्रयास कर सकते हैं अन्य प्रचारक वहीं, सपा से ही भाजपा में गए रघुराज सिंह शाक्य के खाते में 3,29,489 वोट आए थे। इसी तरह डिंपल ने 2,88,136 वोटों से भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया था। इस बार भाजपा इन दोनों सीटों पर सपा को कांटे की टक्कर देने के प्रयास में है। यही वजह है कि जसवंतनगर में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा की थी। अभी कई अन्य बड़े स्टार प्रचारक भी जसवंतनगर को साधने का प्रयास कर सकते हैं।

# प्रशासन स्वीप मुहिम में व्यस्त, एक पूरे मोहल्ले ने कर दिया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट से बमुश्किल एक किलोमीटर दूर और मुख्य मार्ग से सटे कृष्णानगर मोहल्ले के लोगों ने एकजुट होकर चुनाव का बहिष्कार कर दिया। मोहल्ले के बाहर बहिष्कार का बैनर टांग कर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि मोहल्ले में रहने वालों को नगर की कोई सुविधा नहीं मिल रही। नेताओं और अधिकारियों को कई बार समस्याओं से अवगत कराया जा चुका, लेकिन समाधान नहीं किया जा सका। खास बात यह भी है कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद में जुटे जिला प्रशासन की टीम को इस प्रदर्शन की पूर्व जानकारी होते हुए भी कोई ज़िम्मेदार अभी तक वहां बात करने नही पहुचा। 1077 और 1950 पर की गई शिकायतें भी पूरी तरह बेअसर रही। इस संवाददाता द्वारा भी उप जिला निर्वाचन अधिकारी को सूचना दिए जाने पर उन्होंने यह शिकायत एसडीएम सदर और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को संदर्भित की किन्तु वोट प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में जुटे सदर प्रशासन के पास इतना समय कहा कि वो महज कुछ सौ वोटों की नाराजगी की वजह जानने के लिए उनसे मिलने जा सके। कन्नौज के सरायमीरा क्षेत्र में कलक्ट्रेट रोड के सामने बसे कृष्णानगर मोहल्ले के रहने वाले लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चुनाव का बहिष्कार कर दिया। मोहल्ले में इंट्री करने वाले रास्ते पर चुनाव बहिष्कार का बैनर टांग दिया। कृष्णानगर मोहल्ले के रहने वाले लोकेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि उनके मोहल्ले में अब तक न तो पक्की सड़कें हैं और न ही नाली। घरों का गंदा पानी और सीवर का पानी पास-पड़ोस के प्लाट में भर जाता है। जिस कारण गंदगी बनी रहती है। बीमारियों के फैलने का हर वक्त अंदेशा बना रहता है।



### वोट नहीं डाला जाएगा

प्रवीण मिश्रा ने बताया कि मोहल्ले की इन समस्याओं के समाधान के लिए कई बार नेताओं और अधिकारियों से गुहार लगा चुके, लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। पिछले 5 वर्षों में विकास के नाम पर मोहल्ले में कोई विकास नहीं कराया गया। जिस कारण मोहल्ले के लोगों ने चुनाव बहिष्कार करने का फैसला किया है। यहां अब विकास नहीं होगा तो कोई वोट डालने नहीं जाएगा।

### ये लोग रहे मौजूद

इस दौरान हरिशंकर चतुर्वेदी, लोकेश कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार यादव, अवधेश कुमार, प्रवीण मिश्रा, रवि शंकर, ईशु त्रिपाठी, रानी मिश्रा, रोहिणी द्विवेदी, कुमकुम, मधु त्रिपाठी, शोभा त्रिपाठी, संजीव कुमार, विनय गुप्ता, अक्षम दुबे समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सुदिती ग्लोबल में मतदाता जागरुकता हेतु हुई कविता गायन प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय सुदिती ग्लोबल एकेडमी,मैनपुरी में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान की आवश्यकता पर जागरूकता फैलाना है। विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी और नियत तिथि पर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की प्रशासनिक प्रधनाचार्य डा0 कुसुम मोहन ने निर्देशन में शिक्षिका सुश्री खुशबू के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया और लोकतंत्र की प्रक्रिया,मतदान और चुनाव की महत्ता पर कई प्रभावशाली और आकर्षक कविताएं पढ़ीं।विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन ने छात्रों को संबोधित करते हुये कहा कि आज का यह कार्यक्रम हमारे लिए गर्व का विषय है।हम चाहते हैं कि हमारे विद्यार्थी लोकतंत्र की महत्ता को समझें और अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें।

## भीषण गर्मी में लू की थपेड़ों से बचने के लिए बच्चे नहर में कूद कर नहाकर गर्मी से छुटकारा पाते हैं

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में गर्मी के दिनों में नहरो तालाबों और राजवहो में बच्चे बुढ्ढे और जवान सभी गर्मी से छुटकारा पाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में घंटो नहाते रहते हैं वहीं पर अब तालाब में अच्छा पानी नहीं मिलता है लेकिन राजवहो में साफ पानी मिल जाता है । जिसमें स्कूली बच्चे अधिकांशतः दोपहर में नहर पर ही झुंड बनाकर नहाते नजर आते हैं ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिदिन नहाने वाले बच्चे नहर को तैरते हुए पार कर लेते हैं और वहीं पर नए आए हुए युवक एक दूसरे को सहारा देकर पार करते हैं फिर दूसरी तरफ से फिर दोबारा पार करते हैं यह सिलसिला उनके बराबर जारी रहता है और दोपहर में घंटो इसी में स्नान करते रहते हैं नहर के किनारे बैठे बुजुर्ग ने बताया कि अभी तक कोई नहाते वक्त बच्चा डूबा नहीं है। लेकिन कभी कोई पुलिस यहां पर बच्चों को डांटने नहीं आती है लेकिन बचाव जरूरी है।



## हड़ताल किए पल्लेदारों की बढ़ी मजदूरी: श्याम मोहन

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

मजदूरी बढ़ाने की मांग को लेकर पल्लेदारों ने गल्ला मंडी झींझक में हड़ताल कर व्यापारियों का घेराव किया। दिन रविवार को झींझक मंडी स्थल में पल्लेदार काम बंद कर हड़ताल पर बैठ गए। व्यापारी नेता श्याम मोहन दुबे, हरदेश गुप्ता, अनिल शर्मा पप्पू, प्रवीण ओमर, पंकज कोविंद, हिरदेश मिश्रा सहित व्यापारियों का घेराव कर प्रदर्शन किया। पल्लेदारों के नेता चंदर, अजय राम सिंह, मलखान, रामकुमार सहित सभी का कहना था की कोरोना के बाद से अब तक मजदूरी की दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। जो अभी तक 3.50 पैसा लगती थी उसे 4 कर दिया। कटाई भारी की दरों को 5 प्रति बोरी कर दी गई। मजदूरी बढ़ाने के बाद पल्लेदार हड़ताल समाप्त कर कम पर वापस आ गए मजदूरी की वृद्धि हो जाने पर पल्लेदारों ने प्रसन्नता जाहिर की।

# विद्यालयों में खेल सामग्री पर किए गए खर्च की होगी जांच

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

जिले के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के लिए खरीदी गई खेलकूद सामग्री की जांच करके पता लगाया जाएगा कि महीने भर में स्कूल प्रशासन ने कितनी खेल सामग्री खरीदी। साथ ही किस कंपनी का सामान क्रय किया गया। खेलकूद सामग्री के नाम पर खानापूर्ति करने वाले स्कूलों के प्रधानाध्यापकों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों और जिला समन्वयक की टीम बनाई गई है। लास्ट मई से टीम विद्यालयों में पहुंचना शुरू करेगी। जिले में 1925 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। बेसिक शिक्षा विभाग एक ओर जहां परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता को लेकर गंभीर है।इसके तहत बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं शारीरिक और मानसिक विकास पर भी नजर है। इसी क्रम में शासन ने मार्च में परिषदीय स्कूलों में खेलकूद सामग्री के लिए धनराशि जारी की है। प्राथमिक विद्यालयों को पांच हजार जबकि उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों को दस-दस हजार रुपये खेल सामग्री खरीदने हेतु जारी किए गए हैं। प्राथमिक स्कूलों को 11 जबकि जूनियर स्तर पर 16 प्रकार की खेल सामग्री खरीदी जानी थी। इससे विद्यालय में पढने् वाले बच्चों को पारंपरिक खेलों खो-खो, कबड्डी, फुटबाल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल के साथ ही एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज व कैरम आदि में दक्ष बनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार करीब महीने भर बाद भी बड़ी संख्या में विद्यालयों ने खेल सामग्री नहीं खरीदी है। जबकि कई विद्यालयों ने चुनिंदा सामान खरीदकर कोरम पूरा कर लिया। शिकायत मिलने पर विभाग ने अब एक-एक विद्यालय का भौतिक सत्यापन करने की योजना बनाई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने कहा कि स्कूल के एसएमसी खाते में पैसा भेजा गया था। उन्हें ही गुणवत्तापरक निर्धारित मानक के अनुसार खेल सामग्री खरीदनी थी। जांच की जाएगी अगर किसी भी स्तर पर खामी पाई जाती है तो संबंधित प्रधानाध्यापक पर कार्यवाही की जाएगी।

## स्थानांतरण तालमेल बनाने हेतु पोर्टल खुलेगा आखिर कब

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक-शिक्षिकाओं के पारस्परिक स्थानांतरण ग्रीष्म एवं शीत अवकाश में किए जाने के लिए शासनादेश है लेकिन विवरण भरने एवं तालमेल (पेयर) बनाने के लिए अब तक पोर्टल ही नहीं खोला गया है। ऐसे में प्रश्न है कि पोर्टल पर तालमेल बनाने की प्रक्रिया ही जब अप्रैल के अंत तक पूरी नहीं कराई गई तो जून की छुट्टी में पारस्परिक स्थानांतरण कैसे हो जाएंगे। इतना ही नहीं 2400 शिक्षकों का अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण तालमेल बनाए जाने के बाद अब तक नहीं हो सका है। गर्मी की छुट्टी 20 मई से होने को देखते हुए अपने घर से दूर के विद्यालय में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाएं पोर्टल खुलने और शिक्षकों के विवरण भरने के बाद आपस में तालमेल बनाने की प्रतीक्षा में हैं। उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि पोर्टल देर से खोलने पर शिक्षकों को अपना विवरण भरने, उसके बाद सहमति लेकर आपस में तालमेल बनाने, सत्यापन एवं अन्य प्रक्रिया में समय लगेगा। प्रक्रिया में विलंब होने पर ग्रीष्म अवकाश में पारस्परिक स्थानांतरण किया जाना मुश्किल होगा।

# रानी अवंतीबाई के प्रति सम्मान और एयरपोर्ट उनके नाम की घोषणा ने फिजा ही बदल दी


जन एक्सप्रेस । कन्नौज

विधायक रेखा वर्मा के साथ तिर्वा पहुँचे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रानी अवंतीबाई की प्रतिमा स्थल पर जब पहुँच उनका वंदन व अभिनंदन कर जब ऐलान किया कि एयरपोर्ट का नाम भी रानी के नाम पर रखा जाएगा तो रात के धुंधलके में भी हजारों की तादाद में यहाँ मौजूद लोधी समाज ने जय अखिलेश, जय समाजवाद और पीडीए जिंदाबाद के नारों से आसमान गुंजायमान कर दिया। वहीं उन्होंने नारा दिया कि हमारा रक्षक है संविधान और हम हैं संविधान के रक्षक, तो देशप्रेमी उनके इस नारे को साकार करने में जुटने लगे। कन्नौज के जनपद सम्पर्क में यहाँ ऐसा देखने को मिलने लगा, मानो अखिलेश नहीं, यहाँ की जनता खुद चुनाव लड़ रही। पूर्व मुख्यमंत्री की जनसम्पर्क यात्रा का सैकड़ों नहीं हजारों की तादाद में लोगो ने दलीय और धार्मिक भावनाओं से ऊपर उठकर स्वागत किया। कन्नौज का चुनाव अब सही मायनों में ऐतिहासिक होता जा रहा है चुनाव जहाँ हर आदमी को अच्छा लगने लगा है और लगभग सभी सक्रिय हिस्सेदारी करने लगे है उस से लग रहा है कि तेज गर्मी और झुलसाने वाली लू को दर किनार कर यहां मतदान प्रतिशत बढ़ेगा और हो सकता है कि ये पिछला रिकार्ड तोड़ कर राष्ट्रीय मतदान औसत के करीब पहुंच जाए। अपनी बढ़ती लोकप्रियता से खुद अखिलेश भी फूले नहीं समा रहे हैं। कल देर रात तक जनसम्पर्क और रोड शो में जुटे अखिलेश से इस संवाददाता की एक संक्षिप्त सी मुलाकात हुई तो बोले ÷लगता है यहां मैं नही स्वयम जनता चुनाव लड़ रही है और हो भी क्यो न बेरोजगार युवाओं में आक्रोश है। झूठे क्यानों से जनता अब ऊब चुकी है। कर्ज़ और महंगाई के बोझ तले दबे कराहते आम जनमानस को अखिलेश यादव नाम की दवा मिल गयी है। महिलाएं जहाँ घरों से बैठ अखिलेश की सराहना करती मिल रहीं तो तपती धूप की चिंता छोड़ पसीना-पसीना सपा कार्यकर्ता अपने पुराने गढ़ को जिंदा करने के लिए रात दिन एक कर रहा है। मतदाता को बहकाने की कोशिशें नाकाम हो रहीं है। जनता ऊब चुकी है। आज के युवा को बदलाव की हसरत है। भाजपा भी समझ गयी है कि पीडीए समाज जाग गया है और अपने आरक्षण व आरक्षण देने वाले संविधान को बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ वोट कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोई इन झूठे भाजपाईयों से पूछे कि जब देश और प्रदेश दोनों जगह सरकार आपकी है तो आरक्षण भी तो आप ही मारोगे। ताजे मामले में 69 हजार शिक्षक भर्ती में जिस प्रकार भाजपा सरकार द्वारा आरक्षण मारा गया, वह किसी से छिपा नहीं रहा। अखिलेश यादव ने दो चरण के चुनाव पूरे होने के बाद कहा कि अब 400 पार का नारा क्यों नहीं लगा रहा, अब भाषा और भाषण क्यों बदल गए। बोले झूठ को बुनियाद बताने वाले रेत को सीमेंट समझने की भूल कर बैठते हैं। इसी कारण जब वह झूठ पर अपनी इमारत बड़ी सी बड़ी करते जाते हैं तो एक दिन महाझूठ का दुर्ग खुद के भार से ढह जाता है। इसलिए हर युग में अन्त में जीतना सच को ही होता है। उन्होंने कहा असत्यमेव पराजयते।

## जिला पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा कर बनाई गई दुकान व शोरूम





## जिला पंचायत की भूमि पर कब्जा करने वाले कथित भूमाफियाओं पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

# अवैध रूप से काबिज सभी आरोपी पुलिस की जांच में दोषी!

- आरोपियों द्वारा न्यायालय को गुमराह करने के लिए लगाए गए फर्जी दस्तावेज!
- महीनों चली जांच में बदले कई जांच अधिकारी, लंबी जांच के बाद आरोप पत्र तैयार!

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

**लखनऊ।** बंथरा सिकंदरपुर में लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर स्थित जिला पंचायत की लगभग 14 विश्वा जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत के बाद जिला पंचायत हरकत में आया। जिला पंचायत अधिकारियों द्वारा जांच करने के बाद संबंधित मामले में शिकायत कर बंथरा थाने में लोक संपत्ति अधिनियम की धारा 2/3 व आईपीसी की धारा 447 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमे लंबी जांच के दौरान कई जांच अधिकारी भी बदले गए। आरोपियों के धनबल के आगे नतमस्तक स्थानीय पुलिस ने जन एक्सप्रेस में हो रहे लगातार खुलासों के बाद आखिरकार अपनी जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी है। विभागीय सूत्रों की माने तो पुलिस की जांच में सारे आरोपी दोषी पाए गए हैं। पुलिस अधिकारी इस जांच रिपोर्ट को जल्द ही न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। फिलहाल कथित भूमाफियाओं पर प्रशासन का शिकंजा कसता नजर आने लगा है। बताते चलें कि तत्कालीन क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार राम ने आरोपियों के धनबल के प्रभाव में आकर मामले में की गई शिकायत को वापस लेने की अर्जी भी दे डाली थी, जिसके आधार पर जांच अधिकारी द्वारा मामले में एफआर लगा दी गई थी। जिला पंचायत ने राजस्व निरीक्षक द्वारा पुलिस को दिए गए पत्र को नजर अंदाज करते हुए पुनः जांच करने की बात कही जिसके आधार पर पुलिस के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर दोबारा जांच संपादित की गई।

### ये हैं जिला पंचायत की भूमि में संचालित दुकान का और उनके संचालक

तिवारी सीमेंट स्टोर व तिवारी खाद भंडार शिवकुमार तिवारी, जितेंद्र महेंद्र क्लॉथ हाउस राकेश गुप्ता, शुभम गुप्ता दाल वाले, त्रिलोकी वस्त्रालय अनिल गुप्ता, आनंद गुप्ता, जानता मेडिकल स्टोर जयप्रकाश गुप्ता, न्यू राजा फैशन सुनील गुप्ता, श्रद्धा शॉपिंग स्टोर कांति जयसवाल, उसके बगल वाला सत्यनारायण जयसवाल। इसके अलावा तीन दुकानें जिला पंचायत द्वारा संचालित कराई जा रही हैं।


जयप्रकाश गुप्ता


राकेश गुप्ता


अनिल गुप्ता


शिवकुमार तिवारी


सत्यनारायण जायसवाल


सुनील गुप्ता


आनन्द गुप्ता


शुभम गुप्ता

### बड़ा सवाल!

- जिला पंचायत की भूमि पर कब्जा होने में किन अधिकारियों की संलिप्तता?
- उच्च स्तरीय जांच कर कब की जाएगी लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही?
- पुलिस जांच को गुमराह कर अपने पद का दुरुपयोग करने वाले राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार राम पर कब होगी कार्यवाही?

### पीपी एक्ट में निर्णय आने के बाद हो सकती है रिकवरी की कार्रवाई!

जिला पंचायत के स्थाई अधिवक्ता के रूप में न्यायालय में मामले की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज दुबे ने कहा कि अदालत को गुमराह करने और क्षेत्राधिकार से बाहर अपील करने साक्षी और तत्वों को छुपाने के कारण विपक्षियों का कृत्य अपराधिक है। इस मामले को भी मा. न्यायालय के संज्ञान में लाया जाएगा, जिससे विपक्षियों को 340 का नोटिस भेजा जा सके। विपक्ष द्वारा किया गया कृत्य निंदनीय होने के साथ ही बेहद अपराधिक कृत्य है। ऐसे मामलों में न्यूनतम दो वर्ष की सजा का भी प्रावधान किया गया है। इसके अलावा पीपी एक्ट में विपक्ष द्वारा मामले को लटकाए रखने का विभिन्न तरीके से प्रयास किया गया। जल्द ही इन लोगों पर और भी मामले दर्ज किए जा सकते हैं। फिलहाल पीपी एक्ट में हमारा पक्ष बहुत मजबूत है जल्द ही निर्णय आने की उम्मीद हैं। न्यायालय के आदेश के बाद राजस्व अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 40- 50 साल पुरानी दुकानें बताई गई हैं, इस आधार पर जिला पंचायत की जमीन पर व्यवसाय कर विपक्षियों द्वारा अब तक जो भी संपत्ति बनाई गई है उसका अनुभवी लोगों द्वारा आंकलन करवाकर रिकवरी के लिए कार्यवाही की जाने की तैयारी भी चल रही है।

### कथित भूमाफियाओं ने न्यायालय को गुमराह कर क्षेत्राधिकार के बाहर से हासिल किया स्थगनादेश

मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों द्वारा सिविल न्यायालय में स्थगनादेश हेतु आवेदन किया गया था लेकिन अदालत ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए आदेश पारित करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद आरोपियों द्वारा साजिश के तहत तथ्यों को छिपाकर और कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर बंथरा थाने का न्यायिक क्षेत्राधिकार सदर होने के बावजूद मलिहाबाद के क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय से स्थगनादेश प्राप्त कर अब तक विभिन्न अधिकारियों और न्यायालयों को गुमराह करते रहे। जानकारों का कहना है कि आरोपियों द्वारा कूट रचित दस्तावेजों और तथ्यों को छिपाकर जो स्थगनादेश प्राप्त किया गया है वह भी एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। संभावित है की इस मामले पर भी अवैध कब्जेदारों पर जल्द ही मुकदमा पंजीकृत कराया जा सकता है।

### पुलिस जांच को गुमराह करने वाले राजस्व निरीक्षक पर जिला पंचायत ने अब तक नहीं की कोई कार्यवाही

जिला पंचायत की भूमि पर कब्जे की शिकायत जिला पंचायत के जिस राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार राम के द्वारा की गई थी, उसी राजस्व निरीक्षक द्वारा बिना किसी आधिकारिक आदेश के केस वापस लेने के लिए भी प्रार्थना पत्र दे दिया गया। सूत्रों की मानें तो इस काम को करने के लिए राजस्व निरीक्षक को अच्छा खासा ऑफर भी मिला था। फिलहाल विभागीय अधिकारियों द्वारा अबतक राजस्व निरीक्षक पर न तो कोई जांच बैठाई गई और न ही कोई कार्यवाही की गई।

### मामला खुला तो फसेंगे जिला पंचायत और राजस्व विभाग के कई अधिकारी

जानकारों की मानें तो जिस जिला पंचायत की भूमि पर कब्जा करने की कवायद काफी समय पहले ही शुरू की जा चुकी थी, उस भूमि पर कब्जा करवाने के लिए कई नेताओं ने बयाना ले रखा था। लेकिन जैसे जैसे न्यायिक करवाही आगे बढ़ रही है वैसे वैसे उन सभी ठेकेदारों के धड़कन भी तेज होने लगी है जिन्होंने कब्जेदारों से इस काम के लिए रकम वसूली है। ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि मामले में राजस्व विभाग के भी कई अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध रही है, ऐसी स्थिति में गंभीरता से जांच की जाए तो दोषियों की संख्या में और इजाफा होना संभावित है।

अगले अंक में पढ़िए कथित प्रेस क्लब का संरक्षक शिवकुमार तिवारी कैसे बना भूमाफिया?

## तीसरे चरण के मतदान से पहले कर्नाटक में गरजे पीएम मोदी, हुबली हत्याकांड पर कांग्रेस को घेरा

# शहजादे ने राजा-महाराजाओं का अपमान किया: पीएम मोदी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक के बेलगावी पहुंचे। यहां उन्होंने चुनावी जनसभा में कहा- कांग्रेस को देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। उन्होंने पहले कोरोना वैक्सीन पर सवाल उठाए फिर ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा-महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है। उन्होंने कहा- तुष्टिकरण ही कांग्रेस का लक्ष्य और मिशन है। पीएफआई एक राष्ट्र विरोधी संगठन जिसे हमारी सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था, कांग्रेस अपने राजनीतिक फायदे के लिए एक माध्यम के रूप में इसका इस्तेमाल कर रही है। वायनाड (राहुल गांधी की संसदीय सीट) में सिर्फ एक सीट जीतने के लिए कांग्रेस ऐसे आतंकी संगठन का बचाव करने में जुटी है।

### दस साल में हमने इज ऑफ लिविंग के लिए काम किया

मोदी ने कहा- पिछले 10 वर्षों में भाजपा, हृष्ठ सरकार ने देश के नागरिकों की इज ऑफ लिविंग के लिए बहुत काम किया है। इसका बड़ा उदाहरण भारतीय न्याय संहिता है, कांग्रेस मानसिक रूप से अंग्रेजों की गुलामी में ही जी रही थी। अब भारत में न्याय संहिता में दंड को नहीं बल्कि न्याय देने को प्राथमिकता दी गई है।

### औरंगजेब ने हमारे मंदिरों को तोड़ा

मोदी बोले- कांग्रेस को औरंगजेब के अत्याचार याद नहीं आते, जिसने हमारे सैकड़ों मंदिरों को तोड़ा, अपवित्र किया। कांग्रेस औरंगजेब की गुणगान करने वाली पार्टियों के साथ खुशी से गठबंधन करती है। ये भूल गए, जिन्होंने हमारे तीर्थों को तहस-नहस किया, लूटपाट किया, गौ हत्याएं की।

### कांग्रेस की नजर स्त्री धन पर

हम देश की महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं। और दूसरी ओर, कांग्रेस आपकी संपत्ति, आपके सोने, स्त्री धन, मंगलसूत्र और न जाने क्या-क्या का एक्स-रे कराने की योजना बना रही है। कांग्रेस का लक्ष्य आपके घरों पर छापे मारना और आपके अधिकारों और संपत्तियों को छीनना है।

### कोराना वैक्सीन से लेकर ईवीएम तक हर चीज पर सवाल उठाए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कर्नाटक में 4 रैलियां करेंगे। सबसे पहले वे बेलगावी पहुंचे। यहां उन्होंने कहा- भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है लेकिन कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर उन्हें शर्म आने लगी है। उन्होंने ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की।

### हुबली कॉलेज में हत्या हुई, कांग्रेस ने यहां भी तुष्टिकरण किया

पीएम ने हुबली के एक कॉलेज में 18 अप्रैल को कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की हत्या की भी चर्चा की। नेहा को सरेआम फयाज ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा- हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार एक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टिकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है।

### कांग्रेस ने बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट को कह दिया सिलेंडर फटा होगा

प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु के कैफे में हुए बम धमाके का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- बेंगलुरु के कैफे में धमाका हुआ तो भी कांग्रेस की सरकार में गंभीरता नहीं आई, उन्होंने यहां तक कह दिया कि गैस का सिलेंडर फटा होगा। कांग्रेस देश की जनता के आंखों में धूल क्यों झोंक रही है?

### कांग्रेस के शहजादे राजा-महाराजाओं को अत्याचारी कहते हैं


कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, महाराजा अत्याचारी थे, वे गरीबों की जमीन छीन लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी चिनम्मा का अपमान किया है। कांग्रेस के शहजादे का बयान सोच-समझकर वोट बैंक की राजनीति करने के लिए, तुष्टीकरण के लिए दिया गया बयान है।

### आपकी संपत्ति को वोट बैंक में बांटने की बात करती है

कांग्रेस आपकी संपत्ति को अपने पसंदीदा वोट बैंक में बांटने की बात करती है। क्या आप अपनी मेहनत की कमाई किसी को दे देना चाहेंगे? क्या आप कांग्रेस को अपना मंगलसूत्र हड़पने देंगे? नहीं! क्या कोई पंजा आपकी संपत्ति लूट सकता है? नहीं। मैं कांग्रेस को सचेत करना चाहता हूं - ये मंसूबे छोड़ दीजिए!

# रक्षा मंत्री राजनाथ की दो टूक, भारत कभी नहीं झुकेगा
## एलएसी विवाद पर बोले, चीन के साथ बातचीत जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद



भारत सैन्य रूप से एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। यह कहना है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का। अहमदाबाद में उन्होंने एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चीन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से चल रही है। भारत कभी नहीं झुकेगा। मुझे लगता है कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2104 में हमने 600 करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा। मोदी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं फिर चाहे वह मिसाइल हो, बम हो, टैंक हो या फिर कोई अन्य हथियार वह सिर्फ भारत में और भारतीयों द्वारा ही बनाई जानी चाहिए।

### यह है चीन-भारत सीमा विवाद का कारण

मई 2020 में चीन की सैन्य घुसपैठ के चलते गलवान घाटी में विवाद बढ़ा, जो दशकों में भारत और चीन के बीच सबसे गंभीर सैन्य विवाद था। चीनी सेना के मुताबिक, दोनों पक्ष अब तक चार बिंदुओं गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन (गोगरा) पर पीछे हटने पर सहमत हुए हैं, जिससे सीमा पर तनाव कम करने में मदद मिलेगी। लेकिन देपसांग और डेमचोक में एक समान समझौते पर पहुंचने को लेकर बातचीत में गतिरोध आ गया, जहां भारतीय पक्ष ने दो लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला।

# संदेशखाली मुद्दे पर जेपी नड्डा ने ममता सरकार को घेरा, बंगाल में 35 से अधिक सीटें जीतने का दावा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बाद ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने संदेशखाली मुद्दे पर ममता सरकार (टीएमसी) को घेरा। इसी के साथ उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा 35 से भी अधिक सीटें जीतने वाली है। जेपी नड्डा ने कहा, ÷हमने देखा कि कैसे ममता बनर्जी की सरकार में टीएमसी के शाहजहां शेख जैसे लोग संदेशखाली में महिलाओं के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। महिलाओं की रक्षा के लिए संदेशखाली गए केंद्रीय जांच एजेंसियों पर हमला किया गया। संदेशखाली में जांच के दौरान सीबीआई ने तीन विदेशी रिवॉल्वर, पुलिस द्वारा इस्तेमाल की गई 1 रिवॉल्वर, 1 विदेशी पिस्तौल, कई गोलियां और कारतूस बरामद किए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)